

# शुभम संदेश

छठ महापर्व ॥ खरना आज ॥

एक राज्य - एक अखबार



रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● शनिवार, 18 नवंबर 2023 ● कार्तिक शुक्ल 05, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 211 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

www.lagatar.in


## सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- फिलीपीन में भूकंप के झटके, इमारतों की छतें गिरीं
- लंदन में सिख किशोर की चाकू मारकर हत्या
- मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का कार्यभार ग्रहण किया
- राष्ट्रों के बीच विश्वास की कमी से संघर्ष : शेख हसीना

**नेशनल**
- भारत-ऑस्ट्रेलिया '2 प्लस 2' मंत्रिस्तरीय वार्ता करेंगे
- अमित चक्रवर्ती की जमानत याचिका का किया विरोध
- यूपी में बैंक धोखाधड़ी मामले में 72 करोड़ की संपत्ति जब्त
- बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के पंचायत प्रधान की हत्या

**स्टेट**
- लातेहार में माओवादी जितेंद्र नगेशिया ने किया सरेंडर
- मूर्तियों की तोड़फोड़ की जांच के लिए एसआईटी गठित
- हजारीबाग के बड़कागांव से 22 चोर गिरफ्तार
- सीएम हेमंत सोरेन ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**स्पोर्ट्स**
- अहमदाबाद में फाइनल मैच देखने जाएंगे पीएम मोदी
- ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री फाइनल मैच देखने आएंगे
- आईसीसी पिच सलाहकार एटकिन्सन स्वदेश लौटे
- राष्ट्रीय हॉकी में मणिपुर, महाराष्ट्र, तमिलनाडु जीते

## किसने क्या कहा

- तेलंगाना में पंचायती राज में ओबीसी आरक्षण 23% से बढ़ाकर 42% करेंगे –राहुल
- राजस्थान को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बना दिया –अमित शाह
- भाजपा परिवार की पार्टी नहीं बननी चाहिए –बसनगौड़ा पाटिल यतनाल

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,700 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.2 | 17.8 |
| जमशेदपुर | 29.7 | 22.6 |
| डालटनगंज | 32.0 | 16.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## ब्रीफ खबरें

### कश्मीर में 6 आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम में सेना को बड़ी कामयाबी मिली है. सुरक्षा बलों ने अलग-अलग जगह पर छह आतंकियों को मार गिराया है. कुलगाम में सेना और जम्मू कश्मीर की पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकियों को मारा. हालांकि सेना के किसी जवान को किसी तरह की कोई हताहत की सूचना नहीं मिली है. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. वहीं, राजौरी जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के संयुक्त दल के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी.

– विस्तृत खबर पेज 15 पर

### झारखंड टीम ने टनल में फंसे श्रमिकों से बात की

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों की कुशलक्षेम जानने के लिए झारखंड सरकार की एक टीम शुक्रवार को सिलक्यारा पहुंची. आईएएस अधिकारी भुवनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंची तीन सदस्यीय टीम ने झारखंड के श्रमिक विश्वजीत और सुबोध से पाइप के जरिये बातचीत कर उनका हालचाल लिया. इस दौरान मीडिया से बातचीत में सिंह ने केंद्र व उत्तराखंड सरकार द्वारा बचाव व राहत के लिए चलाए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि प्रशासनिक स्तर पर हादसे के प्रबंधन और बचाव कार्य के लिए मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं.

---

**मध्य प्रदेश की सभी 230 विस सीटों के लिए डाले गए वोट | छत्तीसगढ़ में दूसरे व अंतिम चरण में 70 सीटों के लिए हुआ मतदान**

# हिंसा के बीच छग में 68% और एमपी में 71% वोटिंग

**लोकतंत्र का महापर्व**

**भाषा। भोपाल/रायपुर**

- छत्तीसगढ़ में बारूदी सुरंग विस्फोट में आईटीबीपी का जवान शहीद हुआ
- दोनों राज्यों में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहेगा

पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को मध्यप्रदेश की सभी 230 सीटों व छत्तीसगढ़ में दूसरे और अंतिम चरण के लिए 70 सीटों पर वोटिंग संपन्न हुई. हिंसा के बीच छत्तीसगढ़ में शाम पांच बजे तक 68% और मध्यप्रदेश में 71% वोटिंग हुई. छत्तीसगढ़ में मतदान दल की वापसी के दौरान नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया. इस घटना में आईटीबीपी के प्रधान आरक्षक जोगिंदर सिंह की मौत हो गयी.

एक चुनाव अधिकारी ने बताया कि एमपी के नक्सल प्रभावित बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों में मतदान अपराह्न तीन बजे समाप्त हो गया, जबकि राज्य के बाकी इलाकों में मतदान शाम छह बजे तक जारी रहा. राज्य के सभी 230 निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ. बालाघाट जिले की नक्सल प्रभावित बैहर सीट पर 80.38%, लांजी में 75.07% और परसवाड़ा में 81.56% मतदान हुआ. एमपी में चुनाव मैदान में कुल 2,533 उम्मीदवार हैं, जिनमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके पूर्ववर्ती तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जैसे राजनीतिक दिग्गज शामिल हैं.





### मतदान करने आई महिला की मौत, एक वोटर को हाथी ने कुचला

छत्तीसगढ़ में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. दूसरे चरण के मतदान के लिए 1,63,14,479 मतदाता थे. इस चरण में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, आठ मंत्रियों और चार सांसदों समेत 958 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया. मतदान के दौरान एक महिला की मृत्यु हो गयी व मतदान करने जा रहे एक व्यक्ति को हाथी ने कुचल दिया. वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि राजिम जिले की नक्सल प्रभावित बिंद्रानवागढ़ सीट के नौ मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ व दोपहर बाद तीन बजे समाप्त हो गया.

## नहाय-खाय के साथ महापर्व शुरू



नहाय-खाय के साथ चार दिनों तक चलने वाला लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार से शुरू हो गया. व्रतियों ने नेम-निष्ठा से पूजा की व कद्दू-भात खाया. शनिवार की शाम को खरना पूजा होगी. खीर-पूड़ी प्रसाद ग्रहण कर व्रती 36 घंटे के निर्जला उपवास पर रहेंगे. रविवार को अस्ताचलगामी व सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ का समापन हो जाएगा. छठ सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार होता है.

## छठ पर सरकारी कर्मियों के नवंबर का वेतन जारी

**रांची।** लोक आस्था के महापर्व छठ पर सरकार ने अपने कर्मचारियों को राहत पहुंचायी है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर नवंबर माह का वेतन शुक्रवार को देने का निर्देश दिया. इसके बाद आनन-फानन सुबह 11 बजे वित्त विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष, कोषागार व संबंधित विभाग को निर्देश जारी किया. निर्देश में कहा गया कि छठ पूजा के देखते हुए सरकार ने झारखंड सरकार, राज्यपाल सचिवालय, झारखंड उच्च न्यायालय और विधानसभा सचिवालय के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को नवंबर माह के वेतन का भुगतान 17 नवंबर को ही सुनिश्चित की जाए. वित्त विभाग के निर्देश और जारी पत्र के बाद शुक्रवार की शाम 4 बजे तक 70 प्रतिशत से अधिक अफसर व कर्मियों के वेतन का भुगतान कर दिया गया. शेष जो बचे हैं, उन्हें भी शनिवार दोपहर तक वेतन भेज दिया जाएगा. रांची कोषागार और जिले के अन्य कोषागार कल खुले रहेंगे, ताकि सभी का भुगतान हो जाए.

## गावां के कुंदन ने जीत लिये एक करोड़ रुपये

**गावां(गिरिडीह)।** किस्मत का खेल वाकई निराला है. यह गावां के युवा आशादीप ट्रैक्टर पार्ट्स के संचालक कुंदन कुमार मोदी पर सटीक बैठता है. कुंदन ने ड्रीम 11 में महज 49 रुपये लगाकर एक करोड़ रुपये जीत लिए. गुरुवार की देर रात को क्रिकेट वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए मुकाबले में दूसरा इनाम एक करोड़ रुपये कुंदन ने जीता. कुंदन ने बताया कि टैक्स काटकर खाते में 70 लाख रुपये मिले. अपनी जीत से खुश कुंदन ने बताया कि करीब पांच सालों से ड्रीम 11 में टीम बना रहे थे. अबतक करीब 3000 टीम लगा चुके हैं. गुरुवार को भी 5 टीम लगाए थे, जिसमें एक नंबर की टीम से एक करोड़ रुपये जीते. उन्होंने बताया कि यह एक जोखिम भरा खेल है. इसमें ज्यादातर मध्यम वर्गीय व गरीब परिवार के लोग ही पैसे लगाते हैं. लोगों को ऐसे जोखिम भरा खेल खेलने से बचना चाहिए. अपनी समझदारी से नहीं खेलने पर आर्थिक नुकसान की आशंका बनी रहती है.

## रामचंद्र सिंह चुने गए उत्कृष्ट विधायक

- 22 को होंगे सम्मानित

**प्रमुख संवाददाता। रांची**



- 2005 और 2019 में मनिका से विधायक बने
- विस के 6 उत्कृष्ट पदाधिकारी और कर्मचारी भी चयनित

मनिका से कांग्रेस के विधायक रामचंद्र सिंह इस बार के उत्कृष्ट विधायक चुने गए हैं. वे 2005 और 2019 में मनिका से विधायक बने हैं. विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के आवास में हुई विधायक उत्कृष्ट पुरस्कार चयन समिति की बैठक में उन्हें उत्कृष्ट विधायक चुना गया है. वहीं विधानसभा के 6 उत्कृष्ट पदाधिकारियों और कर्मचारियों का भी चयन हुआ है. इन सभी लोगों को विधानसभा के 23वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा. रामचंद्र सिंह को भगवान बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि विधानसभा के कर्मियों को स्वर्गीय कपिलेश्वर प्रसाद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. 22 नवंबर के कार्यक्रम में चंद्रयान मिशन-3 से जुड़े झारखंड के वैज्ञानिक, मैट्रिक और इंटर के टॉपर, शहीद जवानों के परिजन और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा. 23 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. शाम 6 बजे से प्रसिद्ध गायक जावेद अली, गजल गायक कुमार सत्यम व हास्य कलाकार रवींद्र जॉनी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे. चयन समिति की बैठक में स्पीकर रविंद्रनाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, आलमगीर आलम, स्टीफन मरांडी, कमलेश सिंह आदि मौजूद थे.

### इन कर्मचारियों को मिलेगा सम्मान

मिथिलेश कुमार मिश्र-संयुक्त सचिव, विष्णु पासवान- अवर सचिव, निलेश कुमार सिंह-प्रशाखा पदाधिकारी, नियाज अहमद-प्रशाखा पदाधिकारी, तापस कुमार यादव-वरीय सचिवालय सहायक, माईकल लकड़ा-अनुसेवक

### 23 होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

विधानसभा स्थापना दिवस पर इस बार दो दिन कार्यक्रम होंगे. पहले दिन 22 नवंबर को उत्कृष्ट विधायक और कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा. 23 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे.

**पीएम बोले**

## एआई 'डीपफेक' वाकई चिंताजनक मसला है

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल 'डीप फेक' बनाने के लिए किया जाना चिंताजनक है. साथ ही उन्होंने मीडिया से इसके दुरुपयोग और प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया. यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा के दिवाली मिलन कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने गरबा महोत्सव में गाते हुए अपना एक वीडियो देखा, जबकि उन्होंने स्कूल के दिनों से ऐसा नहीं किया है. हमारे जैसे विविधतापूर्ण समाज में 'डीप फेक' एक बड़ा संकट पैदा कर सकते हैं और यहां तक कि समाज में असंतोष की आग भी भड़का सकते हैं.

**नक्सली वारदात : चाईबासा में आईईडी ब्लास्ट**

## सीआरपीएफ जवान शहीद, दो घायल

- घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर राजधानी रांची भेजा गया

**संवाददाता। चाईबासा**

चाईबासा के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबेड़ा में शुक्रवार को फिर से आईईडी ब्लास्ट की घटना घटी. इसमें सीआरपीएफ के कॉन्स्टेबल संतोष उरांव शहीद हो गए. दो अन्य जवान भी घायल हैं. शहीद जवान बम निरोधक दस्ते में थे. वहीं बटालियन के सेकंड इन कमांड एजेतो तिने और कांस्टेबल जयंता नाथ गंभीर रूप से घायल हैं. दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है. घटना शुक्रवार को गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हुई. विस्फोट तब हुआ, जब जवान जंगल में अभियान पर निकले थे. ब्लास्ट में तीनों जवान घायल हो गए. तीनों को एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया व आर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया, मगर इलाज के दौरान जवान संतोष उरांव की मौत हो गयी.



**कैसे हुई घटना :** सीआरपीएफ 60 बटालियन के सेकंड इन कमान एजेतो तिने अपने साथ बम निरोधक स्क्वॉयड को लेकर गोईलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबेड़ा जंगल में आईईडी क्लीन करने के लिए निकले थे. सूचना मिली थी कि इस इलाके में नक्सलियों द्वारा बड़े पैमाने पर आईईडी जमीन के नीचे लगा कर रखा गया है. इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए आईईडी निकालने का काम चल ही रहा था कि अचानक एक आईईडी बम ब्लास्ट हो गया.

---

**बिहार : मिशन 2024** | यादव वोटरों को लुभाने में जुटा हुआ है पक्ष-विपक्ष

# यादव वोटरों को गोलबंद करने की जुगत

**राजनीतिक विश्लेषण**
**ज्ञानवर्द्धन मिश्र**
**पटना**

लोकसभा चुनाव की आहट बिहार के सियासी गलियारे में अब सुनायी देने लगी है. राजधानी पटना में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है. 'एम-वाई' समीकरण को तोड़ने के लिए नाना प्रकार के उपक्रम किए जा रहे हैं. 'एम' का लगाव कुछ हद तक जदयू के साथ है, लेकिन 'वाई' पूरी तरह राजद के साथ है. राजनीतिक दलों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से जातीय वोटरों को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद तेज हो गयी है. भाजपा की नजर पिछड़े-अति पिछडे वोटों पर है. खासकर यादव वोटों को साधने के लिए भाजपा एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है. बिहार में वर्ष 1990 से ''एम-वाई'' का राष्ट्रीय जनता दल के साथ गहरा जुड़ाव रहा है. यही कारण रहा कि राजद को अधिक सीट मिलती रहीं. 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में तो यादव वोटरों ने एक प्रकार से भाजपा को नकार ही दिया था. 2015 में कुल 61 यादव चुनाव जीते थे. इनमें 42 राजद के और 6 भाजपा के थे. 2020 के चुनाव में यादव विधायकों की संख्या 52 रही, जिसमें राजद के 35 तो भाजपा के 7 रहे. वर्ष 2000 में बिहार विधानसभा में यादव सदस्यों की संख्या 64 थी, जो 2005 में 54 और 2010 में 39 हो गयी. अभी तैयारी तो ''मिशन 2024'' की है, लेकिन अंदरखाने में चर्चा आसन्न विधानसभा चुनाव की चल रही है.



मंगलवार को गोवर्धन पूजा महोत्सव पर 21 हजार यदुवंशियों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराने का दावा करते हुए भाजपा की ओर से कहा गया कि लालू प्रसाद को सिर्फ अपने परिवार की चिंता है. उन्हें यदुवंशियों से कोई लेना-देना नहीं है. लालू प्रसाद ने राबड़ी देवी को सत्ता सौंपी, लेकिन किसी यदुवंशी के बेटे को मुख्यमंत्री नहीं बनाया.

### लालू उवाच : आजकल 'कंस' भी कर रहे हैं गोवर्द्धन पूजा

दूसरी तरफ ,वहीं, उसी समय पटना के इस्कॉन मंदिर में श्रीकृष्ण चेतना समिति द्वारा आयोजित समारोह में राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने भाजपा पर हमला किया और तंज कसते हुए कहा कि आजकल 'कंस' भी गोवर्द्धन पूजा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा यादवों को तोड़ने का काम कर रही है. हम कृष्ण के बताये रास्ते पर चलकर भारतवंशियों की रक्षा करेंगे. लालू ने गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय पर सीधा हमला बोलते हुए उन्हें पशु तस्कर बताया और कहा कि राय को हमने जब राजद में जगह नहीं दी, तो उसने भाजपा में शरण ली. लालू ने पाटलिपुत्र के सांसद रामकृपाल को बस स्टैंड और टेंपो का एजेंट बताया. राबड़ी देवी को सीएम बनाने के सवाल पर कहा कि अपनी पत्नी को सीएम नहीं बनाता, तो किसकी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाता.

– शेष पेज 10 पर

**समसामयिक** | आर्थिक क्रम में भी महापर्व छठ का सार्वदेशिक महत्व है

# आर्थिक संवृद्धि में सहायक हमारे त्योहार



**अयोध्यानाथ मिश्र**

भारतीय इकोनॉमी के परवान चढ़ने में भले ही उद्योग, व्यापार या तकनीक को सर्वाधिक महत्व दिया जाता हो, लेकिन इनमें बहुत बड़ा रोल हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और संस्कारगत त्योहारों का है. धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा जैसे त्योहार बीत गये. अब भारत के एक वृहत्तर क्षेत्र में सूर्योपासना का लोकपर्व सूर्य षष्ठी अर्थात छठ महापर्व बड़ी श्रद्धा एवं समर्पण की साधना से मनाया जा रहा है. अब छठ बिहार -झारखंड और उत्तर प्रदेश में हीं नहीं मनाया जाता, अपितु विश्व के कई देशों में शारदा सिन्हा के 'केरवा जे फरेला घवदि से, ओहि पर सुग्गा मंडराय' स्वर गूंजने लगे हैं. देश के विभिन्न हिस्सों से ट्रेनों -बसों में ठसाठस भरकर श्रद्धालु कामगारों की अपने आशियाने की ओर लौटने की जद्दोजहद से देश वाकिफ है.

छठ एवं दशहरा से सीरीज में पड़ने और मनाये जाने वाले ये पर्व अनादिकाल से सामाजिक-आर्थिक मामले में समृद्धि दायक हैं. दीपावली तो प्राचीन काल से भारतीय आर्थिक वर्ष (इकोनॉमिक कैलेंडर ईयर) का समापन दिवस रहा है. भारत के गणतंत्र का यह बजटीय प्रबंधन का समापन दिवस था. अगले दिन परिवा से नूतन आर्थिक वर्ष शुरू होता था. इस व्यवस्था का मूलाधार कृषि और वर्षापात था. दीपावली मनाने के पीछे आर्थिक स्थिति और वर्षाधारित कृषि और ग्रामीण विकास की प्रबल संभावनाएं भी थीं. आर्थिक क्रम में छठ का सार्वदेशिक महत्व है. यदि ऐसा कहा जाए कि देश का कोई भी वर्ग इस आर्थिक संवितरण में अछूता नहीं रहता, तो कोई अत्युक्ति नहीं.



भारत और विशेषकर हिंदू समाज के पर्व-त्योहार समग्र दर्शन चिंतन और आर्थिक संयोजन के विशिष्ट उपक्रम हैं. हाल की दिवाली में विशेषज्ञों के आकलन के अनुसार देश में 3.75 लाख करोड़ का खुदरा व्यापार हुआ है. इसमें किंचित ग्रामीण क्षेत्रों के सहज सरल घरेलू उत्पाद सम्मिलित नहीं होंगे. अकेले धनतेरस को केवल गहनों की फुटकर बिक्री 25 हजार करोड़ रुपए की आकलित है. समाचार के अनुसार अकेले दिल्ली में इस दरम्यान 175 करोड़ की तो शराब की बिक्री है, देशभर का आकलन दूर की बात. इन अवसरों पर बाजार बुद्धि में बेशुमार इजाफा हो रहा है. बाजार विश्लेषकों का कहना है कि प्रायः बिक्री में 50% से अधिक का अनुमान है. मिठाइयां, चॉकलेट, सूखे मेवे, गाडियां, दोपहिया, घरेलू उपकरण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक, आतिशबाजी के सामान, दीया बाती, तेल, रेडिमेड कपड़े आदि तो अपने बटुए के मुताबिक अधिकांश लेते हैं. देश के 20.54 करोड़ हिंदू परिवारों के साथ -साथ शेष 4 करोड़ से ऊपर परिवार भी इन महापर्वों में पीछे नहीं रहते. सूर्य षष्ठी छठ तो प्रकारान्तर से समग्रता का समष्टिगत आयोजन है. प्रति के अर्घ्य में सबका सहभाग दिखाई देता है.

–शेष पेज 10 पर

## कोल्हान विश्वविद्यालय : वेतन, पेंशन और कंटीन्जेंसी को छोड़कर नीतिगत फैसले नहीं हो पा रहे हैं

# वीसी, प्रोवीसी के अभाव ने रोकी विश्वविद्यालय की रफ्तार

आनंद मिश्रा । जमशेदपुर




कोल्हन विश्वविद्यालय में पिछले करीब छह महीने से कुलपति एवं प्रतिकूलपति का पद रिक्त है. विश्वविद्यालय प्रभारी कुलपति के भरोसे चल रहा है. इस वजह से विश्वविद्यालय में कई महत्वपूर्ण कार्य नहीं हो पा रहे हैं. वेतन, पेंशन और कंटीन्जेंसी को छोड़कर नीतिगत फैसले नहीं हो पा रहे हैं. परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालय की रफ्तार थम सी गई है. विश्वविद्यालय में यह स्थिति पिछले करीब सात महीने से बनी हुई है.

**क्या है कारण :** विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गंगाधर पांडा का कार्यकाल पिछले 28 जून को समाप्त हो गया. उससे करीब एक महीना पूर्व उनके नीतिगत निर्णय लेने एवं वित्तीय अधिकारों पर राजभवन की ओर से रोक लगा दी गई. नियमतः ऐसा होता है. उसके बाद कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार को विश्वविद्यालय के कुलपति का प्रभार सौंपा गया. उन्हें भी नीतिगत निर्णय लेने एवं वित्तीय अधिकार प्राप्त नहीं है. हालांकि अत्यंत आवश्यक होने की स्थिति में वह इस तरह के अधिकार का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें राजभवन से अनुमति लेनी होगी.

### खास बातें

- प्रभारी कुलपति के भरोसे चल रहा है विश्वविद्यालय
- कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार को विवि के कुलपति का प्रभार

### क्या है प्रभावित

विश्वविद्यालय में कुलपति अथवा प्रतिकुलपति कपड़ रिक्त होने के कारण कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं. इसमें सिंडिकेट, फाइनेंस कमेटी, एकेडमिक काउंसिल, एग्जामिनेशन बोर्ड, बिल्डिंग कमेटी आदि की बैठक है शामिल हैं. बता दें कि सिंडिकेट की बैठक में विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न एजेंडों को प्रस्तुत किया जाता है, जिस पर विचार-विमर्श के पश्चात आवश्यक निर्णय लिया जाता है. साथ ही विभिन्न प्रस्ताव को पारित कर अनुमति के लिए सरकार के पास भेजा जाता है. इसी तरह फाइनेंस कमेटी की बैठक में विश्वविद्यालय के वित्तीय, एकेडमिक काउंसिल की बैठक में सिलेबस आदि से संबंधित निर्णय लिए जाते हैं.

## आपकी बात

> सूर्यकुण्ड धाम में लगनेवाले 15 दिवसीय मेले में पर्यटकों को सर्वशुलभ व्यवस्था कराते हैं.



**नाम : आशिष कुमार पाण्डेय**
**पद : युवा समाजसेवी**
**जन्मस्थल : प्रखंड बरकट्ठा**
**कार्य क्षेत्र : हजारीबाग**

जारीबाग के द्वारा पिछले पांच वर्षों से समाजिक क्षेत्रों में खासकर ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम में पंद्रह दिवसीय मेला क्षेत्रों मे आने वाले बाहरी पर्यटकों को सर्वशुलभ व्यवस्था करते है. सूर्यकुण्ड परिसर में आने वाले वाहनों कि पार्किंग के व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं. बात करें सूर्यकुण्ड धाम परिसर एवं मंदिरों एवं स्नानागार कुंडों की साफ-सफाई की व्यवस्था में भी आगे रहते है. स्थानीय स्तर पर झारखंड नवनिर्माण युवा सेना जो पिछले दस वर्षों से साफ-सफाई व्यवस्था के क्षेत्र में निशुल्क कार्य कर रही है. उक्त संस्था के कार्यो से प्रभावित हो कर आशिष कुमार पाण्डेय भी अपना सहयोग व श्रमदान कर साफ-सफाई व्यवस्था में मदद करते आ रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सीबीएसई स्कूलों में होगा हेरिटेज क्लब

**जमशेदपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध सभी स्कूलों में छात्र- छात्राओं को पंडवानी, कारागट्टम समेत देश भर की विभिन्न कलाओं की शिक्षा दी जाएगी. इसके लिए सीबीएसई स्कूलों में कल्चरल और हेरिटेज क्लब का गठन होगा. साथ ही स्पीक मैके को भी जोड़ा जाएगा. विभिन्न राज्यों की 15 अलग-अगल कला के विशेषज्ञ बच्चों को इसके बारे में बताएंगे. इन कलाओं में मधुबनी पेंटिंग को भी शामिल किया गया है. दरअसल, बच्चों को भारतीय संस्कृति व विरासत की जानकारी देने के उद्देश्य से बोर्ड की ओर से यह पहल की गई है. सीबीएसई ने सभी स्कूलों को इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं. इस क्रम में बोर्ड ने सभी स्कूलों को क्लब के गठन के साथ ही रिपोर्ट अपलोड करने का भी निर्देश दिया है.

### गुमला में अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस 29-30 नवंबर को

**गुमला ।** कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला में 29-30 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है. इसके लिए अब तक लगभग 150 एब्स्ट्रेक्ट प्राप्त हुए हैं. अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का विषय, एथेनोबॉटनी एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी एवं मल्टी डिसिप्लनरी रिसर्च रखा गया है. कांफ्रेंस में देश के 15 राज्यों से लगभग 300 वैज्ञानिक व प्रतिभागी सम्मिलित होंगे. इसके अलावा कनाडा, चीन और श्रीलंका के वैज्ञानिक भी सम्मिलित होंगे. देश के प्रसिद्ध संस्थान जैसे सीएफटीआरआई मैसूर, एनबीआरआई लखनऊ, नीरी नागपुर के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तराखंड, दिल्ली, ओडिशा, झारखंड के वैज्ञानिक मौके पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे.

## जीएन कॉन्वेंट में मनाई गई बिरसा की जयंती

# छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

संवाददतस । गढ़वा

शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उप-प्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित एवं भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की. इस दौरान भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्वीज एवं चित्र-कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. चयनित छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर निदेशक केशरी ने धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती व राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के अमर वीर शहीदों एवं आंदोलनकारियों में अग्रणी थे. उनके संघर्ष एवं शहादत को चिरकाल तक याद किया जाता रहेगा.

उन्होंने अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे आदिवासियों के शोषण के खिलाफ जीवन का बलिदान कर दिया. उसी का परिणाम है कि वे आज भी एक निर्विवाद नेता के रूप में जाने जाते हैं. उन्होंने अपने कुशल संचालन एवं नेतृत्व के बल पर भूमिगत आंदोलन चलाकर अत्याचारी अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए. निबंध प्रतियोगिता में आर्या चौबे, नागेन्द्र कुमार, रोशन दुबे, भाषण प्रतियोगिता में आदित्य प्रकाश, आर्या पांडेय, भाष्कर तिवारी, क्वीज प्रतियोगिता में ग्रुप-3, ग्रुप- 4, ग्रुप- 2 ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया.

मौके पर शिक्षक उदय प्रकाश, संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, मुकेश कुमार भारती, बिरेन्द्र गुप्ता, सुनीता कुमारी, सुषमा तिवारी, सरिता दूबे, रिजवाना शाहीन, निलम कुमारी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे.



### बिरसा ने 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजों को पानी पिला दिया और भगवान की उपाधि प्राप्त की : रंजीत

**नगड़ी।** सबशीला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के बीच चिल्ड्रेन्स डे और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर एक महीने से चल रहे स्पोर्ट्स माह का समापन हुआ. कुल 16 खेल व प्रतियोगिता करां गए. जिसमें चेस, चमच गोटी रेस, बोरा रेस, एक पैर दौड़, दो पैर दौड़, तीन पैर दौड़, म्यूजिकल चेयर, बैलून फोड़, कैंडल बर्न, मैथ्स स्पीड टेस्ट, जीके टेस्ट, डांस प्रतियोगिता, संगीत और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें विजेताओं को मेडल, प्राइज, गिफ्ट और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया. खेल व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए. कार्यक्रम में आने के लिए विद्यार्थियों को सबशीला इंस्टीट्यूट की ओर से डिजिटल इनविटेशन कार्ड दिया गया था. कार्यक्रम की शुरुआत में सभी बच्चों को भारतीय संस्कृति के अनुसार, टिका लगाकर, आरती उतारकर, फूल और अक्षत छिड़कर स्वागत किया गया. फिर सभी बच्चों को बैच पहना कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंजिनियर रंजीत सर ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजों को पानी पिला दिया और भगवान की उपाधि प्राप्त कर ली.

# आईआईटी-आईएसएम ने किसानों को दिया प्रशिक्षण



संवाददाता । धनबाद

आईआईटी-आईएसएम के द्वारा 17 नवंबर को जामताड़ा जिले के सुदूरवर्ती गांव गोपालपुर में किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में संस्थान के विशेषज्ञों व वैज्ञानिकों के द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता और बनावट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पौधों की बीमारियों के विषय में जानकारी दी गयी. विशेषज्ञों ने फसलों की उपज बढ़ाने के लिए बीज की गुणवत्ता सुधारने और उर्वरकों के उपयोग के विषय में भी किसानों को जानकारी दी.

शिविर की जानकारी देते हुए आईआईटी की प्रो. रश्मि सिंह ने कहा कि बीते 15 महीने से आईआईटी आईएसएम की टीम इस विषय पर काम कर रही है. इसी कड़ी में 27 अक्टूबर को भी गांव में कैंप लगाया गया था. जिसमें सिंचाई सुविधाओं का जायजा लिया गया था. प्रशिक्षण के दौरान किसानों को ड्रिप इरिगेशन मेथड की जानकारी दी गई, जिसमें की कम पानी की आवश्यकता होती है. गांव के मुखिया सूरज हेंब्रम ने शिविर की तारीफ की. किसानों को मृदा विशेषज्ञ प्रो. बीके अग्रवाल, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र के प्रो. एमके बरनवाल के अलावा अन्य ने प्रशिक्षण दिया. कार्यक्रम में प्रो. नीलाद्रि दास, सुमित, आशा, कल्याणी, रोशन, आशा हेंब्रम, वीरेंद्र किस्कू, शाहनवाज, प्रीति सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## एसएनएसवी मंदिर के प्रणब पुरस्कृत

**घाटशिला।** संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर की कक्षा छठी के छात्र प्रणब कुंभकार ने दामोदर घाटी निगम द्वारा रांची में 16 नवंबर 2023 को आयोजित राज्य स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता में पुरस्कार जीता है. इसकी पहल भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा देश में स्कूली बच्चों को ऊर्जा संरक्षणके प्रति संवेदनशील बनाने के लिए की गई है.

राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के तहत राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं साथ ही विद्यालयों में प्रथम चरण की चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें प्रणब ने समूह -अ में अद्भुत कला द्वारा सभी को आश्चर्य चकित कर अपना नाम विजेताओं में दर्ज करा लिया. प्रणब को झारखंड सरकार के सचिव के. रवि कुमार द्वारा 2 मेडल एवं विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया गया. इस प्रतियोगिता के आयोजन में उप सह शैक्षिक प्रभारी नीलिमा सरकार, सह शैक्षिक प्रभारी साश्वती राय पटनायक एवं विद्युत वरण चंद्र का विशेष योगदान रहा.

# स्कॉलरशिप नहीं बस तारीख पर तारीख दे रहे हैं साहब

संवाददाता । रांची




झारखंड में छात्र पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप का पैसा लेने के लिए कल्याण आयुक्त कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं लेकिन आयुक्त कार्यालय सिर्फ आश्वासन ही दे रहा है. सत्र 2021-22 और 2022-23 के लगभग 1.25 लाख छात्र हैं. जिनको स्कॉलरशिप का पैसा नहीं मिला है. छात्र स्कॉलरशिप नहीं मिलने की शिकायत राज्यस्तर तक कर चुके हैं. इसके बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया. फिर छात्रों ने कल्याण कॉम्प्लेक्स का घेराव भी किया, फिर भी कुछ नहीं हुआ.

थक-हारकर छात्र कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को फोन पर ही अपनी समस्या बताने लगे. जब 17 अक्टूबर को कल्याण आयुक्त से छात्रों ने बात की तो उन्होंने कहा कि चिंता मत करो, हमलोग इस काम में लगे हुए हैं और जल्द ही ये काम हो जाएगा.

**छठ तक पैसे आने कि कही थी बात :** 30 अक्टूबर को छात्रों ने फिर फोन किया, तो कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि 15 तक आवंटन कर दिया जाएगा. हम इस प्रयास में लगे हैं कि छठ तक अपलोगों को पैसा दे दिया जाए. जब 4 नवंबर को छात्रों ने फोन किया तो उन्होंने कहा कि एक- दो दिन में पैसे आ जाएंगे, हमलोगों ने सभी जिलों से लाइनअप किया है. कहा कि हमलोग एक हेल्पलाइन भी शुरु करेंगे. फिर भी कुछ नहीं हुआ.

### खास बातें

- 1.25 लाख छात्रों को नहीं मिला स्कॉलरशिप का पैसा
- हर दिन मिलता है नया आश्वासन, नहीं मिलता पैसा

### ट्विटर अभियान चलाने के बाद भी नहीं निकला नतीजा

8 नवंबर को छात्रों ने फिर फोन किया तो कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि वित्त विभाग से पैसा आ गया है, अब फाइल मंत्री जी के यहां है, वहां से एप्रुवल होने के बाद मेरे यहां पैसे आएंगे, फिर हम निकालेंगे और जिला को भेजेंगे. बीते 13 नवंबर को लगभग 5000 छात्रों ने ट्विटर अभियान चलाया, जिसमें छात्रों ने छात्रवृति का पैसा जल्द देने की गुहार लगाई लेकिन छात्रों के हाथ निराशा ही लगी है.

## क्लासिफाइड













### झारखंड में 20 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षक बनेंगे प्रिंसिपल

**रांची।** स्कूलों में लंबे समय से शिक्षा दे रहे प्राथमिक शिक्षकों के लिए खुशी की खबर है. काफी समय से लंबित चल रहे प्रोन्नति के मामले पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने फैसला लिया है. अब जो प्रारंभिक शिक्षक अपनी सेवा के 20 साल पूरे कर चुके हैं, उन्हें सीधे प्रिंसिपल के पद पर प्रोन्नति दी जाएगी. इसके लिए सभी उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षकों को आदेश जारी किया गया है. जो प्रारंभिक शिक्षक जिनकी सेवा 20 वर्ष पूरी हो चुकी है. उन्हें सीधे प्रिंसिपल के पद पर प्रमोशन मिल जाएगी. अब प्रिंसिपल के पद पर प्रोन्नति के लिए स्नातक प्रशिक्षित पद पर पांच वर्षों की सेवा पूरी करने की बाध्यता नहीं होगी.

# रोटरी क्लब ने विद्यालय को उपलब्ध कराया कंप्यूटर



संवाददाता । जमशेदपुर

रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर की ओर से शिक्षा सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को बागबेड़ा स्थित राजकीय राजेन्द्र मध्य विद्यालय को एक कंप्यूटर प्रणाली भेंट की गई. इसमें एक डेस्कटॉप कंप्यूटर, ऑल इन वन प्रिंटर और कंप्यूटर टेबल शामिल हैं. इसके साथ ही इंटरनेट से कनेक्ट करने के लिए वाईफाई डोंगल भी दिया गया. विद्यालय प्रभारी प्रधानध्यापिका शीला कुमारी ने रोटरी क्लब को इस प्रणाली के लिए धन्यवाद दिया. इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष रोटेरियन प्रमोद दुबे, मानद सचिव रोटेरियन डॉ. वीएसपी सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन केटी गब्बा, रोटेरियन अरुणा तनेजा, रोटेरियन संतोष रंजन, रोटेरियन कौस्तुव कुमार, रोटेरियन शिवशंकर गाड़िया, विद्यालय के शिक्षक पशुपति मिश्रा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

# वायु प्रदूषण को लेकर किया जागरुक

संवाददाता । महुदा




बाल अधिकार सप्ताह के उपलक्ष्य में वायु प्रदूषण के रोकथाम को लेकर शुक्रवार को स्विचऑन फाउंडेशन के सहयोग से स्वाभिमान संस्था के बैनर तले जागरुकता रैली का आयोजन किया गया. जिसमें स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज महुदा के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया. जागरूकता रैली मछियारा से शुरू होकर महुदा बाजार, लालबंगला तक पहुंची. जागरुकता रैली के दौरान छात्र-छात्राएं स्वच्छ हवा तक पहुंच हमारा मौलिक अधिकार है, का नारा लगाते हुए चल रहे थे.

मौके पर मौजूद स्विचऑन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक विनय जाजू ने कहा कि झारखंड में वायु गुणवत्ता के बारे में बच्चों और युवाओं की धारणा पर एक फ्लैश सर्वेक्षण किया गया था. जिससे यह पता चला कि वायु प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है. वाहनों एवं उद्योगों के कारण वायु प्रदुषण बढ़ रहा है.

सरकार द्वारा अधिकांश युवाओं को पारंपरिक साइकिल और आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों सहित पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को प्राथमिकता देने पर जोर देना चाहिए. स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज, महुदा के प्रधानाचार्य सुनील कुमार ठाकुर ने कहा कि हमारे बच्चे हमारे अस्तित्व का भविष्य हैं. हमलोगों की जिम्मेदारी है कि हम वायु प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई करने की उनकी अपील को सुनें.

मौके पर स्वाभिमान संस्था के सचिव सुषमा देवी, अध्यक्ष भुवनेश्वरी देवी, लक्ष्मी देवी, करूणा कुमारी, माला देवी, अंजली कुमारी, दिपाली कुमारी, विद्यालय के शिक्षक प्रेम कुमार रवानी, भागीरथ सिंह सहित दर्जनों शिक्षकगण मौजूद थे.

## कल्याण गुरुकुल प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों को मिला नियुक्ति प्रमाण पत्र

# खूंटी के छात्रों को दुबई में मिली नौकरी

संवाददाता । खूंटी

उपायुक्त लोकेश मिश्र ने शुक्रवार को कल्याण गुरुकुल, खूंटी के अंतरराष्ट्रीय बैच के चयनित छात्रों के बीच रोजगार संबंधित नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया. झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की एसपीवी के तौर पर कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन की ओर से संचालित कल्याण गुरुकुल, खूंटी में स्टील बार बेंडर ट्रेड में अंतरराष्ट्रीय स्तर के दो माह के सफल प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को उपायुक्त ने नियुक्ति प्रमाण पत्र का वितरण किया.

उपायुक्त ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. प्रेझा फाउंडेशन द्वारा बताया गया कि सभी छात्रों की नियुक्ति दुबई स्थित रेडीफिक्स मीडिल ईस्ट एलएलसी में हुआ है. सभी प्रशिक्षु आज दुबई-अबूधाबी के लिए प्रस्थान करेंगे. प्रेझा फाउंडेशन द्वारा बताया गया कि पैन आइआइटी एलुमनी फाउंडेशन, झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की एसपीवी के रूप में 28 कल्याण गुरुकुल, आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज तथा एक आईटीआई कौशल कॉलेज का संचालन करती है. बताया गया कि झारखंड राज्य के युवक-युवतियों को कौशल विकास के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने एवं उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में मजबूती प्रदान करने में लगातार पहल की जा रही है.

बताया गया कि झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के परिवारों को रोजगार के दृष्टिकोण से कल्याण गुरुकुल परियोजना में अनेक संभावनाएं हैं.



चयनित छात्रों को नियुक्ति पत्र देते उपायुक्त.

# शिशु विकास नर्सरी स्कूल के बच्चों के लिए भेजा कंबल



संवाददाता । किरीबुरु

सारंडा के नक्सल प्रभावित कलैता गांव में संचालित निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम की शिशु विकास नर्सरी स्कूल के बच्चों को ठंड से बचाने हेतु कंबल वितरण किया गया.

इस स्कूल के संस्थापक सह प्रसिद्ध समाजसेवी संतोष पंडा ने बताया कि नई दिल्ली निवासी राजीव पाठक ने सारंडा के सुदूरवर्ती गांव में संचालित इस विद्यालय की जानकारी ली. उन्हें पता चला कि इसमें अत्यंत गरीब बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है. इसके बाद उन्होंने बच्चों के लिये दिल्ली से कंबल भिजवायें, ताकि बच्चों को न सिर्फ ठंड से बचाया जाये, बल्कि कंबल मिलने के बाद सारे बच्चे स्कूल में नियमित पढ़ने आते रहे. यह स्कूल खुले आसमान के नीचे संचालित होता है. इसमें पढ़ाने वाले शिक्षकों का वेतन व अन्य खर्च संतोष पंडा स्वंय वहन करते हैं.

सुंदरपहाड़ी प्रखंड की पहाड़पुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे

# 2047 तक विकसित देश बनने के पीएम के संकल्प में भागीदार बनें : चौबे

संवाददाता | गोड्डा

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला के सुंदरपहाड़ी प्रखंड की पहाड़पुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे शामिल हुए. कार्यक्रम का आयोजन केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने एवं इसका लाभ सुयोग्य लाभुकों को मिले इसके लिए किया गया था.

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं उपभोक्ता



मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 नवंबर 2023 को बिरसा मुण्डा की जयंती पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित

**खास बातें**

- केंद्र सरकार की योजनाओं की दी जानकारी
- बिरसा मुंडा आजादी के नायक थे : अश्विनी चौबे

भारत भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रांची के खूंटी से किया गया है.

बिरसा मुण्डा आजादी के नायक थे. देश की आजादी में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था. मंत्री चौबे ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बिरसा मुण्डा की स्वाधीनता को स्मरण कर आजादी के आन्दोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया गया है. उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए. जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ.

यह जानकारी उनके जुबानी से ही सुनी जाए. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा. पीएम मोदी जी भारत को विकासशील नहीं बल्कि भारत को विकसित देश बनाकर एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं. उन्होंने उपस्थित जन समूहों को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई गई.

इस दौरान मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, टेरा फिल्टर, आयुष्मान कार्ड, एलपीजी गैस कनेक्शन, निशुल्क खाद्य सामग्री, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एनआरएलएम समूह की महिलाओं चेक, मनरेगा जॉबकार्ड का वितरण व वृद्धापेंशन प्रमाण-पत्र का वितरण किया. मंत्री के द्वारा जानकारी दी गई कि जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की जयंती के दिन, जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा झारखंड के खूंटी जिले से ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' को हरी झंडी दिखाई गई है.

**आओ जानें**

## खूंटी से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | विधायक | पार्टी |
|---|---|---|
| 2000 | नीलकंठ सिंह मुंडा | भाजपा |
| 2005 | नीलकंठ सिंह मुंडा | भाजपा |
| 2009 | नीलकंठ सिंह मुंडा | भाजपा |
| 2014 | नीलकंठ सिंह मुंडा | भाजपा |
| 2019 | नीलकंठ सिंह मुंडा | भाजपा |



**ब्रीफ खबरें**

### भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की हुई समीक्षा

**कोडरमा।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक एनएसएफडीसी रजनीश कुमार जेनाव कोडरमा जिला में होने वाली विकास भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की.यह यात्रा देश भर में विकास और प्रगति को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है.उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से विकास भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है. समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि जिले में मोबाइल वैन के संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार किया जाए.

### पीड़ित परिवारों से मिले श्रम मंत्री भोक्ता

**हंटरगंज।** राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता शुक्रवार को प्रखंड के गोपालपुर, ढेवों सहित एक दर्जन गांवो का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने गोपालपुर बिरहोर टोला में बिरहोर परिवारों से मुलाकात की और ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया. इसके बाद मंत्री ने ढेवों गांव पहुंचें. जहां बीते दीपावली के दिन तीन युवकों की मौत होने पर दुःख जताया तथा उनके परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया. इस मौके पर राजद के अतिक मंसूरी, चंद्रिका यादव, नवलकिशोर यादव, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, प्रखंड विकास प्राधिकारी राम नारायण खालखो, पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय, थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी के अलावे राजद के कई लोग उपस्थित थें.

### बासू दा के निधन से अपूरणीय क्षति : कविता

**हजारीबाग।** डीवीसी श्रमिक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सीटू सीआईटीयू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड वासुदेव आचार्य का हैदराबाद में निधन होने के बाद स्थानीय डीवीसी श्रमिक यूनियन कार्यालय में शुक्रवार एक शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी. कामरेड वासुदेव आचार्य रेलवे और कृषि मंत्रालय की संसदीय स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने देश के रेलवे, रेलवे कर्मचारी, रेलवे यात्रियों की सुविधा और किसानों के हितों के लिए अनुकरणीय काम किए थे.ऑल इंडिया कॉल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कोयला उद्योग और कोयला मजदूरों के हितों के रक्षा के लिए सदा तत्पर रहते हुए कई काम किया.

### 26 को संविधान दिवस मनाएंगे : भीम आर्मी

**कोडरमा।** शाहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में भीम आर्मी कोडरमा की बैठक की गई.बैठक की अध्यक्षता भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विकाश कुमार एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र दास ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से 26 नवंबर को अम्बेडकर चौक झुमरी तिलैया में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान बचाओ सकल्प दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया. जिलाध्यक्ष विकाश कुमार ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार कर राष्ट्रपति को सौंपा था. भीम आर्मी चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव ने कहा कि 26 नवंबर को पूरे देश में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है बाबा साहेब एवं बहुजन महपुरूषों को याद कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरुरत है.

भारत सरकार के सांस्थिक मंत्रालय की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# झारखंड के सांसदों ने फंड का जमकर किया इस्तेमाल

संवाददाता | रांची

झारखंड राज्य के लोकसभा के 14 और राज्यसभा के छह सांसदों ने भारत सरकार से क्षेत्र विकास योजनाओं (लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम) के लिए मिले फंड का जमकर इस्तेमाल किया है. लोकसभा के सभी सांसदों को क्षेत्र विकास योजनाओं के लिए 140.70 करोड़ रुपये की राशि भारत सरकार से मिली, जिसमें अब तक 119.26 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं. कुल खर्च का प्रतिशत 94.65 फीसदी है. अब भी 21.44 करोड़ रुपये खर्च नहीं किए गए हैं. यह शेष राशि है.

खास बात यह है कि गोड्डा के सांसद निशिकांत दूबे ने अबतक मिले फंड से एक रुपये भी खर्च नहीं किये हैं. दूबे को भारत सरकार की ओर से 2.50 करोड़ रुपये निर्गत किए गए हैं. वहीं, राज्यसभा के छह सांसदों को क्षेत्र विकास की योजनाओं के लिए अब तक 72.22 करोड़ रुपये मिल चुके हैं, जिसमें 64.90 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं. 7.31 करोड़ खर्च किया जाना बाकी है. अब तक कुल खर्च का प्रतिशत 92.07 फीसदी रहा है.

**लोकसभा सांसदों को मिली राशि के खर्च का विवरण**

| नाम | कितना मिला फंड (करोड़ में) | कितनी राशि खर्च (करोड़ में) | नाम | कितना मिला फंड (करोड़ में) | कितनी राशि खर्च (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| सुनील सिंह | 15.051 | 11.57 | निशिकांत दूबे | 2.50 | 0000 |
| सीपी चौधरी | 7.10 | 6.24 | संजय सेठ | 14.59 | 14.12 |
| सुदर्शन भगत | 12.13 | 11.96 | गीता कोडा | 7.28 | 4.18 |
| विजय हांसदा | 12.13 | 11.72 | अर्जुन मुंडा | 9.63 | 9.54 |
| विद्युत वरण महतो | 9.68 | 7.04 | सुनील सोरेन | 8.73 | 8.16 |
| बीडी राम | 10.19 | 8.72 | जयंत सिन्हा | 9.73 | 8.29 |
| अन्नपूर्णा देवी | 9.67 | 7.72 | पीएन सिंह | 12.24 | 9.64 |

**खास बातें**

- 14 सांसद अब तक खर्च कर चुके हैं 119.26 करोड़
- राज्यसभा के छह सांसद ने खर्च किए 64.90 करोड़
- सांसद निशिकांत दूबे ने एक पैसा भी नहीं किया खर्च

**राज्यसभा सांसदों को कितनी मिली राशि, कितना खर्च**

| नाम | कितना मिला फंड (करोड़ में) | कितनी राशि खर्च (करोड़ में) |
|---|---|---|
| महुआ माजी | 2.51 | 2.33 |
| शिबू सोरेन | 2.05 | 1.91 |
| धीरज साहू | 10.28 | 9.39 |
| दीपक प्रकाश | 2.04 | 1.68 |
| आदित्य प्रसाद | 2.51 | 2.46 |
| समीर उरांव | 14.70 | 13.00 |

**लोकसभा के चार सांसद 100 फीसदी राशि कर चुके हैं खर्च**

लोकसभा के चार सांसद 100 फीसदी राशि खर्च कर चुके हैं. 100 फीसदी राशि खर्च करने वाले सांसदों में अर्जुन मुंडा, सुनील सोरेन, संजय सेठ और विजय हांसदा शामिल हैं. वहीं राशि खर्च करने के मामले में गीता कोड़ा सबसे पीछे हैं. उन्होंने अब तक 57.78 फीसदी ही राशि खर्च की है. इसके बाद विद्युत वरण महतो ने 72.74 और अन्नपूर्णा देवी ने 79.35 फीसदी राशि खर्च की है.

**राज्यसभा सांसदों ने अब तक 100 फीसदी राशि नहीं की है खर्च**

झारखंड से छह राज्यसभा सांसदों में से किसी ने भी अब तक 100 फीसदी राशि खर्च नहीं की है. महुआ माजी ने 91.47, शिबू सोरेन ने 57.74, धीरज साहू ने 98.44, दीपक प्रकाश ने 82, आदित्य प्रसाद ने 96.65 और समीर उरांव ने अब तक 89.69 फीसदी राशि खर्च की है.

# भीम आर्मी ने निकाला जुलूस

संवाददाता | गोमो

भीम आर्मी के संस्थापक सह आजाद समाज पार्टी (का) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद द्वारा चलाए जा रहे 'संविधान बचाओ-देश बचाओ' संकल्प यात्रा के तहत गोमो के में जुलूस निकाला गया. चैता ग्राम पंचायत से संकल्प यात्रा को लेकर भीम आर्मी के बैनर और झंडों के साथ बाइक जुलूस निकाला गया.

जुलूस गुनघुसा के आजाद नगर मुख्य सड़क मार्ग से होते हुए गोमो स्टेशन चौक पहुंचा. गोमो बाजार के भ्रमण के उपरांत तोपचांची प्रखंड के मानटाड़, ख्मारडीह , रोवाम आदि इलाकों का भ्रमण किया गया. संकल्प यात्रा के दौरान गोमो स्टेशन चौक पर नुक्कड़ सभा में भीम आर्मी के




वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अपनी नीतियों के तहत संविधान के साथ छेड़छाड़ कर कानून में बदलाव कर रही है. इसलिए संविधान बचाने के लिए लड़ाई का आगाज किया गया है. कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में भीम आर्मी के धनबाद जिला अध्यक्ष लोकेश रवि प्रदेश सचिव खिरोधर दास, जिला महासचिव सूरज कुमार, प्रवक्ता संजय दास, गौरी शंकर, सुशील कुमार, शंभु दास, बागमारा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, संतोष कुमार आदि के सदस्यगण शामिल थे.

### विधायक ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में छठ महापर्व को लेकर वर्णिपाल अवस्थित स्वर्णरेखा नदी तट पर छठ घाट की साफ-सफाई , पेयजल तथा आने जाने की मार्ग का विधायक समीर कुमार महंती ने निरीक्षण किया. वहीं इस महापर्व को लेकर विधायक ने अपने स्तर से लाइट, पेयजल तथा अस्थाई चेंजिंग रूम छठ व्रतियों को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया . इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, उप प्रमुख मनोरंजन होता, राजीव लेंका, अरुण बारिक, गुड्डु पांडे, पिंटू महतो, प्रदीप ठाकुर, रहित सिंह, सुजन मन्ना, छोटन पांडे ,राहुल सिंह, प्रदीप पांडे, रामस्वरूप सिंह, आकाश ठाकुर, सुजीत ठाकुर आदि उपस्थित थे.

## इस सरकार में मूलभूत सुविधाओं से वंचित है जनता : लक्ष्मण सिंह

संवाददाता | खोरी महुआ

धनवार प्रखंड क्षेत्र के डुमरडीहा पंचायत के बदडीहा ग्राम में शुक्रवार को पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह द्वारा ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया.

बता दें कि पिछले तीन माह से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बदडीहा ग्राम के लोग अंधेरे में जीने को विवश थे. जिसकी जानकारी स्थानीय मुखिया संतोष साव तथा स्थानीय ग्रामीणों ने धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में जाकर पूर्व आईजी सह भाजपा नेता को दी थी. अपनी समस्याओं से अवगत करते हुए बताया था कि पिछले तीन माह से अंधेरे में



जीने को विवश हैं. बच्चे बिजली के अभाव में पढ़ाई नहीं कर पाते हैं. दीपावली जैसे त्योहार में भी अंधेरे में रहना पड़ा था. उक्त समस्याओं को सुनते ही भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने त्वरित पहल करते हुए सम्बंधित विधुत विभाग के पदाधिकारी को अवगत कराते हुए अविलम्ब ट्रांसफार्मर को बदलने का निर्देश दिया.

## विस स्थापना दिवस को लेकर स्पीकर ने उच्च स्तरीय की बैठक



संवाददाता | रांची

झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस के मौके पर 22 और 23 नवंबर को विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित की जायेगी. इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की. बैठक में स्पीकर ने कहा कि 22 नवंबर को नक्सली मुठभेड़ में शहीद जवानों के परिजनों और खेल से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जाना है. उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारी के माध्यम से शहीदों के परिजनों और खिलाड़ियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचायें. स्थापना दिवस पर चंद्रयान मिशन 3 से जुड़े झारखंड के वैज्ञानिक और झारखंड के टॉपर छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जाना है. स्पीकर ने रांची प्रशासन के पदाधिकारी को इन सभी की यातायात, सुरक्षा और ठहरने का इंतजाम करने का निर्देश दिया है. बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे.

### छत्तीसगढ़ चुनाव को देखते हुए चलाया गश्ती अभियान

**गढ़वा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गढ़वा जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, पुलिस उपाध्यक्ष संतोष कुमार और रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने सीमावर्ती क्षेत्र कनहर नदी पर बने पुल पर गश्ती अभियान चलाया. यहां ऐसी सुरक्षा व्यवस्था की गई है कि कोई कोई परिंदा पर न मार सके. मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव समाप्ति तक सीमावर्ती क्षेत्र को पूरी तरह से सील रखना है, ताकि कोई भी अपराधी झारखंड सीमा में न आ सके और न जा सके. वहीं पुलिस उप कप्तान संतोष कुमार, रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा समेत कई पुलिस पदाधिकारी सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त करते दिखे. बता दें कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग चल रही है. इसे देखते हुए सुरक्षा बढ़ाई गई है.

# भाजपा नेता ने पूजन सामग्री का किया वितरण



संवाददाता | गढ़वा

भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्रियों का वितरण किया. बड़ी संख्या में छठ व्रतियों को पूजन सामग्री दी गई. इस मौके पर गिरिनाथ सिंह ने कहा कि छठ महापर्व सनातन धर्म का सबसे पवित्र और महान त्योहार है. इस महापर्व को करने से समस्त मानव का कल्याण हो जाता है. भगवान भास्कर की कृपा से हर असाध्य रोगों का नाश होता है. भगवान भास्कर की महिमा अपरंपार है. स्वच्छता के इस महापर्व को बिहार, झारखंड सहित देश के विभिन्न भागों में काफी उत्साह और श्रद्धा भावना के साथ मनाया जाता है. पिछले 4 वर्षों से अपने विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री छठ व्रतधारियों को पूजन सामग्री देते आ रहे हैं. गिरिनाथ सिंह ने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि जब तक मेरा जीवन रहे मैं भगवान भास्कर की आराधना इसी रूप में करता रहूं.

**मौके पर ये रहे मौजूद :** छठ पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम में भाजपा नेता सुलपानी सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनील माली, भाजपा नेता ललित राम, मीरा देवी, पूर्व बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर सोनी, यदुनंदन याद , पूर्व पंचायत अध्यक्ष दुखन साव सोनी, जेठू सिंह, बीडीसी योगेंद्र सिंह, कुमार सौरभ सिंह, सूर्य कुमार सिंह, छोटू कुमार,समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार, विश्वास प्रसाद, कपिल कोरवा, मनोज प्रसाद गुप्ता, विश्रामपुर पंचायत अध्यक्ष संजय पासवान, अजय कुमार विश्वकर्मा, मानिक चंद विश्वकर्मा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

### बारीडीह में भाजमो ने लौकी, अरवा चावल और दाल का किया वितरण

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के निर्देश पर भाजमो ने बारीडीह मंडल अध्यक्ष विजय नारायण के नेतृत्व में खरना के लिए लौकी, अरवा चावल और चना दाल का वितरण किया. कार्यक्रम का आयोजन सरयू राय के बारीडीह स्थित विधायक कार्यालय के पास किया गया. इस दौरान छठ व्रतियों के बीच सामग्री का वितरण किया गया. लौकी, अरवा चावल और दाल लेने के लिए



काफी संख्या में छठ व्रती महिलाएं पहुंचीं थीं. मौके पर भाजमो के जिला युवा अध्यक्ष अमित शर्मा, कार्यालय प्रभारी अशोक, मंडल महामंत्री गौतम धर, उपाध्यक्ष रूपेश राय, राकेश कुमार, दीपक कुमार, जिला उपाध्यक्षा पुतुल, गीता कुन्डू, जमुना दास आदि मौजूद थे. सभी खाद्य सामग्री वितरण में सहयोग किया.

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** प्रदेश भाजपा ने राज्य की जनता का जताया आभार

# मोदी के दौरे के बाद झामुमो-कांग्रेस हताश : साहू

संवाददाता | रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे को सफल बनाने के लिए प्रदेश भाजपा ने झारखंड की जनता के प्रति आभार जताया है. भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा विशेषकर आदिवासी समाज के प्रति आभार प्रकट करती है, जिन्होंने लाखों की संख्या में खूंटी पहुंचकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना.

कहा कि आजादी के 76 वर्षों के इतिहास में नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर



पहुंचकर उन्हें नमन किया. राज्य की जनता, प्रदेश का जनजाति समूह उनके इस सम्मान को कभी भूल नहीं पाएगा. आने वाली पीढ़ियां उसे युगों तक याद करेगी.

आदित्य साहू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर प्रधानमंत्री ने झारखंड में सौगातों की बारिश की है. पीएम के हाथों से इतना बड़ा उपहार पाकर झारखंड की जनता,आदिवासी समाज खुशियां मना रहा है, लेकिन राज्य की जनता को ठगने वाले और जल, जंगल, जमीन की लूट मचाने वाले कांग्रेस और झामुमो के नेता हताश और निराश हैं. उन्हें कार्यक्रम की सफलता पच नहीं रही, इसलिए उल्टी-सीधी और असंवैधानिक बातें कर रहे हैं.

इनसे राज्य की जनता अच्छे सोच की उम्मीद भी नहीं करती है. इन्हें अपने खिसकते जनाधार को लेकर चिंता सताने लगी है. रात की नींद और दिन में चैन खत्म हो गया है.

**क्या कहा**

- मोदी पहले प्रधानमंत्री जो उलिहातू आए : साहू
- देश का जनजाति समूह इस सम्मान को कभी नहीं भूलेगा

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

**चाकुलिया।** प्रखंड की भातकुंडा पंचायत अंतर्गत भालुकबिंधा गांव में शुक्रवार की शाम को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की केंद्रीय समिति द्वारा प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गयी. इसकी अध्यक्षता नरेन्द्र नाथ महतो ने की एवं संचालन शंखदीप महतो द्वारा किया गया. बैठक में प्रखंड की सभी पंचायतों के कार्यकर्ता उपस्थित थे. बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति के पदाधिकारी एवं अनुशासन समिति के सदस्य संजय महतो, संजु महतो, रोनित महतो, छोटु रजक, जिला परिषद सदस्य अजय महतो ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. इस बैठक में केंद्रीय समिति द्वारा चाकुलिया प्रखंड संयोजक मंडली का गठन किया गया. केंद्रीय समिति ने पंचायत स्तरीय समिति गठन करने का निर्देश दिया.

## बिहार सरकार के पूर्व आदिवासी कल्याण मंत्री गोवर्धन का निधन



संवाददाता | मझगांव

पश्चिम सिंहभूम अंतर्गत कुमारडुंगी प्रखंड के छोटा रायखमन निवासी, अविभाजित बिहार में राज्य सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्री गोवर्धन नायक का गुरुवार की रात लगभग 9 बजे निधन हो गया. गोवर्धन नायक लगभग 85 वर्षीय के थे.

वे लंबे समय से बीमार थे. गोवर्धन नायक बीते कई वर्षों से बीमार चल रहे थे. उनका इलाज उड़ीसा में चल रहा था. पूर्व मंत्री बीते कई दिनों से अपने घर में ही थे. वर्ष 2000 के बाद वे राजनीति से धीरे-धीरे दूर होते चले गए. उसके बाद वे अपने गांव में ही कृषि पर निर्भर हो गए. पश्चिम सिंहभूम जिले के मझगांव विधानसभा से विधायक रह चुके गोवर्धन नायक की जीवनशैली उस वक्त भी सरल थी जब मंत्री थे. 1995 के दौर में इलाके में इतने लोकप्रिय थे कि एक आवाज पर स्थानीय जनता और नेता उमड़ पड़ते थे. राजनीति को 20 वर्ष पूर्व अलविदा कह चुके थे.

## ब्रीफ खबरें

### कोलेबिरा डैम के छठ घाटों की हुई सफाई

**सिमडेगा।** कोलेबिरा के डैम स्थित छठ घाटों की साफ सफाई प्रखंड प्रशासन और छठ पूजा समितियों की ओर से की गई. सूर्योपासना 17 से 20 नवंबर तक किया जायेगा. छठ के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदी, तालाब और डैम में पहुंचते हैं. इसे ध्यान में रखते हुए कोलेबिरा स्थित डैम के छठ घाटों को प्रखंड प्रशासन, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने साफ सफाई की. बानो रोड मुख्य पथ पर लाइट की व्यवस्था करने और डैम पर बेरेकेटिंग करने का निर्देश दिया गया. ताकि अर्घ्य देने के समय किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो. गोताखोरों को तैनात किया जायेगा.

### छठ व्रती प्लास्टिक टब की कर रहे खरीदारी

**धनबाद।** बीते कुछ वर्षों में छठ घाटों पर जगह की किचकिच से बचने के लिए वर्ती अपने घरों पर ही अर्घ्य देने की व्यवस्था कर रहे हैं. इस बार भी घर पर रेडिमेड टब की व्यवस्था की जा रही है. बाजार में कई आकार के प्लास्टिक टब मिल रहे हैं. व्यवसायी सुमित गिरी ने बताया कि बाजार में चार, पांच, छह और आठ फीट के टब उपलब्ध हैं. 500 से 5000 लीटर तक पानी की क्षमता वाले टब बाजार में उपलब्ध हैं. छठ वर्ती जो घर पर ही बेहतर विकल्प चाहते हैं, उनके लिए यह अच्छा साधन है. प्लास्टिक टब में यह खासियत है कि उपयोग कर उसे समेट कर सुरक्षित रखा जा सकता है.

### खटाल और बूथों पर दूध की एडवांस बुकिंग

**धनबाद ।** चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना है. व्रती दिन भर उपवास रहकर शाम में छठी मईया को खीर का भोग अर्पित कर प्रसाद ग्रहण करेंगी. परिवार, संबंधियों व आसपड़ोस में में प्रसाद का वितरण होगा. खीर बनाने के लिए दूध की जरूरत होगी. इस विशेष मौके पर धनबाद में 3 लाख लीटर दूध की खपत होने का अनुमान है. पर्व के लिए विभिन्न कंपनियों ने 1.25 लाख लीटर से अधिक दूध का इंतजाम किया है. लोगों ने खटालों व दूध बूथों पर एडवांस बुकिंग करा ली है. सामान्य दिनों की तुलना में सुधा ब्रांड के दूध की दोगुना से अधिक बुकिंग हुई.

### भेड़ बकरी की तरह यात्रा करने को विवश हैं लोग

**धनबाद ।** रेलवे मतलब सिर्फ कमाई और कुछ नहीं, लोक आस्था का महापर्व छठ में रेलवे की व्यवस्था यहीं बयां कर रही है. धनबाद से यूपी, बिहार जाने वाली लोगों भेड़ बकरी की तरह दीपावली के बाद से सफर कर रहे है. लेकिन यात्रियों को सीट उपलब्ध कराने में अधिकारी फेल साबित हो रहे है. प्लेटफार्म पर सबकुछ देखकर भी रेलवे के अधिकारी माइक से सिर्फ चेतवानी दे रहे है की ट्रेन के अंदर ज्वलनशील पदार्थ जैसे गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल और केरोसिन और पटाखों सहित किसी भी विस्फोटक पदार्थ को साथ लेकर सफर ना करे.

### छठ को लेकर मैथन में शांति समिति की बैठक

**मैथन।** मैथन ओपी में छठ महापर्व को लेकर शुक्रवार की शाम शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में एग्यारकुंड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, सीओ कृष्णा मरांडी, इंस्पेक्टर नयनसुख दादेल, मैथन ओपी प्रभारी विकास यादव के साथ छठ पूजा कमेटी के सदस्यों सहित शांति समिति के सक्रिय सदस्य उपस्थित थे. बीडीओ ने छठ पूजा कमेटियों व व्रतियों से सौहार्द व शांतिपूर्ण तरीके से महापर्व मनाने की अपील की. कहा कि मैथन डैम छठ घाट पर भीड़ जुटती है. इसलिए छोटे-बड़े वाहनों को छठ घाटों तक न ले जाकर पार्किंग में खड़ा करें.

### बीडीओ ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**बाघमारा।** बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आंनद, प्रशिक्षु प्रखंड पदाधिकारी मुरारी कर्मकार व बरोरा थाना प्रभारी नंदु पाल ने शुक्रवार को बरोरा क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरक्षण किया. बरोरा क्षेत्र के माथाबांध, चिटाही, बरोरा, मुराईडीह व आसपास के छठ घाटों का अधिकारियों ने जायजा लिया. घाटों की साफ-सफाई, रोशनी आदि के बारे में स्थानीय प्रतिनिधियों व पूजा समितियों के सदस्यों से जानकारी ली. साथ ही गहरे पानी वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया.

### ढुल्लू महतो के निमंत्रण पर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम होना तय हुआ है

# बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर है उहापोह की स्थिति

संवाददाता । धनबाद

बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो के निमंत्रण पर चिटाही में बाबा बागेश्वर के नाम से मशहूर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम होना तय हुआ है. कार्यक्रम को लेकर उहापोह की स्थिति बन गई है. एक तरफ 10 लाख लोगों के बैठने के लिए पंडाल का निर्माण हो रहा है, तो वहीं जिला प्रशासन से अनुमति की उम्मीद पर काले बादल छाए हुए हैं.

इस बारे में गुरुवार को ढुल्लू महतो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रशासन से अनुमति देने की अपील भी किया है. इसके बावजूद अब तक अनुमति मिलने की कोई सूरत नहीं दिख रही है. बाघमारा के चिटाही में बाबा का दरबार सजना है, जहां 6 द्वार बना कर दस लाख लोगों के बैठने के लिए पंडाल का निर्माण किया जा रहा है. पुलिस सूत्रों के अनुसार स्थानीय पुलिस ने इतनी बड़ी भीड़ को संभालने में अपनी असमर्थता जता दिया है. बता दें कि इससे पहले गिरिडीह के समाजसेवी विनोद सिन्हा ने भी बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम की तैयारी किया था. उन्हें भी प्रशासन की अनुमति नहीं मिलने पर कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा था.जिला प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने पर ढुल्लू महतो अनुमति के लिए रांची रवाना होने पर विचार कर रहे हैं. बाबा के कार्यक्रम को लेकर भक्तों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है. धनबाद के अलावा काफी बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद है.



**कार्यक्रम तय**

- 10 लाख लोगों के लिए पंडाल का निर्माण हो रहा है
- बाघमारा के चिटाही में बाबा बागेवर का दरबार सजना है
- गिरिडीह के विनोद ने भी कार्यक्रम की तैयारी की थी

### ढुल्लू ने एसएसपी के खिलाफ खोला है मोर्चा

पिछले एक महीने से ढुल्लू महतो ने धनबाद एसएसपी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है. उनके द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर एसएसपी के खिलाफ धरना भी दिया गया था. जिसमे धनबाद सांसद ने भी उनके धरने का समर्थन किया था. अब जबकि बाबा के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अड़चन आ रही है तो राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा हो रही है कि साहब का विरोध ढुल्लू को पड़ेगा मंहगा. वहीं दूसरी तरफ गलियारों में यह भी चर्चा आम है कि चिटाही में 10 लाख लोगों के जुटने की व्यवस्था कर पाना सम्भव नहीं है. कार्यक्रम स्थल तक जाने का रास्ता काफी संकरा है और पार्किंग को लेकर भी काफी परेशानी होगी. लोग कह रहे हैं कि यदि इस कार्यक्रम का कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है तो किसी बड़े ग्राउंड में इसका आयोजन किया जाना चाहिए था.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- आईसी का फुल फॉर्म क्या होता है – **इंटीग्रेटेड सर्किट**
- झारखंड बनते समय राज्य में कितने जिले थे – **18**
- ऑप्टिकल फाइबर का आविष्कार किसने किया था – **नरिंदर कपानी**
- भारत किस देश से इग्ला– एस एंटीक्राफ्ट मिसाइल खरीद रहा है – **रूस**
- कंप्यूटर का हिंदी नाम क्या है – **संगणक**
- दाग प्रणाली किस शासक ने शुरू किया था – **अलाउद्दीन खिलजी**
- पवन की गति को नापने वाले उपकरण का नाम – **एनीमोमीटर**
- झारखंड में सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला – **रांची**
- लाहाबाद का किला किसने बनवाया था – **अकबर**
- हाल ही में एपेक शिखर सम्मेलन कहां हुआ – **अमेरिका**

### डीजी ने खनन की नई तकनीक विकसित करने पर दिया जोर

# लिथियम व ग्रेफाइट हैं भविष्य के ऊर्जा स्रोत : जनार्दन प्रसाद

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के बरवा रोड स्थित सीएसआईआर-सिंफर परिसर में शुक्रवार को संस्थान का 77वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया. मुख्य अतिथि जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया के डायरेक्टर जनरल (डीजी) जनार्दन प्रसाद व विशिष्ट अतिथि बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता ने समारोह का शुभारंभ किया. मुख्य अतिथि जनार्दन प्रसाद ने कहा कि अब फ्यूल का मतलब बदल रहा है. ऐसे में सिंफर को ऊर्जा की जरूरतों की पूर्ति के लिए शोध के नए क्षेत्र में काम करना होगा. सतत विकास के लिए क्रिटिकल मिनिरल्स के निष्कर्षण को लेकर शोध की जरूरत है. कहा कि केंद्र सरकार वर्ष 2047 तक ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देकर शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में पहल कर रही है. ऐसे में लिथियम, कोबाल्ट, निकेल, ग्रेफाइट भविष्य के ऊर्जा स्रोत के रूप में देखा जा रहा है.

कहा कि यह सुयोग है कि देश में लिथियम, कोबाल्ट और ग्रेफाइट का बड़ा भंडार हैं. इन ऊर्जा स्रोतों को कम कीमत पर उत्खनन व निष्कर्षण के लिए नई तकनीक विकसित करनी होगी. इनमें सिंफर जैसे संस्थान की बड़ी भूमिका होगी. जीएसआई के डीजी सीएसआईआर सिंफर के 77वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को संस्थान में आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे. उन्होंने सिंफर को इसके लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट का प्रोजेक्ट तैयार करने की सलाह दी. कहा कि 2050 तक फॉसिल फ्यूल्स पर हमारी निर्भरता कम हो जाएगी. ऐसे में ग्रीन एनर्जी विकसित करने में आरएंडडी वर्क्स की बड़ी भूमिका होगी. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बैटरी की मांग बढ़ेगी. इसके लिए लिथियम पर निर्भरता बढ़ेगी. सिंफर जैसे संस्थान को रिसर्च के माध्यम से मिनरल्स से लिथियम को अलग करने का सस्ता तरीका निकालने की जरूरत है.

कहा कि एक महीने के भीतर हम सिंफर से एमओयू कर रिसर्च के लिए मिनरल उपलब्ध कराएंगे. ताकि आर एंड डी वर्क्स को बढ़ावा मिले. डीजी जनार्दन प्रसाद ने बताया कि जम्मू में लिथियम का बड़ा भंडार मिला है. बिहार के माइका बेल्ट में भी लिथियम का बड़ा भंडार मिलने की संभावना है. जीएसआई इस पर काम कर रही है. महाराष्ट्र और बिहार के भागलपुर में कोयले का बड़ा भंडार मिला है. उन्होंने बताया कि जीएसआई गहरे समुद्र में माइनिंग पर भी काम कर रही है. अंडमान के समुद्र में जीएसआई को कोबाल्ट का बड़ा भंडार मिला है. इसके उत्खनन की प्रकिया जल्द शुरू होगी. इसके साथ ही 25 जियोलॉजिकल रिपोर्ट तैयार हो चुकी है. जल्द ही ऑक्शन के बाद वहां उत्खनन शुरू होगा. सिंफर के निदेशक प्रो एके मिश्रा ने संस्थान के लक्ष्यों के बारे में विस्तार से बताया. प्रोजेक्टर के माध्यम से सिंफर की उपलब्धियों को दिखाया गया.




### विदेशों से 50 मिलियन टन कोयला आयात कर रहा भारत

बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि वर्तमान में देश में 50 मिलियन टन कोयला विदेशों से आयात होता है. रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश कर ही हम ऊर्जा की जरूरतों के लिए विदेश पर निर्भरता कम कर सकते हैं. कोयला का उत्पादन बढ़ाने, वाशरी में कोयले को साफ करने में पानी का उपयोग घटाने, खदानों में पिलर के पास बड़ी मात्रा में मौजूद कोयला के उत्खनन जैसे बिंदुओं पर सिंफर को रिसर्च करना चाहिए. खदानों में आग पर सिंफर की सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट मिल गई है. बीसीसीएल ने उसे लागू कर दिया है. भारत को सुपर पावर बनाने के लिए कॉरपोरेट घरानों को भी आर एंड डी के लिए निवेश करनी चाहिए. वहीं कार्यक्रम में सिंफर के निदेशक प्रो एके मिश्रा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार बनर्जी, डॉ जयकृष्णा पांडे, सिंफर के पूर्व निदेशक टीएन सिंह, आईआईटी आईएसएम के उपनिदेशक प्रो धीरज कुमार, सिद्धार्थ सिंह सहित बीसीसीएल, सेल व आईआईटी के प्रतिनिधि मौजूद थे.

**बोले डीजी**

- सिंफर के स्थापना दिवस पर बोले जीएसआई डीजी
- सीएसआईआर सिंफर का 77वां स्थापना दिवस था

# डीएसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

संवाददाता। मुसाबनी

लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुसाबनी डीएसपी चंद्र शेखर आजाद, जादूगोड़ा थाना प्रभारी संजीव कुमार झा के साथ शुक्रवार को राखा छठ घाट पहुंचे. जहां उपस्थित कमेटी व ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया. इसके साथ ही डीएसपी चंद्र शेखर आजाद समेत सभी अधिकारियों को राखा छठ घाट की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

उन्होंने घाटों की सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों पर किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली. साथ ही छठ घाटों को सुरक्षित करने और सभी प्रकार की सुविधाएं बहाल करने का निर्देश दिया. छठ घाटों की समय पर साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था, सभी छठ घाटों पर डेंजर जोन चिह्नित करने और बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया.

छठ घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, सुगम परिवहन और घाटों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने को कहा. इसके बाद डीएसपी चंद्रशेखर आजाद यूसिल जादूगोड़ा आवासीय कॉलोनी स्थित शिव मंदिर छठ घाट, इट्टा भट्टा छठ घाट, इचरा छठ घाट, नरवा छठ घाट समेत अन्य घाटो का भी निरीक्षण किया. उन्होंने इस दौरान बताया कि कि छठ पर्व पर घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जायेंगे. जिससे किसी भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े.



### समस्या का समाधान करे प्रबंधनः मोर्चा

**झरिया।** अलकडीहा नॉर्थ, साउथ जीनागोरा विभागीय परियोजना को एमडीओ मोड में देने के विरोध मे संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कर्मियों ने शुक्रवार को नॉर्थ तीसरा 6 नंबर हाजिरी घर के समीप विरोध प्रदर्शन किया. साउथ तीसरा के वर्कशॉप गेट जाम आंदोलन की समस्या को हल करने की माग की.विरोध प्रदर्शन के दौरान मोर्चा के नेताओं ने कहा कि आज कई दिनों से ग्रामीणों के जमीन संबंधी आंदोलन के कारण साउथ तीसरा वर्कशॉप का गेट जाम कर दिया गया है. जिस कारण वहां से कोई भी सामान परियोजना में नहीं आ रहा है. जिससे काफी परेशानी हो रही है. हमलोगों की मांग है कि उन लोगों से वार्ता कर समस्या का समाधान प्रबंधन करें. और जो जाम है उसका गेट खुलवाएं ताकि काम सुचारू रूप से चलाया जा सके. दूसरी और जो डिपार्टमेंटल परियोजना चालू है उसको भी बंद करने की साजिश की जा रही है.

# जागरुकता रथ रवाना किया लातेहार डीसी ने



संवाददाता। लातेहार

आपकी योजना–आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम जिले में आगामी 24 नवंबर से शुरू होगा. कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त हिमांशु मोहन ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उपायुक्त ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले के सभी 10 प्रखंडों के सभी पंचायत एवं नगर पंचायत और लातेहार के सभी वार्डों में दिनांक 24 नवंबर से 23 दिसंबर आयोजित किया जायेगा.

शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने हेतु और लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाये जायेंगे.

# प्रखंड प्रमुख ने की पूजा समितियों के साथ बैठक

संवाददाता। गोविंदपुर

प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख निर्मला सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न छठ पूजा समितियों, संबंधित घाटों के मुखिया एवं पंचायत सचिवों की बैठक शुक्रवार को हुई. इसमें बीडीओ जहीर आलम ने सभी मुखिया एवं पंचायत सचिवों से 15वें वित्त के स्वच्छता मद से छठ घाटों में ब्लीचिंग पाउडर एवं चूना खरीदने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि घाटों की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्था में मुखिया एवं पंचायत सचिव योगदान दें और 15वें वित्त की राशि खर्च करें.

ऐसा निर्देश उपायुक्त ने दिया है. डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने सभी छठ पूजा समितियों को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया. उन्होंने समितियां से हर घाट में बांस की बैरिकेडिंग करने की अपील की, ताकि कोई श्रद्धालु गहरे पानी में जाने से बच सकें. उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले सभी घाटों में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात रहेंगे और श्रद्धालुओं को पूरी सहायता प्रशासन देगा. सीओ रामजी वर्मा ने कहा की गहरे घाटों में सावधानी बरतनी होगी.

**बैठक संपन्न**

- छठ घाटों पर ब्लीचिंग पाउडर छिड़कने का निर्देश दिया
- घाट पर बांस की बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया

### बीसीसीएल कर्मियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**झरिया ।** केओसीपी परियोजना में कार्यरत बीसीसीएल कर्मियों ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया. बीसीसीएल कर्मियों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 12 नंबर हाजिरी घर के समीप सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. मोर्चा के नेताओं ने कहा कि केओसीपी परियोजना के 14 नंबर के पास रात्रि पाली में बुधवार को पानी टैंकर चालक व एक माइनिंग सरदार के साथ असामाजिक तत्वों ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया. घटना के 24 घंटे के बाद भी एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है. परियोजना से खुलेआम कोयला व लोहा की चोरी हो रही है. तीसरा पुलिस इस पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है. वहीं बीसीसीएल प्रबंधन श्रमिकों के सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है.

# विक्रय केंद्र खोलना है प्राथमिकता : भुवन

संवाददाता। बोकारो

बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर विभाग ने सेक्टर 2 डी स्थित हस्तशिल्प प्रशिक्षण केंद्र में संवाद कार्यक्रम चौपाल का आयोजन किया. इसमे मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय के सहायक निदेशक भुवन भास्कर तथा महिला समिति, बोकारो की अध्यक्ष अनिता तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

इस दौरान बोकारो हस्तशिल्प केंद्र, सेक्टर 2 में परिधीय गांवों की 170 महिलाओं के लिए कारीगर आईडी कार्ड बनाए गए. चौपाल कार्यक्रम में नरकारा, बालीडीह, महेशपुर, पचोरा और कंचनपुर परिधीय गांवों के कारीगर शामिल थे. चौधरी रत्नेश कुमार सुधांशु, (महा प्रबंधक) सीएसआर ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा कहा कि कारीगरों को उनके उत्पादों के लिए बाजार लिंकेज प्रदान करना, हस्तशिल्प कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क स्टॉल प्रदान करना, विक्रय केंद्र खोलना हमारी प्राथमिकता है. विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय के सहायक निदेशक भुवन भास्कर ने कहा कि कारीगर कार्ड के द्वारा विपणन के लिए विभिन्न योजनाएं, ब्याज मुक्त ऋण, बीमा इत्यादि की सुविधा सभी कारीगरों को प्रदान की जाती है.




**तैयारी** उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई प्रशासनिक बैठक, टैंकर उपलब्ध कराने का निर्देश

# 25 से 28 नवंबर तक रामरेखाधाम में लगेगा मेला

संवाददाता । सिमडेगा

सिमडेगा के उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में रामरेखा धाम मेला आयोजन को लेकर रामरेखाधाम समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गयी. इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर को है. रामरेखा धाम में 25 से 28 नवंबर तक मेले का आयोजन होगा.

बैठक में रामरेखा मेला में विधि-व्यवस्था संधारण एवं अन्य व्यवस्था संधारण के लिए विस्तृत समीक्षा की गई. पेयजल आपूर्ति, यातायात, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युतीकरण, वाहन पार्किंग, शराब बंदी, साफ-सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सहित मेले में विधि-व्यवस्था संधारण एवं अन्य व्यवस्था के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया. रामरेखा धाम समिति के सदस्यों द्वारा पानी की अतिरिक्त व्यवस्था हेतु जगह-जगह पर छह टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निवेदन किया गया. जिस पर उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, सिमडेगा को टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया.

डीसी ने बैठक में सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर के इर्द-गिर्द आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों के साथ दो डॉक्टर सहित चिकित्सा दल एवं कंपाउंडर को 25 नवंबर से 28 नवंबर तक प्रतिनियुक्त किया जाए. डीसी ने मेला अवधि में 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था करने एवं रामरेखा धाम समिति के एम्बुलेंस को भी सम्पूर्ण चिकित्सा सुविधा के साथ परिसर में तैनात करने का निर्देश दिया. वाहन की पार्किंग/स्टैण्ड व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए रामरेखा धाम विकास समिति एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया. साथ ही रामरेखा मेला के आयोजन को देखते हुए रामरेखा धाम के ईर्द-गिर्द एवं गांव में अवैध रूप से शराब की चुलाई एवं बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए उत्पाद अधीक्षक, सिमडेगा को गहन छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला जन-संपर्क पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने रामरेखा मेला से पूर्व सभी तैयारियों को चुस्त एवं दूरूस्त करने का निर्देश दिया. इसके अलावा डीसी ने सीसीटीवी एवं ड्रॉन कैमरा से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी रखने का निर्देश दिया.



**दिए निर्देश**

- सीसीटीवी और ड्रोन से होगी मेला परिसर की निगरानी
- रामरेखाधाम में मेले की तैयारियां अंतिम चरण में है

# पुरानी पेंशन को लेकर ईसीआरकेयू ने की बैठक

संवाददाता। चंदवा

ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर पुराना पेंशन को बहाल करने हेतु होने वाले हड़ताल को लेकर 21 व 22 नवंबर को होने वाले गुप्त मतदान के समर्थन में आज ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बरकाकाना शाखा के टोरी युवा समिति द्वारा टोरी स्टेशन परिसर में गेट मीटिंग किया गया. जिसकी अध्यक्षता रंजीत कुमार ने किया. मौके पर उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के संगठन मंत्री विकास कुमार ने कहा कि फेडरेशन के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली हेतु संयुक्त फोरम का गठन किया गया है जो नए पेंशन प्रणाली को समाप्त कर पुराने सुनिश्चित पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन कर रहा है. 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में लाखों की संख्या में रेलकर्मियों सहित अन्य केन्द्रीय और राज्य के कर्मचारियों,शिक्षक संघों, रक्षा मंत्रालय के सिविल कर्मचारियों आदि ने उपस्थित होकर पुराने पेंशन की बहाली के लिए केन्द्र सरकार के समक्ष अपनी ताकत का जोरदार प्रदर्शन किया है.

**लिया जायजा**

- टोरी स्टेशन परिसर में गेट मीटिंग का आयोजन हुआ
- मीटिंग में बनाई गई रणनीति रंजीत कुमार ने की अध्यक्षता

## ब्रीफ खबरें

### साड़ियों की दुकानों पर बढ गई रौनक

**धनबाद।** छठ पूजा पर साड़ियों और श्रृंगार की दुकानों पर भी रौनक आ गयी है. पूजा में छठ मइया को चढ़ायी जाती है और पूजा करने वाली महिला भी नयी साड़ी में ही पूजा करती हैं. इसलिए इस समय साड़ी की दुकानों पर भीड़ लगी हुई है. भक्त छठ मइया की पूजा नये वस्त्र में करते हैं. साथ ही इस समय चूड़ी, बिंदी सहित महिलाओं के श्रृंगार की दूकानों पर भी लोगों की भीड़ देखी जा सकती है. छठ पूजा में सुहागिनें लाह की लहठी पहनना शुभ मानती हैं.

### डिवाइडर से बाइक टकराने से तीन जख्मी

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत बरसोल थाना क्षेत्र के एनएच 49 पर फलक फ्यूल इंडस्ट्री के समीप गुरुवार रात्रि को अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई. इस घटना में पश्चिम बंगाल के बिरसा चौक निवासी बापुन बाग (26 वर्ष) और आखुबाढ़िया गांव निवासी श्यम्मद्वीप घोष (21 वर्ष) और झारखंड के मालखांदा गांव निवासी सत्यजीत कुईला (22 वर्ष) बुरी तरह से जख्मी हो गए. स्थानीय लोगों की सहायता से तीनों घायल युवक को 108 एंबुलेंस से सीएचसी बहरागोड़ा लाया गया.

### 19 नवंबर को शाम पांच बजे होगा सूर्यास्त

**जमशेदपुर।** महापर्व छठ को लेकर मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी कर दिया है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में साइक्लोन मिदली की वजह से झारखंड में आसमान में बादल देखने को मिल रहे हैं. यह साइक्लोन देर रात बांग्लादेश के खेपूपाड़ा से टकराएगा पर झारखंड में इस साइक्लोन का असर देखने को नहीं मिलेगा. मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी.

### डेंबू में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ वन क्षेत्र के झाबर पंचायत के डेंबू वन क्षेत्र में गुरुवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है. झुंड ने किसान बैजनाथ यादव, गणू यादव, अभय यादव, प्रकाश यादव व ननकू यादव, शिवनारायण यादव के धान के फसल को नुकसान पहुंचाया. नरेश यादव के गन्ना के फसल, विनोद यादव के सिंचाई के लिए रखे हुए पंप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. वहीं इस घटना के बाद पीड़ितों ने वन विभाग से हुई क्षति के मुआवजे की मांग की.

### मुखिया ने किया पेबल ब्लॉक पाथ का शिलान्यास

**घाटशिला।** पावड़ा पंचायत अंतर्गत सांढपुर गांव के नवाब कोठी में 15वीं वित्त आयोग की निधि से शुक्रवार को पेबल ब्लॉक पाथ का शिलान्यास मुखिया पार्वती मुर्मू ने नारियल फोड़कर किया. मुखिया ने बताया कि इस योजना कि प्राक्कलि. राशि लगभग 3 लाख रुपया है. इस योजना का निर्माण कार्य लाभुक समिति साढपुरा के द्वारा किया जाएगा. उन्होंने बताया कि यह सड़क काफी जर्जर हालत में थी. इससे काफी परेशानी हो रही थी.

### टाना भगतों के बीच हुआ बीज का वितरण

**लातेहार।** शुक्रवार को आत्मा परियोजना के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत टाना भगतों के बीच विभिन्न फसलों के बीजों का वितरण किया गया. संयुक्त जिला कृषि कार्यालय परिसर में सदर प्रखंड के नेवाड़ी, भूसुर व पेशरार पंचायत के 50 टाना भगतों के बीच चना, राई, व जिप्सम के बीज का वितरण किया गया. मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव व झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने बीजों का वितरण किया. उन्होने इसका लाभ उठाने की अपील की.

### मत्स्य विभाग ने डैम में छोड़ा 11 लाख मत्स्य जीरा

**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिला मत्स्य विभाग की ओर से चांडिल डैम में शुक्रवार को 11 लाख एक हजार 762 मत्स्य जीरा छोड़ा गया. इसके पूर्व गुरुवार को डैम में नौ लाख 13 हजार मत्स्य जीरा छोड़ा गया था. डैम के माध्यम से मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए विभाग हर वर्ष मत्स्य जीरा छोड़ती है. इसी के तहत शुक्रवार को डैम में मत्स्य जीरा छोड़ा गया. छोड़े गए मछलियों में आईएमसी और ग्रासकार्प प्रजाती की मछली हैं.

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम को लेकर रेलवे तैयारी में जुटा है

# डीआरएम ने बादामपहाड़ सेक्शन का किया निरीक्षण

संवाददाता। जमशेदपुर



**लिया जायजा**

- अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करने में जुटे हैं
- डीआरएम ने टाटानगर में पार्सल यार्ड का किया निरीक्षण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम को लेकर रेलवे तैयारी में जुटा हुआ है. कार्यक्रम से संबंधित शेड्यूल भी रेलवे की ओर से जारी कर दिया गया है. राष्ट्रपति के कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई चूक न हो इसे लेकर अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं. इसी क्रम में चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम एजे राठौड़ ने शुक्रवार को बादामपहाड़ सेक्शन का निरीक्षण किया और वहां चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया. वापसी के क्रम में वे टाटानगर स्टेशन पहुंचे जहां विशेष अभियान के तहत पार्सल यार्ड का निरीक्षण किया. डीआरएम ने बताया कि राष्ट्रपति 21 नवंबर को बादामपहाड़ से चलनेवाली तीन ट्रेनों का उद्घाटन करेंगी.कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा शिरकत करेंगी. इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है. कार्यक्रम के बाद रेल मंत्री सेक्शन का निरीक्षण करेंगे.

डीआरएम ने विशेष अभियान चलाकार यह सुनिश्चित किया की कोई भी ज्वलनशील पदार्थ ट्रेनों में न ले जाया जा रहा हो. वे पार्सल गोदाम पहुंचे और एक-एक सामानों की जांच की. उन्होंने बताया कि रेलवे द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी कोच अथवा डिपो में बिजली कनेक्शन में कोई त्रुटी न हो. वहीं लोगों से यह आग्रह किया जा रहा है कि ट्रेनों में किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ साथ लेकर यात्रा न करें. पकड़े जाने पर उन्हें जुर्माना के साथ सजा भी हो सकती है. बता दें कि ट्रेनों में आग लगने की घटनाओं को देखते हुए रेलवे सख्त हो गया है. सभी स्टेशनों पर गहन जांच की जा रही है. विशेषकर ज्वलनशील पदार्थों पर नजर रखी जा रही हैं. इस अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है. 21 अक्टूबर से 19 नवंबर तक विशेष सुरक्षा अभियान चक्रधरपुर रेल मंडल में चलाया जा रहा है.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- बंगाल केसरी किसे कहा जाता है – **आशुतोष मुखर्जी**
- झारखंड में कितने सदन हैं – 1
- अरुणाचल प्रदेश की स्थापना किस साल हुई थी – 1987
- विश्व का सुप्रसिद्ध ग्रेनाइट का मंदिर कहां स्थित है – **तंजौर**
- भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है – **समुद्रगुप्त**
- गुप्त वंश का अंतिम शासक कौन था – **विष्णुगुप्त**
- ऋग्वेद के देवताओं में तूफान के देवता का क्या नाम है – **मारुत**
- झारखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु किस वर्ष शुरू की गई – 2001
- कोरोना वायरस से भारत में पहली मौत कहां हुई थी – **कर्नाटक**
- एक स्टेशन एक उत्पाद योजना का संबंध किससे है – **रेलवे**

## शिकायतकर्ता ने धनबाद डीसी व बीसीसीएल प्रबंधन को लिखा पत्र

# मुखिया है कोयला का अवैध कारोबारी : शिकायतकर्ता

संवाददाता। निरसा



**बादल खुद कोयले के अवैध कारोबार से जुड़ा है : अशोक महतो**

मुखिया अशोक महतो ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि बादल सोनार चुनाव में हार के कारण अपनी राजनीतिक लड़ाई को व्यवसाय से जोड़ रहे हैं. बादल खुद कोयले के अवैध कारोबार से जुड़ा है. अशोक महतो ने कहा कि उनके द्वारा या उनकी पत्नी रेखा महतो द्वारा कोई भी धोखाधड़ी या कोयले का कारोबार नहीं हो रहा है. सारे आरोप गलत हैं. हम दोनों को बदनाम किया जा रहा है. बहरहाल मामला काफी संगीन है. अगर निष्पक्ष जांच हो तो मामला साफ हो जाएगा. उन्होंने कहा कि आरोप लगानेवाले को पहले अपनी गिरेबां में झांकना चाहिए.

**लगाया आरोप**

- मुखिया अशोक व उसकी पत्नी पर सगा गंभीर आरोप
- मुखिया अशोक राजनीतिक पार्टी से भी जुड़ा हुआ है
- सरकारी जमीन पर यह भट्ठा स्थित है

निरसा विधानसभा क्षेत्र में कोयला चोरी का खेल कोई नई बात नहीं है. लेकिन अब कोयला तस्कर नया ट्रेंड शुरू कर कोयला चोरी का खेल डंके की चोट पर खुलेआम कर रहे हैं. इसका खुलासा केलियासोल प्रखंड के पलासिया गांव निवासी बादल सोनार द्वारा डीसी धनबाद एवं बीसीसीएल प्रबंधक को दिये गये एक लिखित पत्र से हुआ. पत्र में कालूबथान क्षेत्र में चल रहे कोयले का काला कारोबार किस तरह किया जा रहा है, इसका उल्लेख किया गया है. शिकायतकर्ता बादल सोनार ने लेदाहरिया मुखिया अशोक महतो व उनकी पत्नी धनबाद जिला परिषद 27 की सदस्य रेखा महतो को कोयले के अवैध कारोबार में संलिप्त होने और उनके कोयला भट्ठे के नाम जीएसटी घोटाला का आरोप लगाया है. बादल सोनार ने इनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. मुखिया अशोक महतो एक राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ है.

बताया गया है कि राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण स्थानीय पुलिस प्रशासन भी उसके कामों ने अड़ंगा डालने में हिचकिचाती है. पलासिया गांव निवासी बादल सोनार ने आरटीआई के द्वारा मिली जानकारी के आधार पर शिकायत की है कि मुखिया अशोक महतो का भट्ठा सीएमआर रिफ्रैक्टरीज एंड कोल इंडस्ट्रीज के नाम लगभग 5 लाख 39 हजार रुपये बाकी रहने के बाद उसी जगह पर नए नाम से जीएसटी का कागज़ बनवा कर जीएसटी घोटाला किया गया है. शिकायतकर्ता बादल ने बताया कि मेसर्स मां काली कोल डिपो जामदेही जो राजू राय एवं गिरधारी सिंह के नाम से है. वहीं केथारडीह स्थित सीएमआर रिफ्रैक्टरीज एंड कोल इंडस्ट्रीज, लेदाहड़िया मुखिया अशोक महतो का है, जहां बीसीसीएल की जमीन से कोयला कटवा कर इस भट्ठे में खपाया जा रहा है.

शिकायतकर्ता बादल के अनुसार आरटीआई के माध्यम से यह जानकारी मिली है कि अशोक महतो के सीएमआर रिफ्रैक्टिज एंड कोल इंडस्ट्रीज के नाम जीएसटी एवं पॉल्युशन की धोखाधड़ी की गई है. पूर्व में अशोक महतो के सीएमआर भट्ठा में कोयले के अवैध कारोबार की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई भी की है. सरकारी जमीन पर यह भट्ठा स्थित है. इस पर कार्रवाई के लिए धनबाद उपायुक्त को पत्र दिया गया है, लेकिन अब तब कोई कार्रवाई नहीं हुई है. बादल ने कहा है कि मुखिया अशोक महतो के बेनागढ़िया स्थित निजी जमीन के दस्तावेजों के नाम लेदाहड़िया स्थित सीएमआर भट्ठा संचालित है, जो गैर कानूनी है.

# पीड़ित को दी आर्थिक सहायता

संवाददाता। जमशेदपुर



चेक सौंपते बंटी सिंह

बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी रोड नंबर 4 स्थित रामजी सिंह के पुआल टाल में गुरुवार को आग लग गई थी. इस घटना में उन्हें लाखों का नुकसान हुआ था. इसकी जानकारी मिलते ही गोविंदपुर निवासी सह युवा समाजसेवी बंटी सिंह शुक्रवार को भुक्तभोगी रामजी सिंह के घर पहुंचे. वे रामजी सिंह और उनके परिजनों से मिले और वस्तुस्थिति से अवगत हुए. तत्पश्चात उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया.

बंटी सिंह ने तत्काल सहायता करते हुए रामजी सिंह को 25 हजार का चेक सौंपा. इसके अलावे इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया. उन्होंने जले हुए पुआल को सुरक्षित जगह में फेंकवाने के लिए संबंधित पदाधिकारी से वार्ता की. विदित हो कि युवा समाजसेवी बंटी सिंह लगातार जरूरतमंदों की निस्वार्थ रूप से मदद कर समाजसेवा में जुटे हुए हैं. इस मौके पर समाजसेवी संदीप सिंह, स्थानीय पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता और सनी सिंह उपस्थित थे.

### लातेहार-पलामू एसपी ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक, लातेहार अंजनी अंजन एवं पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन शुक्रवार को शहर के मुख्य औरंगा नदी छठ घाट का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने सूर्यनारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह से छठ पूजा को लेकर की गयी तैयारियों की जानकारी ली. अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि छठ घाट में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की गयी है. इसके अलावा नदी में कई स्नानागार बनाये गये हैं. छठ घाट तक पहुंचने वाली रास्ते को दुरूस्त किया गया है और रौशनी की व्यवस्था की गयी है. एसपी ने समिति के द्वारा किये गये इंतजाम पर संतोष जाहिर की. उन्होने विधि व्यवस्था संधारण के लिए कई आवश्यक निर्देश थाना प्रभारी आशुतोष कुमार को दिया.

# मजदूर नेता ने सरायकेला एसडीओ को किया सम्मानित

संवाददाता। सरायकेला



सरायकेला एसडीओ पारुल सिंह से यूथ इंटक नेता सह असेम्बली ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस (युवा विंग) के अध्यक्ष राजीव पांडेय ने शुक्रवार को औपचारिक मुलाकात की.

जिला मुख्यालय में दुर्गा पूजा और काली पूजा शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए एसडीओ को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया. इसके बाद राजीव पांडेय ने श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर से मुलाकात की और आदित्यपुर स्थित नव निर्मित फ्लैट सदगुरु वाटिका अपार्टमेंट में कार्यरत एक मजदूर शंकर सिंह (40) की दुर्घटना में हुई मृत्यु के मामले से उन्हें अवगत कराया. बताया कि चार दिन पूर्व सुरक्षा मानकों में कमी के कारण फ्लैट परिसर में हुई दुर्घटना में मजदूर की मौत गई थी. शंकर सिंह अपने परिवार के साथ उसी अपार्टमेंट में रहते थे और वहीं काम भी करते थे. मृत्यु के बाद उनके परिजनों को बिल्डर ने निकाल दिया.

# टेल्को थाना प्रभारी की कार्यशैली की जांच होगी

संवाददाता। जमशेदपुर



भाजपा नेता अंकित आनंद को धार्मिक उन्मादी बताकर धारा 107 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा करने के मामले में टेल्को थाना प्रभारी नरेश प्रसाद सिन्हा और सब इंस्पेक्टर (एसआई) रंजन कुमार पासवान सहित अन्य की भूमिका की जांच होगी. झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार के अवर सचिव ने इस आशय में जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर को निर्देश जारी करते हुए अविलंब मामले की जांच करने और जांच प्रतिवेदन प्राधिकार को भेजने को कहा है. जांच के इस प्रस्ताव को राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार के अध्यक्ष ने अनुमोदित किया है.

**ये है मामला :** मालूम हो कि अक्टूबर में टेल्को थाना की एक रिपोर्ट के आधार पर भाजपा महानगर के पूर्व प्रवक्ता अंकित आनंद को एसडीएम कोर्ट ने धारा 107 के तहत नोटिस जारी किया था. रिपोर्ट का अवलोकन करने पर मालूम हुआ कि टेल्को थाना स्तर से तैयार रिपोर्ट में भाजपा नेता के नाम को क्षेत्र के कुख्यात गौ तस्करों और कसाइयों के साथ जोड़ दिया गया है. पुलिस की भूमिका और कार्य संस्कृति पर सवाल खड़े करते हुए अंकित आनंद ने जिला प्रशासन से जांच का आग्रह किया था, किंतु कोई पहल नहीं होने के बाद राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार में शिकायत दर्ज कराते हुए टेल्को थाना स्तर से हुए अनुसंधान पर आपत्ति दर्ज करते हुए आरोपों के संदर्भ में जांच का आग्रह किया था. बाद में जमशेदपुर न्यायालय में भी शिकायतवाद दर्ज कराई गई थी.

### ग्रामीणों ने डीएफओ को दिया आवेदन

**लातेहार।** सदर प्रखंड के हेठपोचरा पंचायत के ग्रामीणों ने डीएफओ को आवेदन दिया. ग्रामीणों ने बारीडिह के जंगलों में अवैध रूप से लकड़ियों की कटाई एवं अतिक्रमण को रोकने की मांग को लेकर वन प्रमंडल पदाधिकारी, लातेहार को आवेदन दिया. आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि बारीडिह के जंगलों में लकड़ी माफिया के द्वारा अवैध रूप से इमारती लकड़ियों की कटाई एवं अतिक्रमण की जा रही है. आगे कहा कि आज से तीन चार साल पहले जहां इमारती लकड़ियां हुआ करती थीं, आज वहां कुछ भी नहीं है. कतिपय लोगों के द्वारा उस स्थान की साफ-सफाई कर सुनियोजित ढंग से वन पट्टा लेने की योजना बनायी जा रही है. ग्रामीणों ने खाली पड़े क्षेत्रों में फिर से पौधरोपण कराने एवं वन क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है. ग्रामीणों ने कहा कि जिनके पास कई एकड़ भूमि है, वैसे लोग भी वन पट्टा लेने के लिए जंगलों में भूमि का अतिक्रमण कर रहे हैं. आवेदन सौंपने वालों मे अनुपम मिश्रा, रवि रंजन मिश्रा और मुकेश मिश्रा मौजूद थे.

## झारखंड स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री ने किया था उद्घाटन

# टीटी रेल लाइन पर दौड़ेगी यात्री ट्रेन

संवाददाता। बोकारो



**लोग प्रसन्न**

- रेल लाइन की शुरुआत चार दशक पहले हुई थी
- यात्री ट्रेन चलने से चास रेलवे की स्टेशन की रौनक बढ़ेगी

झारखंड के 23वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोकारो व चास के लोगों को विशेष उपहार दिया. प्रधानमंत्री ने दोहरीकरण की गई तुपकाडीह-तालगड़िया (टीटी) रेल लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया. इस रेलवे लाइन की शुरुआत चार दशक पहले वर्ष 1982 में हुई थी, लेकिन इस पर सिर्फ माल ढुलाई ही हुआ करती थी. दोहरीकरण हो जाने से अब इस रेलखंड पर जल्द ही यात्री ट्रेनें भी सरपट दौड़ने लगेंगी.

बोकारो जिले के चास, बोकारो इस्पात नगर जैसे चर्चित उपशहर के नाम से चास स्टेशन को गिने चुने लोग ही जानते होंगे. लेकिन इस रेलखंड पर यात्री ट्रेनों का परिचालन शुरू होते ही बोकारो इस्पात नगर व चास रेलवे स्टेशन की रौनक बढ़ जाएगी. वहीं आसपास के ग्रामीणों को रेल यात्रा की सुविधा भी मिलेगी. एक हज़ार करोड़ की लागत से रेलवे लाइन का दोहरीकरण होने के बाद इस रेलखंड पर एक्सप्रेस ट्रेनों का भी परिचालन प्रारंभ होने की उम्मीद जताई जा रही है. इससे चास-बोकारो के व्यवसायियों को भी सहूलियत होगी. साथ ही ग्रामीणों को भी ट्रेन से सफर करने में आसानी होगी. ज्ञात हो कि इस रेल लाइन के दोहरीकरण के लिए दर्जनों संगठनों व राजनीतिक दलों ने लगातार आवाज उठाई थी, तब जाकर यह सम्भव हो सका. इस रूट से सवारी गाड़ियों का परिचालन कब शुरू होने का क्षेत्र के आम लोगों को इंतजार है.

### लाभुकों को दें योजनाओं का पूरा लाभः उपायुक्त

**लातेहार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में शुक्रवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ. इसका आयोजन अबुआ आवास योजना तथा अबुवा बीर दिशोम अभियान के तहत वन अधिकार पट्टा दिए जाने को लेकर किया गया. कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त हिमांशु मोहन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है. प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ दें. वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार ने वन अधिकार पट्टा दिए जाने में अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों, ग्राम सभा का महत्व व वन अधिकार समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी. उपविकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने अबुआ बीर दिशोम अभियान के संचालन एवं लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी.

**मीटिंग** 

## डुमरिया प्रखंड सभागार में प्रभारी बीडीओ सह सीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारियों की हुई समीक्षा

संवाददाता। डुमरिया



डुमरिया प्रखंड सभागार में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई. प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी चंचला कुमारी की अध्यक्षता में 24 नवंबर से शुरू हो रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आोयजित बैठक में सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. बैठक में प्रभारी बीडीओ ने कहा कि सभी विभागों के प्रतिनिधि संबंधित पंचायत शिविर में एक घंटा पहले पहुंचे.

सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न लाभकारी योजनाओं का आवेदन स्टॉल लगाकर प्राप्त करने का निर्देश दिया. साथ ही ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, स्वीकृत वनपट्टा वितरण, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन योग्य लाभुकों से प्राप्त करते हुए स्वीकृति के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया.

वहीं राजस्व, आधार संशोधन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और बिजली बिल से संबंधित शिकायतों का निष्पादन ऑन द् स्पॉट निष्पादन करने की बात बताई गई. विधायक प्रतिनिधि मिर्जा सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि शिविर में जरुरतमंद ग्रामीण उपस्थित हों, इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार करें.

### तैयारी समय से पहले करेंः बीडीओ

**पीरटांड़ (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ की अध्यक्षता में आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति, पंचायत सचिव, जेई तथा ब्लॉक स्टाफ आदि ने भाग लिया. बीडीओ ने कहा कि 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक चलने वाली सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को लेकर अपनी-अपनी तैयारी समय से पहले कर लें. ताकि आने वाले समय में 24 नवंबर से कार्यक्रम समय से चलाया जा सके. कहा कि वहां किसी प्रकार की समस्या का समाधान कार्यक्रम में ही करने का प्रयास करना है. साथ ही बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों से अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामले जैसे मयूटेशन, भूमापी, लगान रसीद तथा ऑनलाइन रिकार्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा (सीएफआर) और व्यक्तिगत वन पट्टा (आईएफआर) के लिए संबंधित एफआरसी के आवेदन, आम जनों से सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े परियोजनाओं के लिए आवेदन लिए जायेंगे. इसके साथ-साथ सर्वजन पेंशन, सावित्री बाइ फुले बालिका समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रम विभाग व अन्य योजनाओं की जानकारी व लाभ दिए जायेंगे.

# लातेहार की दुकानों में ट्रेड लाइसेंस की जांच की गई

संवाददाता। लातेहार



नगर पंचायत के प्रशासक राजीव कुमार के निर्देश पर नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने शहर के कई दुकानों में ट्रेड लाइसेंस की जांच की. जांच के क्रम में बाइपास चौक के सारिणी सिलाई मशीन, खुशी शू हाउस, रोशन किराना स्टोर, अंशु सिंगर कॉस्मेटिक, नवीन मोबाइल एंड म्यूजिक, सागर बूट हाउस, रांची ऑटो पार्ट्स व साजन गिफ्ट कॉर्नर आदि दुकानों का ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया.

राजकुमार वर्मा ने बताया कि कुल 20 दुकानों में ट्रेड लाइसेंस की जांच की गयी. जिन दुकानों में ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया है उन्हें अगले दो दिनों के अंदर ट्रेड लाइसेंस बना लेने का निर्देश दिया गया है. नहीं बनाने पर कार्रवाई की जायेगी. नगर प्रबंधक ने बताया कि छठ पूजा के बाद फिर से जांच की जायेगी और जिन दुकानों का ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया जायेगा, उन दुकानों को सील कर दिया जायेगा. जांच अभियान में राजकुमार वर्मा के अलावा कनीय अभियंता संदीप बेदिया, एसएसपीएल टीम लीडर आदित्य सिंह व टैक्स कलेक्टर बिरसा उरांव शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**बालूमाथ ।** थाना क्षेत्र के बारा ग्राम के पास एक सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी. मृतक की शिनाख्त बालूमाथ के अर्जुन महतो के 20 वर्षीय पुत्र शिव दयाल कुमार के रूप में की गयी है. जानकारी के अनुसार वह अपने बाइक से घर की ओर जा रहा था, इसी क्रम में विपरित दिशा से आ रही एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. दुर्घटना के बाद बाइक सवार सड़क पर ही गिर गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी.

### ट्रेलर ने ट्रक को पीछे से मारी टक्कर

**चांडिल ।** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चौका थाना क्षेत्र के बड़ामटांड़ के पास एक ट्रेलर ने ट्रक के पीछे जोरदार टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में ट्रेलर के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. मिली जानकारी के अनुसार ट्रेलर रांची से जमशेदपुर की ओर जा रहा था. इस दौरान ट्रेलर के आगे जा रही ट्रक अचानक वाहन को रोकते हुए पेट्रोल पंप की ओर मुड़ गया. इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर चालक अपने वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और ट्रक के पीछे टक्कर मार दिया.

### टायर ब्लास्ट के बाद वैन पलटी, चालक गंभीर

**साहिबगंज ।** बरहेट थाना क्षेत्र क्षेत्र में पाडेर बाथान के पास एक बिस्कुट, चॉकलेट लदे पिकअप वैन का पिछला चक्का ब्लास्ट हो गया. इसके बाद मालवाहक वैन बीच सड़क पर पलट गई. इस घटना में चालक घायल हो गया है. उसके सिर पर गहरे जख्म हैं. स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचाया गया. यहां डॉ संतोष टुडू ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पश्चिम बंगाल रेफर कर दिया. चालक की पहचान पश्चिम बंगाल के जंगीपुर निवासी विशुदेव पंडित के रूप में हुई है.

### हत्याकांड में शामिल दो आरोपी हिरासत में

**तेतुलमारी ।** शमशाद हत्याकांड मामले को लेकर तेतुलामारी पुलिस उद्भेदन के बहुत करीब पहुंच चुकी है. पुलिस ने शुक्रवार को वेस्ट मोदीडीह बाबा चौक से सबरूद्दीन अंसारी व उसके भाई तोरज अंसारी को हिरासत में लिया है. कायास लगाया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए दोनों युवकों के द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया था. पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों को थाने में पूछताछ कर रही है. सूत्रों के अनुसार पुलिसिया पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है.

### दो गुटों में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**नावाडीह (बोकारो) ।** नावाडीह थाना क्षेत्र के सदर गांव उपरटोला में 13 नवंबर की रात को जुआ खेलने के दौरान दो गुटों में मारपीट हो गई थी. पंचायत में फैसला नहीं होने पर चार दिन बाद नावाडीह थाना में दोनों ओर से अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. घटना के संबंध में प्रथम पक्ष सह नावाडीह के व्यवसायी विनय कुमार वर्णवाल के पुत्र ब्रजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 13 नवंबर की रात लगभग दस बजे रात जुआ खेलने के दौरान दोनों ओर से मारपीट हुई थी.

### अवैध शराब कारोबारी के ठिकानों पर छापेमारी

**जामताड़ा ।** कर्माटांड़ थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेचने को लेकर दो दुकान में छापेमारी हुई जिसमें विदेशी एवं देसी शराब बरामद किया गया है. मकटाड़ (झीलुवा) गांव निवासी रीतलाल मंडल के दुकान में छापेमारी कर 18 गॉडफादर कैन बियर एवं दो अंग्रेजी शराब सिग्नेचर 180 एमएल को जब्त किया गया है, वहीं सियाटांड़ गांव निवासी राजू मंडल के दुकान में छापेमारी की गई जिसमें दो डब्बा कच्चा महुआ बरामद कर नष्ट किया गया, वहीं उत्पाद विभाग को सूचित कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है.

### सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत

**जामताड़ा ।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के दक्षिणीडीह गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई. घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है. मिली जानकारी के मुताबिक दक्षिणीडीह निवासी राजेन्द्र तुरी की पत्नी शिवासी देवी अपने दामाद राज कुमार तुरी के साथ बाइक से मुरलीपहाड़ी मोड़ छठ का सामान खरीदने जा रही थी. तभी दक्षिणीडीह गांव के समीप गिरीडीह की ओर से आ रहे ट्रक ने बाइक को पीछे से घक्का मार दिया.

---

डीसी-एसपी ने बुके देकर मुख्यधारा में आने पर दी बधाई, 2018 में संगठन में शामिल हुआ था जितेंद्र नगेसिया

# लातेहार में माओवादी जितेंद्र नगेशिया ने किया सरेंडर

- जितेंद्र नगेशिया ने कहा- बरगला कर संगठन में ले जाया गया

**आशीष टैगोर । लातेहार**



भाकपा माओवादियों का सक्रिय सदस्य जितेंद्र नगेशिया उर्फ जितेंद्र किसान ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में उपायुक्त हिमांशु मोहन और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. 41 वर्षीय जितेंद्र नगेशिया गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है. वर्तमान में वह छत्तीसगढ़ के कुसमी थाना क्षेत्र के पिपरढाबा में रहता था. वह साल 2018 के दिसंबर माह में माओवादी संगठन से जुड़ा था. उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने नगेशिया को गुलदस्ता व शॉल भेंट कर समाज के मुख्यधारा में आने पर बधाई दी. उपायुक्त ने कहा कि आत्मसमर्पण नीति के तहत सरकार के द्वारा दिये जाने वाले सभी लाभ उसे मिलेगा. वहीं, एसपी ने जितेंद्र को वापस माओवादी संगठन में नहीं जुड़ने की हिदायत दी. कहा कि ऐसा होने पर उसे मिलने वाली सभी सुविधाएं वापस ले ली जायेगी. एसपी ने अन्य उग्रवादियों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठायें.

**कई घटनाओं में रहा शामिल :** जितेंद्र तकरीबन चार साल तक माओवादी संगठन में रहा और इस दौरान वह माओवादियों की कई कांडों में शामिल रहा. बूढा.पहाड़ में पुलिस के साथ हुई कई मुठभेड़ में शामिल होने की बात उसने पुलिस को बतायी है. उस पर जिले के विभिन्न थानों में कुल चार मामले दर्ज हैं. वहीं जितेंद्र ने बताया कि वह सरकार की आत्मसमर्पण व पुर्नवास नीति नयी दिशा से प्रेरित हो कर आत्मसमर्पण किया है. हाल ही में चतरा में माओवादियों के शीर्ष नेता नवीन यादव उर्फ नवीन जी ने आत्मसमर्पण किया था. उससे वह काफी प्रभावित हुआ और आत्मसमर्पण का निर्णय लिया. जितेंद्र ने बताया कि उसे बरगला कर संगठन में शामिल किया गया था. संगठन में उसकी मुलाकात शीर्ष नेता अरविंद जी से भी हुई थी. उसने कहा कि वह जेल से निकल कर अपने गांव में खेती बारी करेगा और अपने परिवार के साथ चैन की जीवन यापन करेगा.

**इन्होंने किया प्रेरित :** जितेंद्र को आत्म समर्पण कराने में अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी, बरवाडीह दिलु लोहार, लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, रंजीत राम व काशी महली, छिपादोहर थाना प्रभारी रंजीत यादव का नाम शामिल है.

---

आओ जानें

## न्याय दिलाने में राज्यों का स्थान

| | | | |
|---|---|---|---|
| तेलंगाना | 1 | हरियाणा | 12 |
| तमिलनाडु | 6 | उत्तराखंड | 5 |
| कर्नाटक | 2 | राजस्थान | 14 |
| गुजरात | 8 | बिहार | 16 |
| आंध्रप्रदेश | 3 | पश्चिम बंगाल | 18 |
| केरला | 17 | उत्तरप्रदेश | 15 |
| झारखंड | 11 | सिक्किम | 01 |
| मध्यप्रदेश | 7 | अरुणाचल प्रदेश | 02 |
| छत्तीसगढ़ | 9 | त्रिपुरा | 07 |
| ओडिसा | 4 | मेघालय | 03 |
| महाराष्ट्र | 10 | मिजोरम | 04 |
| पंजाब | 13 | हिमाचल प्रदेश | 05 |

---

छावरिया इंजीनियरिंग में कार्यरत था मोहन दास, खून से सने कपड़े जब्त

# पत्थर व्यवसायी के कर्मचारी की हत्या, बावर्ची गिरफ्तार

**संवाददाता । पाकुड़**



कंपनी परिसर में जांच करने पहुंचे पुलिस अधिकारी.

पाकुड़ के सिंधी पाड़ा के बड़े पत्थर व्यवसायी नरेश मध्यान छावरिया की कंपनी छावरिया इंजीनियरिंग के कर्मचारी मोहन दास लालवानी की गुरुवार की रात उसके कमरे में हत्या कर दी गई. वह पिछले 20 वर्षों से कंपनी में कार्यरत था. वह उत्तर प्रदेश के कानपुर का रहने वाला था. हत्या के आरोप में पुलिस ने कंपनी के बावर्ची मोती मंडल को गिरफ्तार किया है. उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है. कागजी प्रक्रिया पूरी कर बावर्ची मोती मंडल को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया. बताया गया कि मोहन दास ललवानी रात में कंपनी के मेस में खाना खाने के बाद कंपनी परिसर स्थित अपने कमरे में सोने चला गया.

शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे कंपनी का बावर्ची मोती मंडल ने रूम खोला, तो मोहन दास लालवानी फर्श पर गिरा पड़ा था और उनके सिर से खून बह रहा था. बावर्ची ने इसकी जानकारी कंपनी के मालिक नरेश मध्यान छावरिया को फोन पर दी. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. पाकुड़ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की. फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की. मृत कर्मचारी के कमरे व पार्क की तलाशी ली गई. पार्क में खून से सना प्लास्टिक का थैला मिला. एसडीपीओ व फॉरेंसिक टीम ने कंपनी के स्टाफ रूम की भी जांच की. आखिर में बावर्ची मोती मंडल के कमरे की तलाशी ली गई, जहां बावर्ची के कपड़े खून से सने हुए मिले. उसके बिस्तर पर भी खून के धब्बे मिले. एसडीपीओ के निर्देश पर पुलिस बावर्ची को गिरफ्तार कर थाने ले गई. पूछताछ में उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया. इसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया.

## मधुबन में होटल शिखरजी कॉन्टिनेंटल में रसोइया की हत्या, आरोपी हुआ गिरफ्तार

**संवाददाता । पीरटांड़ (गिरिडीह)**

जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिखर जी मधुबन में गुरुवार की देर रात होटल शिखरजी कॉन्टिनेंटल में एक रसोइया की चाकू से गोदकर से हत्या कर दी. बताया जाता है कि होटल शिखर कॉन्टिनेंटल में गुरुवार रात किसी विवाद को लेकर होटल के दो कर्मियों में कहा सुनी हो गई. बात इतना बिगड़ गई कि एक कर्मी ने दूसरे कर्मी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी. जिसकी हत्या हुई है उसकी पहचान 35 वर्षीय राजेश कुमार के रूप में हुई है. वह महाराष्ट्र का रहने वाला था. मृतक रसोइया राजेश कुमार एक सप्ताह पहले होटल में काम करने आया था. जानकारी मिली कि बीच बचाओ करने आया एक अन्य कर्मी भी बुरी तरह से घायल हो गया है. जिसका इलाज किया जा रहा है. वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद, मधुबन थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जबकि हत्या के आरोपी होटलकर्मी रमेश करन सोलंकी को मधुबन थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी रमेश के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर लिया है.

---

# हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग घायल

**संवाददाता । चांडिल**



चांडिल-धनबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 32 पर नीमडीह थाना के सामने गुरुवार की देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में एक बच्चा समेत एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए. घायलों में एक की स्थिति गंभीर बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार धक्का मारा था, जिसमें बाइक सवार बच्चा समेत तीन लोग घायल हो गए. घायलों की पहचान पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला अंतर्गत बड़ा उरमा गांव निवासी 23 वर्षीय बिहान महतो, उनकी पत्नी 20 वर्षीय मेनका महतो और उनका दो वर्षीय बच्चा अपूर्व महतो के रूप में किया गया है. दुर्घटना में बिहान महतो के सिर पर, उनकी पत्नी मेनका महतो के कमर पर और अपूर्व महतो के जांघ पर चोट लगी है.

**बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर :** सड़क दुर्घटना के बाद नीमडीह थाना की पुलिस ने घायलों को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह पहुंचाया. जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद चिकित्सक ने तीनों घायल को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया. चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि बिहान महतो के सिर, नाक व बाएं कंधा पर गंभीर चोट आई है, जबकि मेनका महतो के कमर में गंभीर चोट है और दो वर्षीय अपूर्व महतो का बाएं जांघ टूट गया है. तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेज दिया गया है. पुलिस बाइक को धक्का मारने वाली वाहन का पता लगा रही है.

### लूटपाट के लिए पिस्तौल गोली के साथ घूम रहे दो बदमाश गिरफ्तार

**पलामू ।** जिले की तरहसी पुलिस ने सेलारी पंचायत भवन के समीप शिव मंदिर के सामने से दो अपराधियों को पिस्तौल और गोली के साथ गिरफ्तार किया है. दोनों लूटपाट करने के इरादे से अवैध पिस्तौल के साथ घूम रहे थे. उनकी पहचान तरहसी के छकनाडीह गांव निवासी करण सिंह उर्फ सूरज सिंह एवं सौरव कुमार पासवान के रूप में हुई है. लेस्लीगंज के एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार संध्या दोनों अपराधी हथियार दिखाकर लगातार लोगों को डरा धमका रहे थे. साथ ही लूट के इरादे से सेलारी पंचायत भवन के समीप शिव मंदिर के सामने जुटे हुए थे. उन्होंने बताया कि करण सिंह के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज है. करण के पास से एक देसी पिस्तौल और दो गोली जबकि सौरव के पास से दो गोली बरामद की गई है.

## रेलवे कॉलोनी में गला रेत युवक की हत्या, झाड़ी में मिला शव

**संवाददाता । आदित्यपुर**



आदित्यपुर के आरआईटी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी में झाड़ी में फेंका गया एक युवक का शव आरआईटी पुलिस ने बरामद किया है. मृत युवक की गला रेत कर हत्या की गई है. जिसके बाद शव को लाकर झाड़ियों में फेंक दिया गया है. शव शुक्रवार को दोपहर बाद देखा गया है. शव मिलने के बाद रेलवे कॉलोनी में सनसनी फैल गई. स्थानीय लोगों द्वारा आरआईटी पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले लिया. थाना प्रभारी सागर लाल महथा मामले की जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या हत्या गला रेत कर करने की मालूम चलती है, जिसके बाद शव को लाकर झाड़ियों में फेंक दिया गया है. थाना प्रभारी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी के बंद पड़े क्वार्टर में संभवतया युवक की हत्या की गई है. फिलहाल मृत युवक के शव की पहचान नहीं हो सकी है. इधर, पुलिस द्वारा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

**मृतक बाहर का रहनेवाला :** स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को बताया गया है कि मृतक की पहचान नहीं हो पा रही है. स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक रेलवे कॉलोनी क्षेत्र का नहीं है. फिलहाल हत्या के कारणों का भी पता नहीं चल सका है.

---

बस्ती में रैश ड्राइविंग को लेकर हुआ विवाद

# घर से बंदूक निकाल चलायी गोली, युवक घायल

**संवाददाता । जमशेदपुर**



जमशेदपुर के बर्मामाइंस थाना अंतर्गत ईस्ट प्लांट बस्ती में शुक्रवार दोपहर हुए विवाद के बाद गोली चली. गोली बस्ती के ही सत्तो गोंड ने चलाई जो प्रवेश कुमार (21) को जा लगी. आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने प्रवेश को तत्काल इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. गोली प्रवेश के सिर में लगी है. इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और सत्तो गोंड उसके बेटे मोहित, भतीजा बाबू और भाई को हिरासत में ले लिया. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किया है. प्रवेश एबीएम कॉलेज का छात्र था. वह दो बहनों और एक भाई में सबसे छोटा था. प्रवेश की स्थिति गंभीर बनी हुई है. वहीं, आरोपी सत्तो गोंड जेएमएम नेता है. पुलिस के अनुसार घटना में प्रयुक्त हथियार लाइसेंसी है.

**विवाद के बाद सत्तो ने चला दी गोली :** प्रत्यक्षदर्शी नीलकंठ ने बताया कि सत्तो का बेटा मोहित अक्सर बस्ती में रैश ड्राइविंग करता है. हाल ही में उसने नई कार ली थी जिसे लेकर वह रैश ड्राइविंग करता था. शुक्रवार दोपहर भी वह कार घुमा रहा था तभी बस्ती के कुछ लोगों ने उसे रोककर समझाने का प्रयास किया. इतने में सत्तो के घर से महिलाएं निकली और गाली-गलौज करने लगी. दोनों पक्षों के बीच पथराव भी हुआ. सत्तो के परिजनों ने तलवार और लाठियों का भी इस्तेमाल किया. इसी बीच सत्तो घर से दो नाली बंदूक लेकर बाहर आया और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. प्रवेश अपने घर के बाहर खड़ा था, गोली उसे जा लगी. इधर, गुस्साए लोगों ने कार में जमकर तोड़फोड़ की. पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें से तलवार और अन्य हथियार बरामद किया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### पत्रकार उमेश को मिली गोली मारने की धमकी

**सिंदरी ।** शुक्रवार सुबह कोयला लदे 407 वाहन चालक ने बलियापुर के पत्रकार को गोली मारने की धमकी दी है. दूधिया गांव निवासी पत्रकार उमेश चौबे ने बलियापुर पुलिस को शुक्रवार को इसकी लिखित शिकायत की है. उन्होंने लिखित शिकायत में बलियापुर में धड़ल्ले से जारी अवैध कोयले कारोबार को बताते हुए 407 वाहन चालक द्वारा उठाकर पटकने और गोली मारने की धमकी का जिक्र भी किया है. उमेश ने गोविंदपुर की बर्थडे पार्टी से लौटने के क्रम में बलियापुर चौक पर शुक्रवार की मध्य रात्रि भारी वाहनों के कारण जाम की स्थिति में कोयला लदे वाहन संख्या झारखंड वाहन संख्या 1699 चालक द्वारा धमकी की बात कही है. लोगों का कहना है कि कुसमाटांड़, परघा, गोलमारा, सुरुंगा, लालाडीह, सीधाबनी, परसबनिया, आमटाल, मुकुंदा माड़ी गोदाम और परघा में अवैध कोयले का कारोबार जारी है और देर रात इसकी ट्रांसपोर्ट की जा रही है.

---

जामताड़ा : फतेहपुर में अपराधियों ने आभूषण दुकान में बोला धावा

# सोना-चांदी के जेवरात व नगदी लेकर फरार

**संवाददाता । जामताड़ा**



फतेहपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार में गुरुवार देर रात दो आभूषण दुकानों पर अज्ञात अपराधियों ने धावा बोल दिया. जहां पहली घटना फतेहपुर बाजार स्थित संतोष ज्वेलर्स में घटित हुई. इस संबंध में संतोष ज्वेलर्स के मालिक संतोष कुमार शाह ने बताया कि गुरुवार रात को उनका भाई रात में दुकान में ही सोया था. गुरुवार रात लगभग 12:30 बजे अज्ञात अपराधियों ने दुकान के पीछे के दरवाजा का ताला तोड़कर अंदर घुस आये और पिस्तौल का भय दिखाकर हो-हल्ला नहीं करने की धमकी दी. सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है.

इधर, दूसरी घटना गौरी शंकर ज्वेलर्स में घटी. जहां चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात एवं 15 हजार रुपए नगदी समेत जरूरी कागजात ले गये. पीड़ित दुकानदार उमेश पोद्दार ने बताया कि प्रत्येक दिन की भांति उन्होंने गुरुवार को भी करीब 8:00 बजे दुकान बंद किया. चोरों ने 15 ग्राम सोना, 6 किलोग्राम चांदी एवं कैश काउंटर में रखे नगदी 15000 एवं जरूरी कागजात गायब थे. उन्होंने दुकान में चारी की शिकायत पुलिस से की. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए.

### बंद घर से जेवरात समेत 2 लाख की चोरी

**आदित्यपुर ।** 2 दिन पूर्व क्राइम मीटिंग में जिले के एसपी डॉ विनोद कुमार ने जिस बात के लिए थाना प्रभारियों को चेतावनी दी थी, वही बात हो गई. मामला आदित्यपुर थाना क्षेत्र के उत्तमडीह में चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर जेवरात समेत 2 लाख की नकदी उड़ा ले गए हैं. मिली जानकारी के अनुसार उत्तमडीह कॉलोनी निवासी बबलू दास अपने घर को बंद करके साला के घर सोने गया था. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

---

**सफलता** बड़कागांव पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गैंग का किया भंडाफोड़

# 4 अपराधी गिरफ्तार, भेजे गये जेल, 6 बाइक जब्त

**संवाददाता। बड़कागांव**



बड़कागांव थाना कांड संख्या 350/23 धारा 379 के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित करवाई करते हुए बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चला कर चोरी की गई अपाची मोटरसाइकिल जेएच 02एपी 1571 सहित दो काले रंग का 150 सीसी का पल्सर मोटरसाइकिल जेएच 24 ए 3867 तथा जेएच 02 एसी 6990 के साथ अप्राथमिक अभियुक्त बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम सांढ निवासी रूपेश कुमार और रौशन कुमार को मोटरसाइकिल बिक्री की सूचना पर हजारीबाग सदर थाना छेत्र से बरामद किया गया. गिरफ्तार दोनों अभियुक्त की निशानदेही पर बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम शिवाडीह निवासी पप्पू कुमार के घर से चोरी का हीरो स्प्लेंडर जेएच 02 एयू 5043, बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम शिवाडीह निवासी अरविंद कुमार के घर से चोरी का हीरो स्प्लेंडर जेएच 02 ई 0522 तथा बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम बादम निवासी कासिफ के घर से चोरी का होंडा शाइन जेएच 01 एएक्स 7652 को बरामद किया गया. बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया के इस मामले में अब तक 6 मोटरसाइकिल बरामद हुआ है.

चार अभियुक्त रूपेश कुमार, रौशन कुमार, पप्पू कुमार और अरविंद कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है. जो भी इस तरह के काम में संलिप्त पाया जाएगा उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी करवाई की जाएगी. छापेमारी दल में एसआई प्रदीप कुमार, एएसआई हादी खान, बसंत भगत सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

# पुलिस ने फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार, हथियार बरामद

- तलाशी में देसी कट्टा बरामद, कई मामलों में पुलिस को थी तलाश
- गिरफ्तार आरोपी का नाम अशोक कुमार है

**संवाददाता । टंडवा**

स्थानीय पुलिस ने टंडवा थाना क्षेत्र के सराढु टोला सिदालु निवासी कलेश्वर यादव के पुत्र व फरार अभियुक्त अशोक यादव उर्फ अशोक कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. गिरफ्तार अभियुक्त थाना कांड संख्या 105/17 के फरार अभियुक्त था. गिरफ्तार अभियुक्त के पास से तलाशी के क्रम में पुलिस ने एक देसी कट्टा एवं एक जिन्दा गोली बरामद किया है.

इस संदर्भ में टंडवा थाना कांड संख्या 263/23 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया. उल्लेखनीय है कि अशोक यादव उर्फ अशोक कुमार टंडवा थाना कांड संख्या 105/2017 के तहत फरार अभियुक्त है.

पुलिस इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही थी. इसके विरुद्ध हजारीबाग जिलांतर्गत केरेडारी थाना में अंकित कांड संख्या- 186/2023 में माननीय न्यायालय के द्वारा गिरफ्तारी वारंट प्राप्त है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास रहा है. छापामारी दल में थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, पुअनि अभिनव आंनद टण्डवा थाना के साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** कर्म भाव का चंद्र विशेष लाभ देता है, जिससे हम भी खुश होगा. वही समय भी अनुकूल रहेगा. जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें. व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा. आय में निश्चितता रहेगी. नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा. इसका लाभ ले.

**वृषभ** समय अनुकूल है. भाग्य का साथ मिलता दिख रहा है. कोई हानि न हो इसका ध्यान रखें. शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें. व्यापार लाभदायक रहेगा. पारिवारिक सहयोग मिलेगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. लेन-देन में सावधानी रखें.

**मिथुन** मन मे दुभिधा होगा. कोई नया कार्य से अचानक खर्च होगा. सत्संग का लाभ मिलेगा. आत्मशांति रहेगी. यात्रा संभव है. व्यापार ठीक चलेगा. नौकरी में चैन रहेगा. दूसरों की जवाबदारी न लें. थकान रह सकती है.

**कर्क** समय अनुकूल है. जीवनसाथी का साथ प्राप्त होगा. पर गुस्सा पर काबू रखें. किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. व्यापार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा.

**सिंह** रोग से बचें. आय का प्रयास सफल होगा. बस प्रयास तेज करना है. नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है. शारीरिक कष्ट संभव है. जल्दबाजी से हानि होगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें.

**कन्या** संतान पर ध्यान दें. किसी बड़े की सलाह से समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा. किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा. भाग्य अनुकूल है. व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. शत्रुओं का पराभव होगा. किसी व्यक्ति की बातों में न आएं.

**तुला** माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. किसी गलतफहमी के चलते मनमुटाव होगा. पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

**वृश्चिक** पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा. आपकी मेहनत के चलते समय अनुकूल है. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. जल्दबाजी से बचें.

**धनु** आज किसी खास काम को लेकर सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. घर-बाहर पूछ-परख रहेगी. लेन-देन में सावधानी रखें. अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें. कारोबार ठीक चलेगा. भाग्य अनुकूल है. समय का लाभ लें.

**मकर** समय बहुत ही अनुकूल है. किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी. आत्मसम्मान बना रहेगा. व्यापार लाभदायक रहेगा. घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

**कुंभ** धन के आगमन से मन प्रसन्न होगा. पर खर्च अधिक होगा. समय अनुकूल है. खर्च से ज्यादा धन प्राप्ति सुगम होगी. समय अनुकूल है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा.

**मीन** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. किसी से विवाद हो सकता है, धैर्य रखें. दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है. आय बनी रहेगी. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. जिसका लाभ आगे भी मिलेगा.

### प्रतिभा : 'भाभी जी घर पर हैं' सीरियल में अपने अभिनय से लोकप्रिय हो चुके हैं विजय सिंह

# संस्कारी मास्टर जी मतदाताओं को करेंगे जागरूक

**विशेष संवाददाता। रांची**

छोटे पर्दे के चर्चित टीवी सीरियल "भाभी जी घर पर हैं" के कलाकार विजय सिंह झारखंड में मतदाताओं को जागरूक करने का काम करेंगे. विजय सिंह शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिले. कुमार ने बताया कि झारखंड राज्य में निर्वाचन संबंधी जागरूकता के कार्यों के लिए स्टेट आइकन नियुक्त किया जायेगा. झारखंड के ही रहने वाले विजय सिंह "भाभी जी घर पर हैं" धारावाहिक में संस्कारी मास्टर जी की भूमिका में अपने शानदार अभिनय से लोकप्रियता प्राप्त कर चुके हैं. धारावाहिक में ये बार-बार ''संस्कार नाम की चीज है कि नहीं'' संवाद बोल कर लोगों को संस्कार सिखाते नजर आते हैं. इनकी मुख्य भूमिका एक हास्य कलाकार की है, जिसमें ये पूरी तरह से फिट नजर आते हैं. अब जल्द ही वे झारखंड में मतदाता जागरूकता के लिए स्टेट आइकॉन के रूप में सहयोग करेंगे. इस अवसर पर एक्टर विजय सिंह ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वे अपने गृह राज्य के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने और राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए काम आ सकेंगे.



**लोस-विस में मतदाताओं को करेंगे प्रेरित**

विजय सिंह ने कहा कि आने वाले लोक सभा चुनाव तक वे अपने आडियो-वीडियो संदेशों के माध्यम से लोगों को मतदाता पंजीकरण व मतदान हेतु जागरूक और प्रेरित करते रहेंगे. इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अवर सचिव देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

## आओ जानें

## झारखंड के प्रमुख सूर्य मंदिर

**▪ सात हरे रंग के घोड़े पर सवार सूर्य देव**

प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर के पास दामोदर और भैरवी नदी के संगम पर यह सूर्य मंदिर स्थापित है. झारखंड के आस-पास के राज्यों से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं. 1985 में बने इस सूर्य मंदिर में स्थापित एक पहिए के रथ को खींचते सात हरे रंग के घोड़े पर सवार सूर्य की प्रतिमा देखते ही बनती है. मान्यता है कि सिद्धपीठ स्थित भगवान सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना छठ करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है.

**▪ बुंडू का विशालतम सूर्य मंदिर**

रांची से करीब 40 किमी दूरी पर बुंडू का विशालतम सूर्य मंदिर स्थित है. इसका निर्माण संगमरमर से किया गया है. 18 पहियों और सात घोड़ों के रथ पर विद्यमान भगवान सूर्य का प्रारूप भव्य लगता है. छठ महापर्व के अवसर पर इस मंदिर में आसपास के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है.

**▪ मेदिनी नगर का सूर्य मंदिर**

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर (डालटनगंज) में उत्तरी कोयल के तट पर शाहपुर के ठीक सामने महादेव मंदिर परिसर में सूर्य मंदिर स्थापित है. मंदिर के बगल में कोयल नदी पर खूबसूरत घाट बना हुआ है. चैती छठ और कार्तिकी छठ दोनों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है और मेला लग जाता है. इसके अलावा सालों भर श्रद्धालु इस मंदिर में आकर भगवान सूर्य के साथ ही महादेव, जगदंबा, लक्ष्मी नारायण आदि देवी-देवताओं की पूजा-अर्चन करते रहते हैं.



### लोक आस्था : छठ व्रतियों ने भगवान सूर्य की पूजा की

# नहाय खाय के साथ छठ शुरू

**संवाददाता। जमशेदपुर**

कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को मनाये जाने वाला लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो गया. सुबह में नदी, तालाब एवं सरोवर में स्नान कर व्रतियों ने सूर्य भगवान का पूजन किया. सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया. घर आकर चने की दाल व लौकी की शुद्ध घी में बनी सब्जी व अरवा चावल बनाकर भगवान सूर्य का भोग लगाते हुए ग्रहण किया. इसके बाद घर के बाकी सदस्यों ने भी प्रसाद ग्रहण किया. सुबह से ही जिन घरों में छठ का व्रत हो रहा है वहां उत्सव सा माहौल देखने को मिला.

**श्रद्धालुओं में है खास उत्साह :** शनिवार की शाम खरना पूजन होगा. व्रती मिट्टी के चूल्हे पर साठी चावल की गुर मिश्रित खीर व गेहूं के आटे की रोटी बनाएंगी. इसके बाद केला के पत्ते पर लाल फूल, धूप, दीप के साथ पका केला, खीर व जोड़ा रोटी का प्रसाद अर्पित करेंगी. पूजा के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करेंगी. इसके बाद घर व पड़ोस में प्रसाद वितरण करेंगी. व्रती महिलाएं खरना व्रत का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू करेंगी. रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य व सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन होगा. बता दें कि छठ पर्व शुद्धता का पर्व है. मान्यता है कि छठ पर्व करने से छठ व्रतियों की सभी इच्छाएं पूर्ण होती है. इसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिख रहा है. चारों ओर छठ गीत बज रहे हैं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है.



### औरंगा के छठ घाट पर होगी गंगा आरती



**लातेहार।** नहाय खाय के साथ ही लोक आस्था का महान छठ पूजा प्रारंभ हो गया. इस मौके पर छठ व्रतियों ने ने स्नान कर कदू-भात का प्रसाद बना कर ग्रहण किया. शनिवार को खड़ना कर खीर भोजन का आयोजन किया जायेगा. छठ पूजा को लेकर न सिर्फ शहरी वरन ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. शहर के गली चौक चौराहों पर छठ मैया के गीत बज रहे हैं. सूर्यनारायण पूजा समिति ने छठ व्रतियों के लिए औरंगा नदी छठ घाट में इस वर्ष भी विशेष व्यवस्था की है. समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि रविवार की संध्या एवं सोमवार की सुबह में सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के बाद वाराणसी से आये पुरोहितों के द्वारा गंगा आरती की जायेगी.

### व्रतियों ने धोकर सुखाया प्रसाद का चावल और गेहूं

**चाकुलिया।** चाकुलिया नगर पंचायत के शहरी क्षेत्र में लोक आस्था और श्रद्धा का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय खाय के शुरू हो गया. छठ व्रतियों ने पवित्र स्नान के पश्चात छठ महापर्व के लिए गेहूं एवं चावल को धोकर धूप में सुखाया. इसके पश्चात छठ व्रतियों ने अरवा चावल, चना दाल, एवं कद्दू की सब्जी बनाकर उसका प्रसाद ग्रहण किया. आसमान में छाए बादलों के बीच छठ व्रतियों ने शुक्रवार को छठ पर्व में लगने वाले पकवान के लिए गेहूं एवं अरवा चावल को धोकर पवित्र जल से धोकर सुखाने का काम किया. नहाए खाए के साथ ही तीन दिनों का निर्जला उपवास आज से शुरू हो गया जो सप्तमी के दिन अर्थात सोमवार को प्रातः कालीन सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त होगा. जबकि रविवार को सायंकालीन सूरज को छठ व्रतियों द्वारा चाकुलिया के बरसोल नदी घाट पर कालीन अर्घ्य देंगे. वैसे शुक्रवार को नहाए खाए के साथ ही पूरे शहरी क्षेत्र में छठ के गीत घर घर में बजने लगे हैं.

### नागुला चौथी पर धूमधाम से हुई सर्प देवता की पूजा

**जमशेदपुर।** तेलुगु समाज के लोगों ने शुक्रवार को नागल चौती के अवसर पर नाग देवता की पूजा-अर्चना की. यह कार्तिक मास के चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है. परंपरा के अनुसार समाज के सदस्यों ने सांप के बिलों में गुरुवार को पूजा-अर्चना की. सर्वप्रथम सांप के बिल के ऊपरी हिस्सों को तोड़कर पानी डालकर उसे साफ -सुथरा किया गया. इसके बाद दीये जलाकर तथा लाल रंग की नई गमछी रखकर पूजा की गई. बिल में तिल व गुड़ के मिश्रण से बने छोटे-छोटे लड्डू, केला, दूध तथा जल सर्प देवता को अर्पित किए गए. इसके बाद सांप के बिल की मिट्टी को कान पर लगाया गया ताकि कान में दर्द न हो. इसे लेकर जुबली पार्क, गोल्फ मैदान, कदमा सोनारी लिंक रोड, टेल्को, बिरसानगर, टिनप्लेट, गोलमुरी गोल्फ कोर्स, परसुडीह आदि जगहों पर चहल पहल रही.

### बांग्ला कार्तिक माह के समापन पर शोभायात्रा

**चाकुलिया।** बांग्ला कार्तिक माह के समापन के अवसर पर शुक्रवार की सुबह वैष्णव समुदाय के लोगों ने चाकुलिया की गंधरूपी स्थित कूपन नदी जाकर नदी में कार्तिक स्नान किया. राधा कृष्ण को भी स्नान कराया गया. इसके बाद कीर्तन मंडलियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा में विधायक समीर कुमार मोहंती भी शामिल हुए. गंधरूपी नदी घाट से निकली शोभा यात्रा मुख्य मार्ग होते हुए नामोपाड़ा के रास मंच मंदिर पहुंची. शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने मंदिर में राधा कृष्ण की पूजा की. पुजारी भवानी गोस्वामी ने पूजा कराई. कीर्तन में शामिल लोग राधा कृष्ण के जयकारा लगा रहे थे. मौके पर प्रदीप दास, कुना दास, नीतू दास, सीदाम दास, गोपाल दास, जितेन दास आदि पुरुष और महिला श्रद्धालु उपस्थित थे.

### महापर्व के रंग में रंगे चांडिल के गांव व शहर

**चांडिल।** सूर्योपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ. इसी के साथ पूरा चांडिल शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र महापर्व के रंग में पूरी तरह रंग चुके हैं. चार दिवसीय महापर्व के पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन अस्त होते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया जाता है. इसके बाद व्रत का पारण यानि समापन किया जाता है. इस दौरान छठी मैया और सूर्यदेव की पूजा की जाती है.

### छठ व्रतियों ने ग्रहण किया कद्दू और भात का प्रसाद

**धनबाद।** चार दिनों तक चलने वाला आस्था का महापर्व छठ यहां नहाय-खाय के साथ शुक्रवार को प्रारंभ हो गया है. इस मौके पर व्रतियां सुबह नदियों और तालाबों में आस्था की डुबकी लगायीं और माथे पर पीला सिंदूर लगाकर भगवान सूर्य की आराधना की. इसके बाद घर लौटकर मिट्टी के चूल्हे पर शुद्ध घी और सेंधा नमक से चना दाल, कद्दू की सब्जी, साग और अरवा चावल का भात बनाया गया. इसके बाद व्रतियों ने इको सूर्य देव को चढ़ाकर पूरे परिवार के साथ प्रसाद लिया.

## नवयुवक काली पूजा समिति ने आदित्यपुर में प्रसाद वितरित किया



**संवाददाता। आदित्यपुर**

नवयुवक काली पूजा समिति श्रीडूंगरी आदित्यपुर का पांच दिवसीय काली पूजा महोत्सव शुक्रवार को सामूहिक भोग वितरण के साथ संपन्न हुआ. महाभोग वितरण में आसपास के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए. पूजा कमेटी के अध्यक्ष आजसू नेता सत्यनारायण महतो उर्फ माकुड़ ने बताया कि पिछले 55 वर्ष से उनके पूर्वज हर वर्ष धूमधाम से गांव की भलाई और विपदाओं से निवारण हेतु काली पूजन करते आ रहे हैं. उसी का निर्वाह वे लोग अब भी कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि 5 दिवसीय महोत्सव में उद्घाटन के पश्चात बच्चों और महिलाओं के लिए मनोरंजक कार्यक्रम के साथ कुड़माली झूमर, ऑर्केस्ट्रा आदि का आयोजन किया गया, जिसका बस्तीवासी खूब आनंद लिए. आज ग्रामवासियों के लिये सामुहिक महाभोग का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामीणों के साथ गणमान्य लोग शामिल हुए. इनमें निवर्तमान डिप्टी मेयर अमित सिंह उर्फ बॉबी, कमेटी की उपाध्यक्ष जिप सदस्य सारथी महतो, शंकर महतो, विद्याधर महतो, भाजपा नेता रमेश हांसदा, संजय सरदार, बिशु महतो, अभिजीत महतो आदि शामिल हुए.

### व्रतियों के बीच लकड़ियों का वितरण



**लातेहार।** शहर के शहीद चौक में समाजसेवी अशोक प्रसाद उर्फ बुट्टा ने शुक्रवार सुबह छठ व्रतियों को आम की लकड़ियों का वितरण किया. मौके पर उन्होंने कहा कि शहर में अक्सर छठ व्रतियों के परिजनों को आम की लकड़ियों के लिए भटकना पड़ता है. उनकी परेशानियों को दूर करने के लिए विगत दस सालों से वे आम लकड़ी का वितरण कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि छठ मईया पर उनकी विशेष आस्था है. लोगों ने अशोक प्रसाद के इस कार्य की सराहना की है. अशोक प्रसाद सामाजिक कार्यों में हमेशा तत्पर रहते हैं और बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं.

### 11 हजार व्रतियों के बीच साड़ियां बांटीं

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आम आदमी पार्टी (आप) की पलामू इकाई ने कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में छठ व्रतियों के बीच 11 हजार साड़ियों का वितरण किया. आम आदमी पार्टी की टीम चियांकी, सुआ, कौड़िया, अवसाने, नरसिंहपुर पथरा, बैरिया, जोड, जनकपुरी, नरसिंह पुर पथरा, बडगड और परसया गांव के छठ व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण कर उन्हें शुभकामनाएं दी. मौके पर राकेश तिवारी ने कहा कि छठ महापर्व झारखंड और बिहार में जितने बड़े पैमाने पर मनाया जाता है.

### साईबर सुरक्षा को लेकर जागरूक किया

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में बढ़ते साईबर अपराध को लेकर लॉयंस क्लब ऑफ जमशेदपुर फेमिना की ओर से बाल ज्ञान पीठ हाई स्कूल में साईबर सुरक्षा और पोक्सो एक्ट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया. इस दौरान अधिवक्ता लॉयन कंचन मिश्रा ने स्कूल के बच्चों को साइबर क्राइम और पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी. सोशल मीडिया की समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई.

## व्रतियों के बीच पूजा सामग्री का वितरण

**संवाददाता। आदित्यपुर**

आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति का छठ व्रतियों के लिए अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा. शुक्रवार को आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड नंबर- 26, अंतर्गत बंतानगर में मुख्य अतिथि आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह एवं पूर्व पार्षद संदीप साहू के नेतृत्व में जन सहयोग से प्राप्त छठव्रती माता- बहनों के बीच चुनरी साड़ी एवं मिट्टी के चूल्हे का वितरण कूपन के माध्यम से किया गया. अपने संबोधन में पुरेंद्र नारायण सिंह ने छठी मैया एवं सूर्य भगवान से लोगों के सुख, समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और विकास के लिए कामना की. उन्होंने कहा कि समिति द्वारा लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर 2000 छठव्रती माता बहनों के बीच 15 नवंबर से मिट्टी के चूल्हे, चुनरी साड़ी, आटा, लौकी, आम की लकड़ी आदि का वितरण जारी है. उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति जरूरतमंदों के बीच 5000 कंबल का वितरण करेगी, जिसकी शुरुआत बंतानगर से 3 दिसंबर को होगी. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने खरकाई नदी में पानी कम होने की जानकारी मुख्य अतिथि पुरेंद्र नारायण सिंह को दी. पुरेंद्र नारायण सिंह ने उपायुक्त, सरायकेला- खरसावां एवं जल संसाधन विभाग से खरकाई नदी में छठ पूजा के अवसर पर पानी छोड़े जाने की मांग की. कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद संदीप साहू, पूर्व पार्षद पूजा साहू, राजद प्रदेश सचिव देव प्रकाश देवता, राजद नगर अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह, विमल दास आदि उपस्थित थे.



### ह्यूम पाइप गुरुद्वारा में कल सजेगा कीर्तन दरबार

**जमशेदपुर।** संत शिरोमणि नामदेव जी का 753 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ 19 नवंबर को जमशेदपुर के ह्यूम पाइप गुरुद्वारा में टांक क्षत्रिय बिरादरी की ओर से मनाया जाएगा. इसके लिए शुक्रवार को गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ किया गया. इसका भोग रविवार को 9:30 बजे डाला जाएगा. उसके बाद नगर कीर्तन के रूप में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज को सजे हुए पंडाल में सुशोभित किया जाएगा. गुरु दरबार में सिख स्त्री सत्संग सभा की जसबीर कौर, जसपाल सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह निक्कू कीर्तन गायन करेंगे. इस दौरान संत नामदेव जी से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को हजूरी ग्रंथी बाबा हरजिंदर सिंह एवं सरदार सुखविंदर सिंह संगत के समक्ष रखेंगे. शब्द कीर्तन विचार के बाद गुरु का अटूट लंगर वरतेगा.

## मुसलमान देश पर मर मिटने को तैयार : काशमी

**संवाददाता। महुदा (धनबाद)**

मदरसा तालीम-उल-इस्लाम महुदा मोड़ में गुरुवार को चौथा अजीमुशान जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया. इस मौके पर मदरसा के 11 बच्चों को कुरआन की हिफ्ज मुकम्मल करने पर हाफिज की उपाधि दी गई. इन्हें देश के विभिन्न स्थानों से आए उलेमा और शायरों ने पगड़ी पहनाकर और कुरआन भेंटकर सम्मानित किया.

कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुई. जलसा को खिताब करते हुए हजरत मौलाना अब्दुल्ला सालीम कमर चतुर्वेदी ने समाज के लोगों खासकर युवाओं को शिक्षा अपनाने की नसीहत दी. उन्होंने लोगों को समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और व्यवसाय के क्षेत्र में आगे आने की सलाह दी.



**खास बातें**

- महुदा में अजीमुशान जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन
- मदरसा के 11 बच्चों को दी गयी हाफिज की उपाधि

मौलाना ने अपने खिताब के दौरान चार भाषाओं में चारों वेद को पढ़कर सुनाया. कौमी यकजहती का पैगाम देते हुए कहा कि भारत के मुसलमान हमेशा से अपने देश के लिए मर मिटने को तैयार रहते हैं. यूपी से आए शायर शाबान दिल खैराबादी ने नाते नबी गुनगुनाकर दाद लिया. जलसा को हजरत मौलाना कफील अशरफ, मुफ्ती मोहम्मद शाद, मुफ्ती मोहम्मद शाहिद कासमी, मुफ्ती मोहम्मद सलमान आदि ने खिताब किया. समारोह की अध्यक्षता हजरत अलहाज मुफ्ती अब्दुल हई साहब काश्मी ने की, जबकि संचालन मुफ्ती अब्दुल हक ने किया.

**बाजार** छठ महापर्व के अवसर पर बढ़ी फलों की मांग, चौक-चौराहों पर सजने लगीं पूजा सामग्री की दुकानें

# जमशेदपुर में गुलजार हुआ फलों का बाजार, मंडी में बढ़ी आवक

**संवाददाता। जमशेदपुर**

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर फल मंडी में विभिन्न प्रकार के फलों की आवक तेज हो गई है. शुक्रवार की सुबह से शाम तक फल लदे वाहनों की आवक अन्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक रही. थोक फल मंडी अब गुलजार होने लगी है. छोटे-छोटे बाजारों में भी फलों की भरमार है. दीपावली के बीतते ही सोमवार की सुबह से फलों की ट्रकों के आने का सिलसिला जो शुरू हुआ, वह अब तक जारी है. फलमंडी में केला, शरीफा, सेब एवं नारंगी जैसे सामान्य फलों के सिवाय ऐसे फलों की आवक बढ़ी है, जिनकी छठ पर्व में भारी मांग रहती है. शहर के सभी चौक-चौराहों में फलों के साथ पूजन सामग्री की दुकानें सजने लगीं हैं, जिससे बाजार गुलजार हो गए है. छोटे बाजारों के फल व्यवसायियों की खरीदारी के चलते परसुडीह बाजार समिति और साकची मंडी में अलग नजारा है. शहर के थोक मंडी (कृषि बाजार) में दूसरे राज्यों से फलों से भरे ट्रक पहुंच रहे हैं. केला, सेब, अनारस, नारियल से लेकर विभिन्न फल से भरे ट्रक मंडी की शोभा बढ़ा रहे हैं. मंडी में खुदरा व्यवसायियों के बीच फलों के भाव का डाक भी हो रहा है. व्यवसायियों के अनुसार इस छठ पर्व पर अनार को छोड़ बाकी सारे फलों के दाम सामान्य हैं. हालांकि भाड़ा में हुई बढ़ोतरी का असर फलों के भाव पर दिखाई से रहा है. पिछले वर्ष की तुलना में फलों की कीमतें 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं.



### थोक के भाव

- अमरूद- 80 रुपया प्रति किलो
- सेब - 80 से 100 रुपया प्रति किलो
- संतरा - 40 से 60 रुपया प्रति किलो
- नाशपाती (इंडियन) -160 रुपया प्रति किलो
- नाशपाती (वियतनाम) - 240 रुपया प्रति किलो
- अंगूर- 160 रुपया प्रति किलो
- अनार - 160 से 200 - रुपया प्रति किलो
- केला कांदी - 300 से 550 रुपया
- अनानास - 35 से लेकर 60 रुपया प्रति पीस
- गागाल - 30 रुपया प्रति पीस
- सुखा नारियल - 18 से 20 रुपया प्रति पीस

### क्या कहते हैं थोक व्यापारी



शहर के बाजार में कश्मीर और हिमाचल से सेब आते हैं. छठ पूजा को लेकर डिमांड थोड़ी बढ़ जाती है. हल्का माल हल्के रेट में बिकता है और जो बढ़िया माल है वो बढ़िया रेट में बिकता है. कीमत में उतार-चढ़ाव होते रहता है. इस बार भाड़ा बढ़ने और पैदावार कम होने के कारण फलों के रेट भी बढ़े है. भाड़े में 40 से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है.

**शकील अहमद, थोक फल विक्रेता, परसुडीह बाजार समिति**



अब तक परसुडीह मंडी में 25 गाड़ी केला आ चुका है. अभी और चार से पांच गाड़ी आने की संभावना है. मद्रास और बंगाल से केला मंगाया जा रहा है. 300 सौ से लेकर 550 रुपया तक प्रति कांदी रेट है. खुदरा व्यापारी खरीदारी के लिए पहुंच रहे है. आवक कम होने कारण पिछले वर्ष की तुलना में रेट थोड़ा बढ़ गया है.

**अब्दुल सत्तार, केला थोक विक्रेता, परसुडीह बाजार समिति**

## रसुनचोपा में धूमधाम से हुआ दिशोम सोहराय का आयोजन



**संवाददाता। डुमरिया**

पोटका प्रखंड के रसुनचोपा में शुक्रवार को दिशोम सोहराय का आयोजन किया गया. दिशोम सोहराय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ बैलों को खूंटे से बांधकर नचाया गया. इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए. विधायक ने इस अवसर पर कहा कि आदिवासी सामाजिक परंपरा और पर्व जीवन को आनंद के साथ जीने का के लिए प्रेरित करती हैं. सोहराय पर्व के भव्य आयोजन के लिए विधायक ने कमेटी की प्रशंसा की. मौके पर गंगाडीह पंचायत मुखिया कार्तिक मुर्मू, हल्दीपोखर परगना सुशील हांसदा, कमेटी के अध्यक्ष शशोधर हांसदा, सुखदेव हेंब्रम,सचिव फुदान हंसदा, लाल मोहन हेंब्रम, मुचीराम माझी, विप्लव हेंब्रम समेत ग्रामीण उपस्थित थे.



लातेहार

## समितियां इस वर्ष भी कर रही हैं विशेष तैयारी


बाईपास चौक में फल वितरण करते लोग.

लोक आस्था का महान पर्व छठ की तैयारियां यहां जोरों पर है. विभिन्न पूजा समितियां अपने अपने स्तर से छठ व्रतियों को सुविधाएं देने का प्रयास कर रही है. सूर्यनारायण पूजा समिति, चाणक्यनगरी के द्वारा शहर के मुख्य औरंगा छठ घाट पर इस वर्ष भी विशेष तैयारी हो रही है. समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि शहर के बाइपास चौक से राजहार एवं छठ घाट तक तकरीबन एक किलोमीटर के रास्ते में आकर्षक विद्युत सजावट की जा रही है. कई जगहों पर तोरणद्वार बनाये जा रहे हैं. औरंगा नदी में छठ व्रतियों के लिए आधा दर्जन से अधिक स्नानागार बनाये जा रहे हैं. वहीं नव युवक संघ, बाइपास चौक के द्वारा इस वर्ष भी छठ व्रतियों के बीच निःशुल्क फल व अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया जायेगा. संघ के राजमोहन प्रसाद व संजय दास ने बताया कि इसकी तैयारियां की जा रही है. रेलवे स्टेशन रोड में अग्रवाल समाज के द्वारा भी फल आदि का वितरण किया जायेगा. श्रीराम टेंट हाउस के द्वारा खीर भोजन के लिए लागत मूल्य पर दूध का वितरण 18 नवंबर की सुबह छह बजे से किया जायेगा. श्रीराम टेंट हाउस के श्याम अग्रवाल ने बताया कि अब तक 25 सौ लीटर दूध की बुकिंग की जा चुकी है. इसके अलावा अग्रवाल स्टोर, आनंद टी स्टॉल, बाइपास चौक के द्वारा भी लागत मूल्य पर दूध का वितरण किया जायेगा.

किरीबुरू

## श्रद्धालुओं के बीच पूजन सामग्री का वितरण


नसीम द्वारा लगाया गया चाय स्टॉल. फाइल फोटो

किरीबुरु स्थित लोकेश्वर मंदिर छठ घाट तालाब पर छठ व्रतियों की मदद हिन्दू समुदाय के अलावे मुस्लिम समुदाय के लोग भी बढ़-चढ़ कर करते हैं. किरीबुरु मस्जिद कमेटी के सचिव अबरार अहमद प्रतिवर्ष छठ घाट के गड्ढों को भरने के लिए मेघाहातुबुरु खदान से मिट्टी लाकर भारी मशीन से समतल कराते हैं. वह स्वंय लोकेश्वर मंदिर कमेटी के साथ घाट पर मौजूद रहकर हर प्रकार से सहयोग में खडा.रहते हैं.

सलीम फ्रुट शॉप के मालिक सलीम एवं नसीम दोनों भाई प्रतिवर्ष छठ घाट पर निःशुल्क चाय स्टॉल लगाकर सभी को चाय पिलाते हैं. वह हिन्दू समाज के हर पर्व-त्योहार में खडे.रहकर जरुरी सहयोग करते हैं. मेघाहातुबुरु के दुकानदार रब्बे आलम प्रतिवर्ष खरना का प्रसाद बनाने के लिए दर्जनों छठ व्रतियों को निःशुल्क नई ईट उपलब्ध कराते हैं. पूजा के लिए वह बाहर से नई ईट मंगाकर स्वंय अपनी दुकान के सामने वितरण करते हैं.

इसके अलावे सीआरपीएफ के जवान महिलाओं को कपडा. बदलने के लिए घाट पर तंबू लगाने, छठ व्रतियों के बीच नारियल वितरण करने का कार्य करते हैं. सेल की किरीबुरु प्रबंधन छठ घाट आने वाली तमाम मार्गों की साफ-सफाई से लेकर टेंकर से सड़कों पर पानी का छिड़काव कराता है. लोकेश्वर मंदिर कमेटी के सैकड़ों सदस्य छठ व्रतियों को विभिन्न प्रकार से सहयोग करते हैं.




देवघर

## 25 स्टालों पर दी जाएगी पूजन सामग्री


जलसर पार्क पूजा समिति, देवघर.

बाबा बैधनाथ धाम मंदिर के समीप स्थित पौराणिक महत्व वाला शिवगंगा तालाब पर छठ पूजा को लेकर स्थानीय पूजा समिति जोर शोर से तैयारी में जुटी है. पूजा समिति के अध्यक्ष पन्ना लाल की माने तो इस बार भी शिवगंगा छठ पूजा समिति की ओर से व्यापक तैयारी की जा रही है. जहां छठ घाट की साफ सफाई की जा रही है वहीं पूरे इलाके को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है. पूरा इलाका रंग बिरंगी लाइटों से पाटा जा रहा है. साथ ही पूजा समिति की ओर से 25 स्टैाल लगाएं जाएंगे. जहां निशुल्क पूजन साम्रगी का वितरण किया जायेगा. जिसमें धूप बती. हवन के सामान, दूध और अन्य पूजन में काम आने वाले साम्रगी छठ व्रतियों के लिये उपलब्ध होगा. **घाट के नाम पर कोई शुल्क नहीं देने की अपील:** जलासार पूजा समिति ने शहर वासियों से अपील की है कि घाट के नाम पर कोई शुल्क नहीं देना है. जलसार छठ पूजा समिति की ओर से इस बार जलसार पार्क को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है.पूजा समिति के सदस्यों की माने तो पिछले कई दिनों से समिति के सारे सद्स्य जलसार छठ घाट पर व्यापक तैयारी मे जुटे हुये हैं.अध्यक्ष पप्पू राउत की माने तो पिछले साल से कहीं ज्यादा सुविधाएं यहां उपलब्ध होगी और आने वाले साल में यहां का आकर्षण अलग होगा. पूजा समिति के सदस्य भरत सिंगारी ने कहा कि यहां घाट के लिये कोई शुल्क नहीं लिया जाता है. उन्होंने मुहल्ले वासियों और देवघर वासियों से अपील की है कि वे जलसार पार्क पूजा के लिये आये उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होगी.

बेरमो

## व्यवसायी संघ ने किया कद्दू का वितरण


कद्दू वितरित करते व्यवसायी

फुसरो व्यवसायी संघ द्वारा राम रतन हाई स्कूल ढोरी के समीप शुक्रवार की सुबह छठव्रतियों के बीच कद्दू वितरण किया गया. संघ के आर उनेश ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठव्रतियों के बीच लगभग 3 क्विंटल 15 किलो कद्दू वितरण किया गया. साथ ही रविवार को छठ मइया की डलिया में नारियल, फल व प्रसाद वितरण एवं सोमवार सुबह हिदुस्तान पुल छठ घाट पर आम के दातुन व दूध का वितरण किया जाएगा. मौके पर व्यवसायी दिलीप गोयल, दिनेश सिंह, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, महेंद्र चौधरी, संतोष श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, संजू बाबा, अशोक सिंह, अमर नाथ मिश्रा, बसंत राज, अश्वनी महतो, राजेश कुमार, विकाश गिरी, राहुल आर्मी, अश्वनि देव मौजूद थे.

### तैयारियों को अंतिम रुप दे रहे हैं सामाजिक संगठन और पूजा समितियां

# मान्यताओं, परंपराओं के वाहक

**चार दिनों तक चलने वाला लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय – खाय के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया. इस महापर्व के मौके पर व्रतियां सुबह नदियों और तालाबों में आस्था की डुबकी लगाई और माथे पर पीला सिंदूर लगा कर भगवान सूर्य की आराधना की और घर लौटकर छठ पूजा का प्रसाद कद्दू भात बनाया. छठ पर्व में साफ-सफाई यानी शुचिता पर विशेष ध्यान दिया जाता है. घर से लेकर घाट तक इस पूजा के लिए सफाई की जाती है. पर्व सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो इसके लिए प्रशासनिक और सामाजिक संगठनों, समितियों का विशेष योगदान रहता है. ये संगठन न सिर्फ पूजा स्थल यानी घाटों की साफ सफाई करते हैं बल्कि नदी - तालाब के घाटों तक जाने के रास्तों को भी दुरुस्त करते हैं. अब तो सामाजिक संगठनों की ओर से व्रतियों के बीच बड़े पैमाने पर पूजन सामग्री का वितरण करने का काम भी किया जाने लगा है. ताकि पूजा-अर्चना में किसी को दिक्कत न हो. देखा जाए तो छठ को लेकर एक तरह से शहर-गांव की सफाई हो जाती है.यह काम सामाजिक संगठन के लोग करते हैं. संगठन नदी, तालाब के घाटों को व्यवस्थित करने के साथ ही उसकी सजावट भी करते हैं. रास्ते में बिजली का प्रबंध करते हैं ताकि किसी को आने-जाने में दिक्कत न हो. संगठन अपने प्रयास से पर्व की गरिमा को बढ़ा देते हैं. माहौल को और उल्लासपूर्ण बना देते हैं. सही अर्थो में ऐसे संगठनों में शामिल लोग ही हमारी मान्यताओं, परंपराओं के वाहक हैं. छठ पर विभिन्न जिलों में शुभम संदेश की टीम ने ऐसे संगठनों के कार्यों की जानकारी हासिल की है. पेश है रिपोर्ट...**



बहरागोड़ा

## जेसीबी से कराई गई छठ घाटों की सफाई


वर्णिपाल स्थित स्वर्णरेखा नदी तट पर घाटों की सफाई.

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में छठ महापर्व को लेकर वर्णिपाल स्थित स्वर्णरेखा नदी तट पर छठ घाट की साफ सफाई थाना प्रभारी द्वारा जेसीबी मशीन से कराई जा चुकी है. वहीं इस अवसर पर विधायक द्वारा लाइट, पेयजल तथा अस्थाई चेंजिंग रूम निजी स्तर से करने की व्यवस्था की जा रही है. छठ व्रतियों के साथ ही छठ महापर्व को सफल बनाने के लिए गुड्डू पांडे, पिंटू महतो, प्रदीप ठाकुर, रोहित सिंह, सुजन मन्ना, छोटन पांडे, राहुल सिंह, प्रदीप पांडे, रामस्वरूप सिंह, आकाश ठाकुर, सुजीत ठाकुर आदि लगे हुए हैं.

धनबाद

## श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति भी है सक्रिय



. श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति जामाडोबा लाल बंगला धनबाद.

झरिया के लाल बंगला स्थित दामोदर नदी घाट में श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति जामाडोबा लाल बंगला द्वारा 1995 से घाट की साफ- सफाई, फल और पूजा की सामग्री का वितरण किया जाता रहा है. इस संबंध में समिति के सदस्य राज किशोर सिन्हा ,हीरा सरकार, नरायन रेड्डी और विजय सरकार ने बताया कि दीपावली के बाद ड्यूटी से छुट्टी लेकर महापर्व छठ की तैयारी में समिति के सभी सदस्यों के साथ जुट जाते है. जिसमें घाट की सफाई, साज सज्जा, घाट पर डेंजर जॉन में बेरिकेटिंग और संध्या अर्घ्य के दिन व्रतियों के बीच फल वितरण किया जाता है. उक्त कार्य में क्षेत्र के लोगों के साथ साथ स्थानीय पुलिस का भी काफी सहयोग रहता है.

## डुमरी 3 नंबर श्रीश्री छठ पूजा समिति


श्री श्री छठ पूजा समिति 3 नम्बर डुमरी धनबाद

झरिया के जामाडोबा स्थित डुमरी 3 नम्बर में श्री श्री छठ पूजा समिति 3 नम्बर डुमरी द्वारा भी व्रतियों का सहयोग संध्या अर्घ्य के दिन फल वितरण और सड़क के दोनों ओर लगभग 3 किलोमीटर के दायरे में लाइट बत्ती लगाकर किया जाता है. ताकि व्रतियों को लाल बंगला और डुमरी घाट पर जाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो .इस संबंध में समिति के सदस्य सीतल सिंह, विनोद बिहारी, रामनाथ, जिला और सुजीत सिंह का कहना है कि वह आस्था का महापर्व छठ में व्रतियों का सहयोग 1996 से कर रहे हैं. साथ ही संध्या अर्घ्य के दिन ही खिचड़ी महाभोग का भी वितरण किया जाता है. जिसमें सैकड़ों भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं. उक्त कार्य में स्थानीय लोग भी पूरी उमंग के साथ सहयोग करते हैं.

## श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति एस एस क्लब युवा संघ


श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति एसएस क्लब युवा संघ गौशाला.

झरिया के बस्ताकोला स्थित गौशाला घाट में भी व्रतियों के लिए श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति एस एस क्लब युवा संघ द्वारा भव्य तैयारी की जाती है. क्लब के सदस्य संध्या अर्घ्य के दिन फल वितरण के साथ साथ देर शाम को खिचड़ी का भोग वितरण करते हैं और महापर्व के समापन के दिन खीर का भोग वितरण करते हैं साथ ही झरिया धनबाद मुख्य सड़क से गोशाला घाट तक लाइट और सड़कों की साफ सफाई भी की जाती है. इस संबंध में एसएस क्लब के सदस्य पप्पू पासवान, विशाल सिंह, अरुण पासवान, शक्ति पासवान और प्रदीप पासवान ने बताया कि वह आस्था का महापर्व छठ में व्रतियों का सहयोग 2005 से कर रहे हैं.

जमशेदपुर

## छठ घाटों की सफाई करा रहे राजकुमार सिंह


घाटों की साफ-सफाई कराते राजकुमार सिंह.

परसुडीह, बागबेड़ा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजकुमार सिंह द्वारा छठ घाटों की साफ-सफाई कराई जा रही है. राजकुमार सिंह के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के 30 जलाशयों की साफ सफाई और तीन से चार कृत्रिम छठ घाट व्यक्तिगत तौर पर तैयार कर श्रद्धालुओं के सुपुर्द किया जा रहा है. इतना ही नहीं साफ सफाई से लेकर साज सज्जा की जिम्मेदारी भी उन्होंने अपने कंधे पर ले रखा है. वह पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं ताकि किसी भी श्रद्धालु को किसी तरह की परेशानी छठ पर्व के दौरान न हो.

## छठ व्रतधारियों को करते हैं फल और सूप का वितरण


बाबा बैधनाथ सेवा संघ .

शहर के बाबा बैधनाथ सेवा संघ द्वारा छठ पर्व के दौरान मानगो के डिमना रोड हीरा होटल के समीप छठव्रतधारियों के बीच निशुल्क फल और सूप का वितरण किया जाता है. यह वितरण हर साल किया जाता है. संघ से संस्थापक सदस्य विकास सिंह हैं. विकास सिंह बताते हैं कि कोविड के समय संघ के द्वारा प्रसाद आपके द्वारा का कार्यक्रम आयोजित कर फल और सूप का वितरण किया गया था. फल लेने आए छठ व्रतधारियों को कपड़े के झोले में फल दिया जायेगा, फल की मात्रा इतनी रहेगी कि आसानी से कोई भी अपना पर्व मना सकेगा.

## श्री राम सेना करती है व्रतधारियों की मदद


श्री राम सेना के सदस्य.

जुगसलाई की श्री राम सेना हर वर्ष छठ व्रत धारियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण करती है. इस वर्ष भी श्रीराम सेना के द्वारा 1001 ऐसे व्रत धारी के बीच पूजन सामग्री वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. श्री राम सेना के संस्थापक नीतीश कुमार कहते हैं कि यह कार्य करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि समाज के ऐसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना जो कि छठ करना चाहते हैं, पर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, छठ व्रत करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं. ऐसे व्रत धारी के बीच पूजन सामग्री का वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ताकि हर कोई लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा कर सके.

चाईबासा

## नगर परिषद करा रही है घाटों की सफाई



चाईबासा नगर परिषद शहर के सभी छठ घाटों की सफाई करा रही है. इस कार्य में कोई भी स्थानीय समिति सहयोग नहीं करती. नगर परिषद क्षेत्र में गांधी टोला, कुम्हार टोली तथा पुल हातु के छठ घाट की सफाई नगर परिषद द्वारा ही सफाई कराई जाती है. सफाई अभियान शुक्रवार को भी चला. शनिवार को व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा. उदीयमान भुवन भास्कर को अ का वितरण गांधी टोला के स्थानीय युवकों के द्वारा किया जाता है.

## आदित्यपुरः छठ को स्वच्छ और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में जुटे हैं सामाजिक और धार्मिक संगठन

### बबलू शर्मा के नेतृत्व में व्रतियों की हो रही सेवा



आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड नंबर 18 स्थित राम मड़ैया बस्ती में सामाजिक कार्यकर्ता बबलू कुमार शर्मा पिछले 5 साल से छठ व्रतियों की सेवा करते आ रहे हैं. शुक्रवार को भी वे छठ व्रत धारियों के बीच नारियल, गागर नींबू, लौकी, अगरबत्ती, आम की लकड़ी और माचिस का वितरण किया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके साथ मुख्य रूप से संतोष तिवारी, राजेश शर्मा (गुरु जी), मनोज प्रमाणिक, दिवेश कुमार, राजू सिंह, प्रेम कुमार , दीपक कुमार , पवन ठाकुर, अमरनाथ शर्मा, उदय कुमार, साकेत तिवारी सभी सदस्य सक्रिय रूप से लगे रहे.

### नगर निगम के निवर्तमान डिप्टी मेयर भी लगे



सालडीह छठ घाट को सजाने संवारने का काम सामाजिक कार्यकर्ता और नगर निगम के निवर्तमान डिप्टी मेयर अमित सिंह उर्फ बॉबी सिंह पिछले 15 वर्षों से लगे हैं. इस वर्ष भी वे शुक्रवार को छठ घाट का निरीक्षण कर यह भरोसा दिलाया है कि सालडीह छठ घाट पर व्रतियों को अव्वल दर्जे की सुविधाएं मिलेगी. उनके साथ इस नेक कार्य में देवेश महापात्र, कृष्ण मुरारी झा, बरजोराम हंसदा, गुरजीत सिंह, गणेश कालिंदी आदि सक्रिय रूप से लगे हैं.

जमुआ (गिरिडीह)

## साफ-सफाई काम में लगी है नव युवक समिति


मुखिया और नवयुवक समिति द्वारा घाटों की सफाई की गई.

मुखिया और नवयुवक समिति कर रही तालाबों की सफाई महापर्व छठ को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी तालाबों, नदी, के छठ घाटों की सफाई पंचायत के मुखिया, नवयुवक समिति द्वारा की जा रही है. प्रखंड क्षेत्र के जलीय सूर्य मंदिर में छठ पूजा समिति, बड़का आहार जमुआ में नवयुवक समिति, प्रखंड मुख्यालय से सटे हरला तालाब में मुखिया प्रतिनिधि उमेश यादव व नवयुवक समिति हरला, लताकी पंचायत के मुखिया संजय हाजरा, जिला परिषद सदस्य संजय हाजरा ने लताकी के विभिन्न घाटों की साफ सफाई स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से किया. लताकी में नंदकिशोर पांडेय, अनिल हाजरा, वीरेंद्र हाजरा, बिपिन भट्ट, अनिल राय, माणिक हाजरा सहित कई लोगों ने छठ घाट की सफाई में शामिल थे.

बोकारो

## सेवा समिति ने की छठ घाट व रास्ते की साफ-सफाई


छठ घाट व रास्ते को दुरुस्त करते समिति के सदस्य.

बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड के अमलाबाद छठ पूजा सेवा समिति की ओर से लगातार दो दिनों से दामोदर नदी के तट पर अमलाबाद छठ घाट आने जाने के रास्ते व घाटों की साफ सफाई की गयी. शुक्रवार को भी समिति की ओर से जगह जगह गड्ढे को मिट्टी और मोरम से भरकर रास्ते को दुरुस्त व समतल किया गया. समिति के कर्मियों ने बताया कि छठव्रतियों को किसी तरह की कठिनाई नहीं हो ऐसी कोशिश की जा रही है. बताया गया कि समिति की ओर से सेवा के उद्देश्य से नदी में व्रतियों के लिए कपड़े बदलने के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम, रास्ते में लाइट आदि का भी प्रबंध कराने की योजना है. मौके पर समिति के विजय पासवान, मनोज कुमार, अजीत राम, नीरज प्रजापति, किस्मत चौधरी, अनूज पासवान, राहुल, सन्नी, तिलक, बबन, प्रकाश, बिट्टू सिंह, केशव, रोहित हरी, भीमा, गौतम, आकाश, सुभम, बिपुल, सुमा महतो व अन्य मौजूद थे.

रांची

## समितियों ने झोंकी ताकत, सज-धज रहे छठ घाट

### साफ-सफाई से लेकर साज-सज्जा में जुटे श्रद्धालु

महापर्व छठ पूजा सिर्फ व्रती और परिवारजनों के लिए ही श्रद्धा और भक्ति की सौगात नहीं लाती, बल्कि सामाजिक संगठन भी इसमें किसी न किसी रूप में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाते हैं. शहर के कई छठ घाटों में शुक्रवार को इसका जीवंत नजारा देखने को मिला. बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न पूजा समिति के बैनर तले व्रति और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रख हर संभव उपाय कर रहे हैं. कइ तो निःस्वार्थ भाव से आर्थिक रूप से कमजोर व्रतियों के बीच पूजन सामग्री भी बांट रहे हैं.

**सेवा को समर्पित है समितियां :** दिनकर छठ पूजा समिति, हेसल डैम साइट–समिति के सदस्य घाट की साफ–सफाई करा रहे हैं. समिति के ललित और दीपक ओझा ने बताया कि सूर्योपासना के मौके पर यहां अर्घ्य के लिए दूध का वितरण किया जायेगा. इसके अलावे श्रद्धालुओं के लिए चाय की भी व्यवस्था की जा रही है.

**स्टेन रोज क्लब छठ पूजा समिति :** समिति के सदस्य स्वर्णरेखा घाट की साफ–सफाई इस साल भी करायेंगे. समिति के दीपक राणा के अनुसार यहां छठ के मौके पर व्रतियों तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ख्याल रखने का पूरा प्रयास किया जायेगा.

**स्टूडेंट्स फेडरेशन छठ पूजा समिति, लेक रोड :** घाट के आसपास आकर्षक सज्जा और विद्युत की व्यवस्था का काम किया जा रहा. राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि यहां वर्षों से लगातार छठ के विशेष मौके पर व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए खास इंतजाम किये जाते रहे हैं.

**सूर्य मंदिर ट्रस्ट, धुर्वा :** समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि व्रतियों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा में कोई कसर नहीं छोटा जायेगा. समीर कुमार ने बताया कि पूजा के दौरान घाट में समिति के सदस्य सेवा को मुस्तैद रहेंगे. साथ ही विद्युत आदि की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को अपना पूर्ण सहयोग देंगे.

**भारतीय यूथ संगठन, हटनिया तालाब :** संगठन इस बार भी आकर्षक विद्युत सज्जा करेगा. साथ ही व्रती और श्रद्धालुओं के बीच छठ सामग्री का वितरण किया जायेगा. अध्यक्ष राजेंद्र गोप कइला ने बताया कि इसकी तैयारी जोर–शोर से चल रही है. व्रतियों की सहूलियत का पूरा ध्यान रखा जायेगा.



### स्थापित की जाएगी भगवान सूर्य की प्रतिमा

युवा सहयोग समिति, सरोवर नगर डैम साइट, लाइन टैंक तालाब चडरी, जेल रोड तालाब सहित शहर के कई प्रमुख छठ घाटों पर भगवान सूर्य देव की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा–अर्चना की जायेगी. महापर्व के मौके पर समिति द्वारा सफाई के अलावा विद्युत सज्जा भी की जा रही है. व्रतियों तथा श्रद्धालुओं के बीच दूध आदि का भी वितरण किया जायेगा. इसके अलावा छठ पूजा समितियों द्वारा व्रती और श्रद्धालुओं को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा.

तेनुघाट

## घाट की सफाई में जुटे श्रद्धालु



महापर्व छठ शुक्रवार से शुरू हो गया है. जिसे लेकर तेनुघाट शिविर संख्या 2 एवं 3 में छठ घाट की श्रमदान कर सफाई की गई. इससे पहले जेसीबी मशीन से छठ घाट जाने वाले रास्ता से गंदगी साफ की गई. उसके बाद रास्ते को दुरुस्त किया गया. इस साफ सफाई के काम में लोगों ने काफी सहयोग किया.बताया गया कि रास्ते को ठीक कर दिया गया है. ताकि छठ वर्तधारियों और श्रद्धालु को घाट जाने में परेशानी न हो. छठ घाट की सफाई में अरूण कुमार सिन्हा, अरविन्द सिंह, द्वारिका नाथ तिवारी, प्रमोद सिंह, प्रदीप कुमार चौधरी, जगदीश सिंह, भोला सिंह, रानू सिंह, मुकेश कुमार, प्रभात कुमार, शैलेश चंद्र ददन आदि ने अपना योगदान दिया.



गोड्डा

## शहर के सबसे पुराने मूलर्स टैंक में पसरी है गंदगी, व्रती दूसरे घाट जाने को हो रहे विवश

अंग्रेज शासन काल में हुए भीषण अकाल के वक्त मजदूरों को काम मिले, इसके लिए पुराने शहर के बीचोबीच बाबूपाड़ा मोहल्ला में काफी बड़े भू-भाग पर लंबा चौड़ा पोखर का निर्माण करवाया गया था. पोखर का नामकरण भी तत्कालीन अंग्रेज शासक के नाम पर मूलर्स टैंक पड़ा था. छठ पूजा के मौके पर इस पोखर का कोना कोना व्रतियों से पटा रहता है. मगर पिछले दो वर्षों से नगर परिषद की अदूरदर्शिता की वजह से व्रतियों को कष्ट झेलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. वर्तमान में पोखर की हालत ऐसी है कि पानी से उठने वाली बदबू के कारण जल में कोई प्रवेश नहीं करना चाहता है. पिछले वर्ष इस पोखर का जीर्णोद्धार कराया जाना था. ठेकेदारी करवाने की लालच में नगर परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा रातों-रात इस पोखर का पानी बाहर निकलवा दिया गया. पानी नहीं रहने के कारण पोखर में किसी मूर्ति का विसर्जन भी नहीं किया जा सका. पानी नहीं रहने की वजह से छठ पूजा करना भी मुश्किल हो गया था. ऐन वक्त पर राजनीतिक उठा पटक के बीच ठेकेदारी का काम भी रद्द हो गया और जिला परिषद के अध्यक्ष की कुर्सी भी चली गई और समस्या ज्यों की त्यों बनी रही. पिछले वर्ष तत्कालीन प्रशिक्षु आईएएस एसडीओ ऋतुराज द्वारा किए गए प्रयास के बाद सुंदर डैम का पानी पोखर में भरने का प्रयास किया गया था और किसी प्रकार छठ हो पाया था. मगर इस वर्ष ऐसा भी नहीं हो पाया. बरसात में शहर के नाले का पानी पोखर तक तो पहुंच गया मगर पानी में इतनी गंदगी है कि खड़ा रहना भी मुश्किल है. नगर परिषद ने साफ सफाई भी ढंग से नहीं कराई. इस वजह से पोखर पर आने वाले अधिकांश व्रती अन्यत्र घाट पर जाने को विवश हैं. अंतिम समय में प्रशासन की नींद टूटी है और साफ सफाई के नाम पर औपचारिकता निभाई जा रही है.

हजारीबाग





## दुरुस्त किए जा रहे हैं छठ घाट

**बरकट्ठा**

लोक आस्था व उपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर बरकट्ठा प्रखण्ड के जिला परिषद दक्षिणी क्षेत्र के बरकट्ठा घाट,करोंजवा घाट, शिलाडीह घाट, पंचबेहनी घाट,गोरहर घाट,देवी मंडप घाट,राजकीय बुनियादी विधालय बेलकप्पी घाट,सूर्यकुण्ड घाट के अलावे क्षेत्र के दर्जनों छठ घाटों को जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रयास से साफ-सफाई एवं सुदृढ़ किया जा रहा है. वह पिछले 4 दिनों से जेसीबी से जिला परिषद बरकट्ठा दक्षिणी क्षेत्र में कार्य कर रही है. इस अवसर समाजसेवी सी.के पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय, अजीत पाण्डेय, छोटी महतों, मुकेश तिवारी, मेघलाल पासवान, आशिष कुमार पाण्डेय, रिंकु माली, शेषनाथ सिंह, चंदन ठाकुर, पंकज पाण्डेय, राजेंद्र तिवारी, शिशुपाल यादव, अर्जुन राम, भीम रवानी, प्रदीप राम, अभय पाण्डेय, संतोष रवानी, राजेन्द्र रवानी के अलावे दर्जनों लोग अपने अपने छठ घाट पर उपस्थित रहे.

**चौपारण**

बच्छई पंचायत के ग्राम डुमरी में छठ पूजा घाट को मुखिया बिरेन्द्र रजक, उपमुखिया संजय साव समाजसेवी जीतू रजक, रंजीत गुप्ता, जगरनाथ साव, अशोक रजक, धनेस्वर साव, बासुदेव साव, प्रदीप साव, अमर दीप साव, पिंटू कुमार, राकेश रजक, रघुनाथ साव, पंचायत के सभी समाजसेवी ने साफ सफाई की और सभी ग्रामवासी से आग्रह किया कि विधि व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखें ताकि कोई अप्रिय घटना नहीं हो.

**दारू**

दारू प्रखंड के जिनगा पंचायत के जिनगा में ग्रामीणों के सहयोग से पंचायत भवन से लेकर लंगरी छठ घाट तक कंक्रीट सड़क का ग्रामीणों के सहयोग से साफ सफाई की गई. आधा किलोमीटर दूरी तक आने जाने वाली सड़क को दुरुस्त कराया ताकि छठ पूजा में आने जाने वालों को दिक्कत नहीं हो. लंगरी छठ घाट पूरी तरह स्वच्छ एवं जलाशय में सुरक्षा के लिए बांस से बैरिकेडिंग कर दी गई है.

चाकुलिया


कूपन नदी छठ घाट.

## भक्तों की सेवा में जुटा है छठव्रती सेवा मंच

चाकुलिया से 8 किलोमीटर दूर बड़शोल स्थित कूपन नदी छठ घाट इकलौता छठ घाट है. नगर पंचायत क्षेत्र में कोई छठ घाट नहीं है. छठव्रती सेवा मंच छठ व्रतियों की सेवा में जुटा है. घाट की सफाई कराई जा रही है. इसमें प्रशासन भी सहयोग कर रहा है. मंच द्वारा छठ घाट पर श्रद्धालुओं के लिए रोशनी की व्यवस्था भी की जाती है. इसके अलावे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंच द्वारा घाट पर दूध पेयजल चाय आदि की भी व्यवस्था की जाती है. मंच के सदस्य घाट की सजावट भी करते हैं. मंच के परमानंद सिंह, सत्येंद्र सिंह, रत्नेश सिंह, नवीन केड़िया, प्रतीक सिंह, बद्री राउत, सुरेश सिंह समेत अन्य सदस्य घाट की साफ सफाई में जुटे हुए हैं.

मैथन


व्रतियों को गेहूं व नारियल देते समिति के सदस्य.

## छठ पूजा सेवा समिति ने किया कद्दू, गेहूं और नारियल का वितरण

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर शुक्रवार को कुमारधुबी बाजार स्थित संकट मोचन धर्मशाला के समीप छठ पूजा सेवा समिति द्वारा छठव्रतियों के बीच 11 क्विंटल कद्दू का वितरण किया गया. मौके पर मुख्य रूप से सेवा समिति की कोषाध्यक्ष सह समाजसेवी मधु सिंह ने बताया कि पिछले 31 वर्षो से सभी के सहयोग से यहां छठव्रतियों के बीच कद्दू का वितरण किया जाता रहा है. इसी उपलक्ष्य में शुक्रवार को भी छठ पूजा सेवा समिति द्वारा छठव्रतियों के बीच 11 क्विंटल कद्दू का वितरण किया गया. हनुमान दरबार द्वारा छठव्रतियों के बीच 5 क्विंटल गेहूं और 6 बोरा नारियल का वितरण भी किया गया. इस अवसर पर हनुमान मंदिर के पुजारी गणेश बाबा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हनुमान दरबार द्वारा छठव्रतियों के बीच गेहूं और नारियल का वितरण किया जाता है. इसी क्रम में शुक्रवार को छठव्रतियों के बीच गेहूं और नारियल का वितरण किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने ऑटो में मारी टक्कर

**जमशेदपुर ।** उलीडीह थाना अंतर्गत एनएच 33 पर शुक्रवार को महिंद्रा शोरूम के पास रफ्तार का कहर देखने को मिला. एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने ऑटो को टक्कर मार दी. इस घटना में ऑटो चालक 52 वर्षीय गणेश तंतुबाई गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद गुस्साए लोगों ने ट्रेलर पर पथराव कर दिया. घायल गणेश तंतुबाई को स्थानीय लोगों ने तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. गणेश ऑटो चलाने का काम करते थे और काम खत्म कर वापस अपने घर लौट रहे थे. यह पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है. सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि गणेश अपनी ऑटो लेकर सड़क पार कर रहे थे.

### चौका पुलिस ने पकड़ा बालू लदा दो ट्रैक्टर

**चांडिल।** चौका थाना की पुलिस ने अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है. इस संबंध में थाना प्रभारी शैलेंद्र टुडू ने चांडिल के अंचल अधिकारी और जिला परिवहन पदाधिकारी को पत्र लिखकर बालू और अन्य संबंधित कागजातों की जांच व सत्यापन करने के लिए पत्र लिखा है. इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि रात के अंधेरे में दोनों ट्रैक्टर रोयाडीह से होते हुए दुबराजपुर के पास एनएच निकलने वाली सड़क होकर जा रहे थे. इसी क्रम में पुलिस ने दुबराजपुर के पास दोनों ट्रैक्टर को पकड़ा है. प्रारंभिक जांच के बाद थाना प्रभारी ने अंचल अधिकारी व जिला परिवहन पदाधिकारी को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है. पुलिस की लाख पहरेदारी के बाद भी बालू का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है. आए दिन पुलिस बालू लदे वाहनों का जब्त कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है.

### नील गायों के आतंक से किसान परेशान

**कान्हाचट्टी ।** प्रखंड के कुछ जंगली गांवों में इन दिनों झुंड से बिछड़े नील गायों का आतंक बढ़ गया है. शाम होते ही ये गायें किसानों के खेतों में प्रवेश कर जाते है और किसान द्वारा लगाये गये फसल को खा जाते है. सूचना के अनुसार कठोतिया, वैदविगहा, हेसाग आदि गांवों में इन दिनों नील गायों का कहर जारी है. नीलगाय किसानों के फसल को बर्बाद कर रहे हैं ऐसे में किस खासे से चिंतित है.

### डीसी ने की निर्वाचन शाखा की समीक्षा

**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने शुक्रवार को निर्वाचन शाखा की समीक्षा की. नए मतदाता पहचान पत्र का आवेदन कम प्राप्त होने पर नाराजगी जाहिर की. सभी बीएलओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 21, 22 एवं 23 नवंबर को अपने बूथ में उपस्थित रहकर अर्हता प्राप्त महिला एवं पुरुष के आवेदन प्राप्त करे, उसी दिन बीएलओ एप के माध्यम से आवेदनों का निष्पादन भी करें. उन्होंने कहा कि इस अवधि में वे प्रत्येक संध्या ईआरओ, एईआरओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ प्राप्त किये गए प्रपत्रों की समीक्षा करेंगे. मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024, 9 दिसंबर 2023 तक चलेगा. इस अवधि में अर्हता रखने वाले पुरूष, महिला अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं.

---

चिल्ड्रेन पार्क में बाल मेला का समापन 24 नवंबर को, सरयू राय ने राज्यपाल को किया आमंत्रित

# बाल मेले के समापन समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

**संवाददाता ।जमशेदपुर**

सिदगोड़ा चिल्ड्रेन पार्क में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय बाल मेला का समापन समारोह 24 नवंबर को आयोजित होगा. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपस्थित रहेंगे. शुक्रवार को विधायक सरयू राय मेला आयोजकों की तरफ से राज्यपाल से मिले और समापन समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया. राज्यपाल ने समापन समारोह में शामिल होने की सहमति प्रदान की. उल्लेखनीय है कि विश्व बाल दिवस के अवसर पर 20 नवंबर से पांच दिवसीय बाल मेला का आयोजन



राज्यपाल को आमंत्रण पत्र देते सरयू राय.

स्वर्ण क्षेत्र विकास ट्रस्ट तथा झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के संयुक्त तत्वाधान में होगा. मेला में जमशेदपुर एवं आस-पास के विद्यालयों के छात्र एवं शिक्षक करीब एक दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे. बच्चों को शारीरिक सुदृढ़ीकरण के लिए खेलों के आयोजन के साथ ही बच्चों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.

मेला के दौरान बाल अधिकार संरक्षण विषय पर 22 नवंबर को सेमिनार आयोजित किया जायेगा जिसे राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो संबोधित करेंगे. उनके साथ झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्षा काजल यादव, सदस्य सुनील वर्मा एवं संजय मिश्रा आदि उपस्थित रहेंगे. मेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) तथा बच्चों से संबंधित जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग भी शामिल हो रहे है. साथ ही भारत सरकार के एनसीईआरटी एवं नेशनल बुक ट्रस्ट भी अधिकारिक रूप से मेला में भाग लेंगे और अपना-अपना स्टॉल लगायेंगे. मेला में करीब 50 स्टॉल लगाये जायेंगे. जिसमें डालसा, एनसीईआरटी, नेशनल बुक ट्रस्ट, प्रभात प्रकाशन तथा जिला प्रशासन के 10 विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे.

**लगेगा मेला**
- सरयू राय आयोजकों की तरफ से राज्यपाल से मिले
- एक दर्जन से अधिक खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी

---

**आओ जानें**

## सामान्य ज्ञान

- रातापानी टाइगर रिजर्व किस राज्य में है – मध्य प्रदेश
- झारखंड में झारखंड धाम किस जिले में है – गिरिडीह
- मुस्लिम लीग की स्थापना कब हुई थी – 1906
- आईसीसी हॉल ऑफ़ फेम में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर – डायना एडुल्जी
- किन चट्टानों को धात्विक खनिज का भंडार कहा जाता है – धारवाड़ युगीन
- मिशन वात्सल्य किस राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया है – महाराष्ट्र
- पीतल का निर्माण किससे किया जाता है – तांबा और जिंक
- इंटरनेट का प्रयोग पहली बार कहां हुआ था – अमेरिका के रक्षा अनुसंधान में
- किस कंपनी ने भारत का पहला एलएनजी संचालित हॉलेज ट्रक लॉन्च किया है – अशोक लीलैंड
- रासायनिक रूप से इंसुलेट क्या होता है – प्रोटीन

---

मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे गढ़वा

# आईईसी वैन सभी पंचायतों में जाएगी : जितेंद्र श्रीवास्तव

**संवाददाता ।गढ़वा**

संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भारत सरकार सह जिला प्रभारी पदाधिकारी वीबीएसवाई (गढ़वा) जितेन्द्र श्रीवास्तव अपने दो दिवसीय दौरे पर गढ़वा पहंचे. उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक किया. परिसदन भवन में उपायुक्त शेखर जमुआर एवं उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने उनके गढ़वा आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया. जिसके उन्होंने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की. बैठक में मुख्य रूप से विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जानकारी देते हुए संयुक्त सचिव द्वारा बताया गया कि यह योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो विभिन्न चरणों में संपादित होगी. जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री के द्वारा झारखंड के खूंटी जिले से 15 नवंबर को शुभारंभ किया गया है. योजना के तहत आईईसी वैन जिले के सभी पंचायतों का दौरा करेगी. जहां जमीनी स्तर की गतिविधियां होंगी.

कहा कि इन जगहों पर लोगों से बात की जाएगी और उन्हें केंद्र सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जाएगी. उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन तैयार की गई है, जो देश के एक विशाल क्षेत्र को कवर करेंगी. क्योंकि सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि योजनाओं का लाभ एक समय में लोगों के सभी वर्गों तक पहुंचे. वैन गढ़वा जिला के सभी पंचायतों में जाकर योजनाओं की जानकारी आमजनों को देगी. कार्यक्रम को लेकर प्रभारी पदाधिकारी द्वारा वैन का रूट चार्ट अच्छे से बनाने, जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का अधिष्ठापन करने, नोडल एवं प्रभारी पदाधिकारी प्रतिनियुक्त करने, ग्राम पंचायत लेवल कमेटी बनाने समेत कई आवश्यक निर्देश दिए गए. जिससे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वैन का संचालन अच्छे से किया जा सके. कार्यक्रम की नियमित रिपोर्टिंग एवं जियो टैग फ़ोटो पोर्टल पर अपलोड करने को लेकर एनआईसी इंचार्ज को आवश्यक निर्देश दिए गए. इस दौरान पंचायतों में हेल्थ कैम्प का आयोजन करने एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन करने को लेकर भी निर्देश दिए गए. बैठक में प्रभारी पदाधिकारी द्वारा पीएम किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग के विभिन्न इंडिकेटर समेत योजनाओं की भी समीक्षा की गई.



**दिए निर्देश**
- योजनाओं की अद्यतन प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई
- योजना का शुभारंभ खूंटी जिले से किया गया है
- 15 नवंबर को इस योजना का शुभारंभ किया गया

**स्वच्छ भारत के तहत बने शौचालय की जानकारी ली**

पीएम किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए प्रभारी पदाधिकारी द्वारा जिले में किसानों की संख्या के एवज में अब तक दिए गए किसानों को उक्त योजना संबंधित जानकारी ली गई. आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग के 49 इंडिकेटरों पर आवश्यक ध्यान देने का निर्देश दिया गया. जिससे डेल्टा रैंकिंग में जिले को एक अच्छा स्थान पर ले जाया जा सके एवं जिले को पूर्ण रूप से विकासशील जिला बनाया जा सके. जल जीवन मिशन योजना के तहत स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र को भी जोड़ने का निर्देश दिया गया. स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनाए गए शौचालय के भी जानकारी ली गई. साथ ही वेस्ट मैनेजमेंट सेग्रीगेशन को लेकर भी पंचायत में बनाए जाने वाले स्ट्रक्चर को प्लानिंग के तहत निर्माण का निर्देश दिया गया. आवेदनों का फॉलो अप कर बैंक प्रबंधक एलडीएम एवं जिला कृषि पदाधिकारी को आपस में समन्वय बनाकर योग्य कृषकों को पीएम किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ देने का निर्देश दिया गया. हर प्रखंड में एक मॉडल विलेज बनाने एवं हर प्रखंड में एक किसी खास योजना के क्रियान्वयन कराने को कहा जिससे क्षेत्र को आकर्षित बनाया जा सके.

---

तीन जिलों में छठ पर्व को लेकर पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है

# ड्रोन से होगी निगरानी : आईजी

**संवाददाता।मेदिनीनगर**

पलामू प्रमंडल में लोक आस्था का महान पर्व छठ नहाए-खाए के साथ शुरू हो गया. छठ पर्व को लेकर जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है. इसको लेकर पलामू रेंज के आईजी राजकुमार लकड़ा ने तीनों जिलों के एसपी को आदेश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए ड्रोन से निगरानी करने का निर्देश दिया है.

घाटों की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि तीनों जिले में छठ को लेकर पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है. पर्व के दौरान लोगों को जाम का सामना ना करना पड़े, इसके लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं. कई वाहन घाट तक जाते हैं, जिन्हें रोकने के लिए बैरिकेड लगाए जा रहे हैं. घाटों में पार्किंग की भी व्यवस्था की जा रही है. ऐसे में कई जगहों को भी चिन्हित किया गया है. आईजी राजकुमार लकड़ा ने बताया कि पूजा के दौरान घाटों में चोरी और जेबकतरों को रोकने के लिए पुलिस नजर रखेगी. पब्लिक अनाउंस सिस्टम की मदद से लोगों को जागरूक किया जाएगा. वहीं पूजा के दौरान पुलिस सादे लिबास में भी मौजूद रहेगी. आईजी ने बताया कि पूजा के दौरान कई लोग अपने घरों में ताला लगाकर घाटों में जाते हैं. ऐसे में कई बार घरों में चोरियां भी होती है. इसे रोकने के लिए एक टीम का गठन किया गया है, जो बनाए गए रूट पर लगातार गश्त करेगी.



**प्रशासन चुस्त**
- घाटों की सफाई को लेकर आईजी ने दिए निर्देश
- पूजा को लेकर यातायात व्यवस्था में बदलाव किये गए

### वाहन दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

**नोवामुंडी :** गुवा थाना क्षेत्र के लालजी हाटिंग निवासी कमांडो तथा पोरस हाटिंग निवासी (60 वर्ष) उत्तम चंद्र दास गुवा से कोईड़ा जाने के क्रम में बड़बिल से आगे उसकी बाइक अज्ञात वाहन से टकरा गई. जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दोनों गिर पड़े. इस दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठा गुवा पोरस हाटिंग निवासी उत्तम चंद्र दास की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, बाइक चालक गुवा लालजी हाटिंग निवासी कमांडो गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों ने तुरंत ही इसकी सूचना उड़ीसा पुलिस बड़बिल को दी. पुलिस मौके पर पहुंच गंभीर रूप से घायल कमांडो को पुलिस ने इलाज के लिए कटक भेज दिया है. घटना की सूचना उसके घर वालों को दे दी गई है.

## राम जानकी चौक का हुआ शिलान्यास, हुआ नामकरण

**संवाददाता।नीलांबर पीतांबरपुर**

कोटखास ठाकुरबाड़ी चौक का नामकरण श्रीराम जानकी चौक किया गया है. विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुक्रवार को इसका नामकरण किया गया. श्रीराम जानकी चौक के बोर्ड का अनावरण हनुमत लाल ने ध्वजारोहण के साथ किया. मौके पर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आशा देवी, पंचायत की मुखिया जूली सिंह, कुरान पंचायत की मुखिया पूनम देवी, समाज सेविका सुबी जायसवाल भी मौजूद थे.

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि जिस दिन अयोध्या में रामलला विराजमान होंगे इस तिथि यानी 22 जनवरी 2024 को ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण में नए सिरे से राम दरबार सजाकर उनकी प्राण प्रतिष्ठा होगी. इसके लिए सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है इसे लेकर सभी जनप्रतिनिधियों ने भी हर संभव सहयोग करने का संकल्प लिया. मौके पर सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, संरक्षक पंडित सतीश मिश्रा, बलकेश पासवान, मुनेंद्र नाथ दुबे, रिटायर्ड सूबेदार मेजर सुबा सिंह, ठाकुरवादी मंदिर के प्रबंधक ओमप्रकाश सौंडिक, संदीप कुमार, गौतम सिंह, शशि सिंह, पप्पू सिंह, अंजनी सिंह, मनोज मिश्रा, सुभाष मिश्रा, ज्ञानुराई संदीप विश्वकर्मा, वशिष्ठ पासवान, सुनील पासवान, बसंत पासवान बबलू सिंह आदि उपस्थित थे.

---

## डीडीसी ने व्यापक प्रचार प्रसार का दिया आदेश

**संवाददात।धनबाद**

24 नवंबर से जिले में शुरू होने वाली आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सरकारी की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना हम सभी का लक्ष्य है.

इसमें आवास विहीन लोगों के लिए अबुआ आवास योजना एवं आर्थिक तंगी के कारण उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रहने वाले छात्रों के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना मुख्य है. इसे लेकर अपने अपने प्रखंड में सभी तरह की तैयारी पूरी कर ले. सभी शिविरों में कल्याण मंच बनाए, इस मंच से परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा. साथ ही प्रत्येक शिविर में लाभुकों को माननीय मुख्यमंत्री का सीधा प्रसारण दिखाने के लिए टेलीविजन एवं इंटरनेट कनेक्शन की व्यवस्था करे. व्यापक रूप से प्रचार प्रसार भी करे ताकी लोगों को समय से सभी योजनाओं की जानकारी मिल सके. कॉन्फ्रेंसिंग में निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद और अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक मौजूद थे.



---

आरपीएफ के जवान खोजी कुत्ते की मदद से जांच अभियान चला रहे हैं

## स्टेशन पर चला जांच अभियान

**संवाददाता।जमशेदपुर**

चक्रधरपुर मंडल आरपीएफ और वाणिज्य विभाग ने पर्व त्यौहार को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है. टाटानगर स्टेशन की ट्रेनों में आरपीएफ के जवान खोजी कुत्ते की मदद से जांच अभियान चला रहे हैं. दूसरी ओर, दक्षिण पूर्व जोन से पार्सल कर्मचारियों को आदेश दिया गया है कि कोई भी पैकेट बगैर जांच के बुक न करें. शुक्रवार को आरपीएफ के जवानों ने खोजी कुत्ते व मेटल डिटेक्टर से प्लेटफार्म, वेटिंग हॉल व ट्रेनों की आरक्षित कोच में यात्रियों की बैग व अन्य लगेज की जांच की. मालूम हो कि दिवाली को लेकर टाटानगर से खड़गपुर व राउरकेला तक सर्तकता बरती जा रही है. पार्सल से ज्यादा ट्रेनों की कोच पर रेलवे वाणिज्य और आरपीएफ की नजर है. जांच के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पटाखा लेकर ट्रेन में सवार नहीं होने की अपील की जा रही है. पिछले दिनों कई ट्रेनों में आग लगने की घटना घटी है. इससे रेलवे दिवाली में आग से बचाव के लिए ज्यादा सावधानी बरत रहा है.



खोजी कुत्ते की मदद से जांच करती टीम.

**आरपीएफ मुस्तैद**
- आरपीएफ ने त्यौहार को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है
- पार्सल से ज्यादा कोच पर है जवानों की नजर

---

**पेज 1 का शेष...**

### यादव वोटरों को गोलबंद....

भाजपा ने अब तक तीन यदुवंशियों के हाथों में प्रदेश अध्यक्ष की कमान दी है. भाजपा से ज्यादा यदुवंशियों को कोई दूसरा सम्मान नहीं दे सकता है. पार्टी की ओर से आयोजित भव्य सम्मेलन में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने यदुवंशियों को जातिवाद के बंधन से मुक्त होने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि यदुवंशियों ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ हमेशा लड़ाई की है. समाज में शांति स्थापित करने में आगे रहा है, लेकिन लालू प्रसाद ने यदुवंशियों के चेहरे को भय के रूप में तब्दील कर दिया. श्रीकृष्ण जिस तरह गरीब कल्याण में लगे थे, पीएम मोदी भी उसी तर्ज पर गरीब कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारने में लगे रहते हैं. उन्होंने लालू प्रसाद से मोह तोड़ने और भाजपा की शक्ति बनने की सलाह यदुवंशियों को दी.

**लालू उवाच : आजकल 'कंस' भी कर....**

राबड़ी देवी मुख्यमंत्री नहीं होती तो आज महागठबंधन की सरकार नहीं होती. सबसे बड़ी बात है कि एक तरफ भाजपा यादव वोटरों को साधने में जुटी है, वहीं महागठबंधन के दो बड़े घटक दल राजद और जदयू भाजपा के परंपरागत वोटरों में सेंध लगाने की जुगत में है.

**भूमिहार वोटरों पर डोरे डाल रहे पिता-पुत्र, नीतीश राजपूतों को रिझाने में जुटे :** कुछ ही दिन पूर्व लालू प्रसाद और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में शिरकत की थी और भूमिहार वोटरों को रिझाने की हरसंभव कोशिश की थी. वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसके एक दिन बाद सहरसा के पंचगछिया में पूर्व सांसद आनंद मोहन के दादा स्व. राम बहादुर सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया और इस मौके पर राजपूत वोटरों को डोरे डाले. असल में भाजपा देख रही है कि जबतक पिछड़े-अति पिछडे वोटों की उसके पक्ष में गोलबंदी नहीं होगी, तब तक लोकसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत दर्ज करने में मुश्किलें आएंगी. वहीं, महागठबंधन भी अगड़ी जाति के वोटरों को अपने पक्ष में कर 2024 लोकसभा की वैतरणी पार करना चाहता है.

### आर्थिक संवृद्धि में सहायक....

सांस के सूप और दौरा जो प्रधान तत्व है, महादलित बंधुओं द्वारा बनाया जाता है. विविध पकवान में पूरा बाजार है, तो कच्चे- पके फलों में पूरा देश समाहित प्रतिबिंबित होता है. सेव हिमालय क्षेत्र का तो संतरा महाराष्ट्र का और नारियल समुद्र तटीय. विविध प्रकार के नींबू तो पूर्वांचल के पाईन एप्पल. देश विदेश के सूखे मेवे तो समर्पण के साक्षी दीप, धूप और दर्जनों स्थानीय फल- फूल. अर्घ्य के लिए दूध तो दोनों शाम-सुबह. गांव का बना गुड़ और घवद भर केला तो अनिवार्य. अवर्णनीय, जैसी व्यवस्था वैसा विनियोजन.

अब यदि अकेले छठ की आर्थिकी का आकलन किया जाए तो एक लाख करोड़ से तो कम की बात हीं नहीं. एक-एक व्रती परिवार से न्यूनतम एक- दो से लेकर दर्जनों सूप अर्घ्य दान होते हैं. आवश्यक वस्तुओं के मूल्य आसमानी. यह है हमारे पर्व त्योहारों में निहित समावेशी आर्थिकता के सामाजिक सूत्रण. इन पर्वों की व्यापकता और मान्यता बड़ी तेजी से बढ़ रही है.देश के बाजार इन अवसरों पर अकूत मुनाफा बटोरते हैं. पर संतोष यह है कि इस आर्थिक संव्यवहार में बड़ा लाभुक भारत का किसान, कारीगर, मजदूर और छोटा व्यापारी होता है. भारतीय पर्व राष्ट्रीय आय बढ़ाने के महत्वपूर्ण आयाम हैं, पर किन्हीं कारणों से सरकार इस सामयिक अत्यावश्यक बाजार को सरल सुगम और सहकारी बनाने का सहभागी प्रयास नहीं करती.

---

**कार्यक्रम** बिरसा मुंडा जयंती सह राज्य स्थापना दिवस समारोह का ओडगा में हुआ कार्यक्रम

# भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी से प्रेरणा लें : एनोस एक्का

**संवाददाता।जलडेगा**

प्रखंड के ओड़गा उच्च विद्यालय मैदान प्रांगण में बिरसा मुंडा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया. उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का,विशिष्ट अतिथि सुजान मुंडा एवं थाना प्रभारी पंकज कुमार उपस्थित थे.

इस दौरान आयोजन समिति के द्वारा आगंतुक अतिथियों को माला पहनकर स्वागत किया गया. इस दौरान सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, इसके बाद विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया. इसके बाद नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न आसपास के गांव के नृत्य मंडलियों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुति करते हुए उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया. वहीं इस मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड ही नहीं अपितु पूरे आदिवासी जनजातीय समुदाय के लिए एक जननायक के रूप में जाने जाते हैं ,जिन्हें हम भगवान का दर्जा दिया गया है. जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लगातार उलगुलान छेड़ते हुए हक अधिकार की रक्षा के लिए अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई थी,उन्होंने जिस प्रकार से अंग्रेजी हुकूमत के सत्ता को हिला कर रख दिया था, हमें उनकी जीवनी से सीख लेने की आवश्यकता है. आप सभी अपने हक अधिकार के लिए संगठित रहें और समाज में दबे कुचले लोगों को आगे लाने का प्रयास करें. भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के दिन ही इस राज्य की स्थापना हुई और राज्य बने हुए 23 साल हो गए, लेकिन वर्तमान समय में जो राज्य की हालत है वह किसी से छुपा हुआ नहीं है. हर तरफ लूट ,हत्या ,बलात्कार और राज्य की विकास की गति पूरी तरह से रुक गई है. इसीलिए आप सभी एकजुट रहें और आगामी चुनाव में अपनी वोट की कीमत को पहचानते हुए सही एवं योग्य प्रत्याशी का चुनाव कर इस क्षेत्र का विकास करें. कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं विजेता नृत्य मंडली को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. मौके पर बिरसा मुंडा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस आयोजन समिति ओड़गा के पदाधिकारी एवं ओलिवर लकड़ा, ललन प्रसाद, अमन खेस अनुकरण लकड़ा, विश्राम कछुआ, जोलेन लुगुन, आशीष साहू ,आकाश साहू मौजूद थे.



**हुआ आयोजन**
- ओडगा हाई स्कूल में बिरसा मुंडा जयंती का आयोजन हुआ
- कार्यक्रम में पारंपरिक वेशभूषा में किया नृत्य

# नहाय खाय के साथ छठव्रती प्रसाद के लिए गेहूं सुखाने में रहीं व्यस्त

**पटना।** नहाय-खाय के साथ विभिन्न छठ घाट सहित व्रती महिलाएं शुक्रवार को अपने-अपने घरों के छत पर छठ का प्रसाद तैयार करने के लिए गेहूं धोकर सुखाने में जुटी रहीं. छत पर खुले आसमान के नीचे सामूहिक रूप से गेहूं सुखाती महिलाएं दिनभर बैठकर पक्षी एवं अन्य किट पतंगों का निगरानी करती रहीं, ताकि कोई उसमें चोंच न लगा दे. पक्षियों को सुख रहे गेहूं से दूर करने के लिए महिलाएं हाथों में डंडा थामे रही. साथ ही बीच बीच मे पसारे गये गेहूं को सुखाने और धूप लगाने के लिए छठ के पारंपरिक लोक गीत गाती रहीं. छठ से जुड़े मंगल गीत से वातावरण गूंजता रहा. लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ को लेकर चारों ओर पूजा का उल्लास और उत्साह बना हुआ है.



## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

**दो धर्मों की जन्मस्थली :** बिहार दुनिया के दो सबसे बड़े धर्मों बौद्ध धर्म और जैन धर्म का उद्गम स्थल है. विश्व का सबसे पुराना विश्वविद्यालय : बख्तियार खिलजी की सेना द्वारा नालंदा पुस्तकालय में आग लगा दी गई थी. ऐसा माना जाता है कि पुस्तकालय में 9 मिलियन पांडुलिपियाँ थीं और उन्हें जलने में पूरे 3 महीने लगे.

**सबसे स्वच्छ शहर बना मुजफ्फरपुर :** सपने देखने मात्र से कुछ नहीं होता. उसे साकार करने के लिए धरातल पर कड़ी मेहनत करनी पड़ती है. एक तरह से कहा जाए तो जो सोता है वह खोता है और जो जगता है वह पाता. ताजा मामला स्वच्छ एंव सुदं शहर को लेकर आया है. बताया जा रहा है कि राजधानी पटना, भागलपुर और गया को पीछे छोड़ते हुए मुजफ्फरपुर बिहार का सबसे सुंदर शहर बन गया है.

**मधुबनी देश का दूसरा सबसे सुंदर रेलवे स्टेशन :** नेपाल बॉर्डर से सटा बिहार का मधुबनी जिला जो अपनी मधुरवाणी के साथ ही मधुबनी पेंटिंग्स के लिए भी विश्व भर में प्रसिद्ध है.

## ब्रीफ खबरें

### भारत फाइनेंस ऑफिस में लाखों की लूट

**सारण।** सारण जिले के गरखा बाजार के चिरांद रोड में भारत फाइनेंस कंपनी से लुटेरों ने 9 लाख 95 हजार 86 रुपए लूट लिए. घटना गुरुवार की बताई जा रही है. इस बात की जानकारी ब्रांच मैनेजर धर्मनाथ वर्मा ने दी. सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुटी है. इस संबंध में भारत फाइनेंस की ओर से बताया गया कि ब्रांच में चार लोग अंदर आए और काउंटर में रखे पैसे लूटकर फरार हो गए. पुलिस मामले की जांच में जुट गए हैं.

### आग लगने से लाखों के सामान जलकर राख

**शिवहर।** शिवहर नगर थाना क्षेत्र के चिकनॉटा गांव के बालू मंडी के पास जूता-चप्पल के एक गोदाम में अचानक आग लग गई. दुकान में लगी आग की सूचना स्थानीय लोगों और गोदाम के मालिक द्वारा फायर ब्रिगेड कार्यालय में दी गई. सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों तकरीबन तीन घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया. दमकल कर्मियों के प्रयास के कारण आग की चपेट से बगल की दुकानों को बचाया गया. घटना के संबंध में अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लगी है. इस घटना में दुकान में रखे सामान जल कर राख हो गए.

## बिहार में बालू माफियाओं का नहीं थम रहा आतंक

# बालू लोडेड ट्रक ने फिर एक युवक को कुचला, सड़क जाम

संवाददाता। जमुई

जमुई में बालू माफियाओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. बालू माफिया और ट्रक चालक लगातार बिहार पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं. एक बार फिर से बालू लदे ट्रक ने एक युवक को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई. बता दें कि यह कोई पहली घटना नहीं है, इसके पहले भी बालू लदे ट्रक चालकों के द्वारा जमुई में दो बड़े हादसों को अंजाम दिया जा चुका है. घटना जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोहबरवा झाझा मुख्य सड़क के जिनहरा बाजार के समीप की है. बताया जाता है कि ट्रक बालू लिए तेज रफ्तार से जा रहा था, तभी ये घटना हुई. ट्रक चालक युवक को रौंदते हुए निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान जिनहरा तुरी टोला निवासी अरविंद तुरी के छोटा बेटे सचिन तुरी के रूप में की गई.

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों के साथ स्थानीय लोगों ने जिनहरा बाजार के समीप सड़क को जाम कर दिया. लोगों का पुलिस की लापरवाह रवैये के प्रति गुस्सा साफ झलक रहा था. इधर, घटना के बाद आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने के लिए पुलिस घटना स्थल पर पहुंची लेकिन लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा था. आपको बता दें कि मंगलवार को ही जमुई में अवैध बालू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने भागने के क्रम में पुलिस के वाहन में जोरदार टक्कर मारी थी. जिससे पुलिस की गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार एसआई प्रभात रंजन की मौके पर ही मौत हो गई थी. इस घटना में एक पुलिस जवान राजेश कुमार घायल हो गए थे.

दो दिन पूर्व ही बाइक सवार की मौतः वहीं बुधवार को भी बाइक सवार युवकों को बालू लोड करने जा रहे ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे एक युवक की मौत हो गई थी. इस घटना से आक्रोशित लोगों का गुस्सा अभी कम भी नहीं हुआ था कि बालू माफियाओं के ट्रक ने फिर एक युवक की जान ले ली. घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है.



**हादसा हुआ**

- घटना कोहबरवा झाझा मुख्य सड़क के समीप की है
- मृतक की पहचान सचिन तुरी के रूप में हुई है

### स्कॉर्पियो ने मारी बाइक में टक्कर, दो की मौत

**मधेपुरा।** मधेपुरा में सड़क हादसे में दो युवक की मौत हो गई. दोनों गुरुवार देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने बाइक से जा रहे थे. सदर अनुमंडल अंतर्गत गम्हरिया में टीवीएस शोरूम के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी. हादसा इतना ही भीषण था कि दोनों की मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. लोग स्कॉर्पियो चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई. थानाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस घटना की छानबीन कर रही है. स्कॉर्पियो चालक की तलाश में छापेमारी चल रही है. मरने वालों की पहचान सुपौल जिला के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपुर वार्ड-04 निवासी अशोक मंडल के पुत्र अंकेश कुमार (23) और सीताराम मंडल के पुत्र राजा कुमार (22) के रूप में हुई.

## जमुई सांसद चिराग पासवान बोले

# मुख्यमंत्री के व्यवहार से हंसते हैं लोग

संवाददाता। पटना



जमुई सांसद चिराग पासवान ने शुक्रवार को पटना स्थित कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान उन्होंने बालू माफिया और अस्पताल में हो रहे गोरखधंधे को लेकर सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला. आपराधिक घटनाओं का भी जिक्र किया. चिराग ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के व्यवहार से लोग हंसते हैं. आज ताड़ी बेचने वाले जेल में हैं और माफिया बाहर हैं. यह प्रदेश के लिए दुर्भाग्य की बात है. आए दिन किसी न किसी को दुख देखना पड़ रहा है. इसका कारण सिर्फ और सिर्फ सरकार है.

बिहार में लगातार आपराधिक घटनाएं घट रही हैं. हमारे सीएम को कुछ फर्क ही नहीं पड़ रहा कि कौन जी रहा है कौन मर रहा है. एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कह रहे हैं मंत्री को कि सिर्फ मेरी सुनिए. आपकी बात नहीं सुन रहे हैं तो किसकी सुन रहे हैं? आखिर ऐसी क्या वजह है कि सीएम को अपने ही मंत्री को कहना पड़ रहा है कि हमारी बात सुनें?

वहीं, जमुई में कुछ दिन पहले हुई दारोगा प्रभात रंजन की हत्या को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि इसका कारण बालू माफिया हैं. बिहार के हर जिले में अवैध तरीके से बालू खनन हो रहा है. बालू टेंडर की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार हो रहा है. सीएम आज हैं, कल सीएम पद पर नहीं रहेंगे. मेरे सीएम को होश है? कृषि प्रधान प्रदेश है हमारा. आने वाले दिनों में बिहार सुखाड़ प्रदेश बन जाएगा. बालू खनन खुलेआम हो रहा है. प्रशासन के संरक्षण में हो रहा है. किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता है. सभी सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों का यही हाल है.

डॉक्टरों के अभाव में जान चली गई. वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को विधानसभा में नीतीश कुमार ने अपमानित करने का काम किया. तुम-ताम की भाषा कहां से आ गई? बच्चों से हमलोग आप कहकर बात करते हैं. मांझी तो उम्र में आपसे (नीतीश कुमार) बड़े हैं.

## सुपौल में खेलने के दौरान धक्का लगने से गिरे

# नहर में गिरे दो युवक, एक को बचाया, दूसरा है लापता

**सुपौल।** सुपौल में शुक्रवार को नहाय खाय के दिन छठ महापर्व को लेकर खुशियों के बीच हड़कंप मच गया. खेलने के दौरान धक्का लगा और दो युवक नहर में गिर गए. दोनों की उम्र 18-19 साल के आसपास है. यह घटना सुपौल के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र की है. नहर में डूबे दो युवकों में से एक को बचा लिया गया है जबकि दूसरा लापता है. उसकी तलाश की जा रही है. बताया जाता है कि नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 25 स्थित डपरखा कोसी कॉलोनी स्थित नहर में छठ घाट को बनाया जा रहा था. इसी दौरान ये हादसा हो गया. दोनों युवक नहर के गहरे पानी में डूब गए. आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एक को बचा लिया.

### 7910 पदों पर नियुक्त होंगे डॉक्टर, शीघ्र होगी बहाली

**पटना।** बिहार में हर स्तर पर युवाओं के लिए सरकारी नौकरी का दरवाजा खुल रहा है. अब मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर सरकारी डॉक्टर बनने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए भी जल्द बड़ा मौका आने वाला है. क्योंकि सरकार ने 7910 पदों पर सरकारी डॉक्टरों की बहाली की घोषणा की है. अभी आधिकारिक रूप से बहाली को लेकर विज्ञापन नहीं निकाला गया है, लेकिन इसको लेकर कवायद जारी है.

## कारोबार

### एसबीआई जल्द ही योनो ग्लोबल एप करेगा पेश

**सिंगापुर।** एसबीआई जल्द ही सिंगापुर और अमेरिका में अपनी बैंकिंग मोबाइल एप 'योनो ग्लोबल' पेश करेगा, जो उसके ग्राहकों को डिजिटल प्रेषण तथा अन्य सेवाएं प्रदान करेगी. डिप्टी एमडी (आईटी) विद्या कृष्णन ने सिंगापुर फिनटेक महोत्सव से इतर पीटीआई-भाषा से कहा, हम सर्वोत्तम उपलब्ध सेवाएं प्रदान करने के लिए योनो ग्लोबल में निवेश करना जारी रख रहे हैं. हम अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव देना चाहते हैं. तीन दिवसीय सिंगापुर फिनटेक महोत्सव (एसएफएफ) का समापन 17 नवंबर को होगा.

### भारत ने रिकॉर्ड 41,010 पेटेंट दिए : गोयल

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारतीय पेटेंट कार्यालय ने इस वित्त वर्ष में 15 नवंबर तक सर्वाधिक 41,010 पेटेंट प्रदान किए हैं. गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, यह एक रिकॉर्ड है. 2023-24 में सर्वाधिक पेटेंट दिए गए. इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है. यह नवाचार-संचालित ज्ञान अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत की यात्रा में एक मील का पत्थर है. उन्होंने कहा, भारत के युवाओं को इस तरह की प्रगति से काफी फायदा होगा.

### होंडा अगले साल जापान में पेश करेगी एलिवेट

**नयी दिल्ली।** जापान की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी होंडा अगले साल जापान के बाजार में अपनी भारत निर्मित मध्यम आकार की एसयूवी एलिवेट पेश करने को तैयार है. जापान की कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित उत्पाद को अत्यधिक विनियमित जापानी बाजार में निर्यात करने का पहला मौका होगा. एचसीआईएल अपनी तापुकारा उत्पादन सुविधा में एलिवेट का उत्पादन कर रही है. प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, इस साल की शुरू में भारत में सफल शुरुआत के बाद एलिवेट को डब्ल्यूआर-वी ब्रांड नाम के तहत जापानी बाजार में 2024 वसंत में पेश किया जाएगा.

## एमेजॉन प्राइम के स्पोर्ट्स चैनल पर 15 स्पोर्ट्स की लाइव स्ट्रीमिंग होगी

# एमेजॉन-फैनकोड की जोड़ी जियो को देगी कड़ी टक्कर

भाषा। नई दिल्ली




दुनिया के तीसरे नंबर के सबसे अमीर और एमेजॉन के सीइओ जेफ बेजोस की कंपनी ने अपना पहला पूरी तरह से स्पोर्ट्स पर आधारित चैनल लॉन्च कर दिया है. जानकारी के मुताबिक, एमेजॉन प्राइम वीडियो ने ड्रीम स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली कंपनी फैनकोड के साथ साझेदारी करके एक ऐसा चैनल लॉन्च किया है जिस पर केवल स्पोर्ट्स की लाइव स्ट्रीमिंग होगी. एमेजॉन प्राइम के इस स्पोर्ट्स चैनल पर 15 स्पोर्ट्स की लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी और यह स्ट्रीमिंग किसी एक देश तक सीमित नहीं होगी, बल्कि पूरी दुनिया में इसका प्रसारण किया जाएगा. कंपनी ने बताया कि वह जिन स्पोर्ट्स की स्ट्रीमिंग करेगी उसमें क्रिकेट और फुटबॉल भी शामिल हैं. इसके अलावा रग्बी, कबड्डी, बॉस्केटबॉल और हॉर्स रेसिंग जैसे स्पोर्ट्स भी लाइव होंगे. प्राइम मेंबर्स अब फैनकोड का एनुअल ऐड-ऑन सब्सक्रिप्शन 249 रुपये में खरीद सकते हैं.

स्पोर्ट्स की स्ट्रीमिंग से लेकर खेलों के सामान तक बेचने वाली कंपनी फैनकोड के साथ एमेजॉन की साझेदारी के काफी अहम मायने होंगे क्योंकि फैनकोड पहले से ही खेल जगत में अपना पैठ जमा चुकी है. डिजिटल प्लेटफॉर्म पर करोड़ों की संख्या में क्रिकेट मैच देखने वाले देश भारत में इसका खासा असर देखने को मिल सकता है. बता दें कि फैनकोड की लॉन्चिंग के अभी चार साल पूरे हुए हैं और कंपनी ने इस दौरान 45,000 घंटे से ज्यादा समय तक स्पोर्ट्स की लाइव स्ट्रीमिंग की है. फैनकोड की आईसीसी पैथवेज क्रिकेट वेस्टइंडीज, इएफएल, कॉनेमीबोल, वॉलीबॉल वर्ल्ड, फीबा और अन्य के साथ विशेष साझेदारी है. सब्सक्राइबर्स काराबाओ कप, महिला बिग बैश लीग, फीफा यू17 विश्व कप, बार्कलेज महिला सुपर लीग, एएफसी चैंपियंस लीग, एएफसी कप और युवा कबड्डी जैसे टूर्नामेंट देख सकते हैं. फैनकोड के पास कुछ कुछ देशों में क्रिकेट की स्ट्रीमिंग का राइट भी है. वहीं एमेजॉन प्राइम ने हाल ही में हुए भारत बनाम न्यूजीलैंड के मैच की लाइव स्ट्रीमिंग भी की थी.

जानकारों का मानना है कि फैनकोड के साथ एमेडॉन प्राइम की हिस्सेदारी के बाद रिलायंस को टक्कर मिल सकती है. क्योंकि खबर यह भी है कि भारत के अरबपति उद्योगपति और एशिया के सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी जल्द ही इंटरनेशनल मीडिया ग्रुप वाल्ट डिज़्नी कंपनी के भारतीय ऑपरेशन को खरीदने वाली है.

**मिलाया हाथ**

- फैनकोड की पहले से ही खेल जगत में है गहरी पैठ
- फैनकोड के पास क्रिकेट की स्ट्रीमिंग का राइट है

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि रिलायंस की डिज़्नी के भारतीय ऑपरेशन को खरीदने की प्रक्रिया अगले साल तक पूरी हो सकती है. बता दें कि मुकेश अंबानी ने 2022 में इंडियन प्रीमियर लीग के स्ट्रीमिंग राइट्स 2.7 बिलियन डॉलर में हासिल करने के बाद भारत की एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में हलचल ला दी थी. इसके बाद रिलायंस ने भारत में वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी इंक के एचबीओ शो ब्रॉडकास्ट करने के लिए एक मल्टी-ईयर समझौता हासिल करके एक और जीत हासिल की थी.

**भारत में डिजनी-हॉटस्टार का यूजर बेस मजबूत है :** डिज्नी का भारतीय कारोबार, जिसमें डिज्नी हॉटस्टार स्ट्रीमिंग सेवा और स्टार इंडिया शामिल है, पिछले साल यूजर्स के लिहाज से ग्लोबल लेवल पर इसका सबसे बड़ा कारोबार था. बता दें कि भारत में डिज़्नी-हॉटस्टार के जरिये मैच देखने वालों की तादाद भारी संख्या में है. इसका यूजर बेस पहले से ही काफी मजबूत है. ऐसे में एमेजॉन प्राइम के स्पोर्ट्स स्ट्रीमिंग शुरू करने के साथ ही बड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है. देखा जाय तो हॉटस्टार, 1 अक्टूबर को भारत में सभी सेगमेंट में सबसे अधिक डाउनलोड किए जाने वाले ऐप के क्रम में 16वें स्थान पर था. क्रिकेट वर्ल्ड पर, 2023 के पहले दिन 5 अक्टूबर को यह सातवें पायदान पर पहुंच गया और फिर 8 अक्टूबर को दूसरे स्थान पर पहुंच गया जब भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेला और जीत हासिल की थी. लेकिन 11 अक्टूबर को भारत-अफगानिस्तान मैच होने के साथ ही टॉप रैंक पर पहुंच गया. वहीं भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान डाउनलोड के लिहाज से टॉप रैंक पर बना रहा. जाहिर है कारोबार की दुनिया में चैनलों के बीच कड़ी स्पर्धा है, जिसमें उतार-चढ़ाव होता रहता है. इसी में जो कंपनी बेहतर और सस्ती सेवा उपलब्ध कराती है, वह सबसे आगे रहती है.

# फ्लेयर राइटिंग के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा बढ़ाया



एजेंसी। नई दिल्ली

पेन बनाने वाली कंपनी फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने 593 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 288-304 रुपये प्रति शेयर तय किया है. बाजार सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. सूत्रों ने बताया कि कंपनी का आईपीओ 22 नवंबर को खुलकर 24 नवंबर को बंद होगा. एंकर निवेशक 21 नवंबर को शेयरों के लिए बोलियां लगा सकेंगे.

आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के अनुसार, फ्लेयर राइटिंग के निर्गम में 292 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे. इसके अलावा प्रवर्तक तथा प्रवर्तक समूह 301 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे. फिलहाल कंपनी में प्रवर्तकों और प्रवर्तक समूह की इकाइयों की शतप्रतिशत हिस्सेदारी है. नए शेयरों की बिक्री से प्राप्त राशि का इस्तेमाल गुजरात के वलसाड जिले में लेखन उत्पादों के लिए एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने, कंपनी की पूंजीगत जरूरत को पूरा करने और अनुषंगी कंपनी फ्लेयर राइटिंग इक्विपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (एफडब्ल्यूईपीएल) के वित्तपोषण में किया जाएगा. आईपीओ में निवेशक न्यूनतम 49 इक्विटी शेयरों और उसके गुणकों में बोली लगा सकते हैं. यह कंपनी 45 साल से अधिक पुराने प्रमुख ब्रांड 'फ्लेयर' की मालिक है. लेखन उत्पादों के बाजार में मार्च 2023 तक कंपनी की बाजार हिस्सेदारी नौ प्रतिशत थी.

## मार्केट | घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद फिसला बाजार

# सेंसेक्स 200 अंक टूटा, निफ्टी 19750 अंक के नीचे

भाषा। नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार की लगातार तेज शुक्रवार को सप्ताह के अंतिम दिन थम गई. इससे पहले सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तेजी देखी जा रही थी, लेकिन आज के कारोबार में मोमेंटम पर बैंकिंग व वित्तीय शेयरों की बिकवाली भारी पड़ गई. दोनों प्रमुख घरेलू सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी ने शुक्रवार को कारोबार की शुरुआत ही गिरावट के साथ की थी. सेंसेक्स करीब 200 अंक लुढ़ककर 65,788.79 अंक पर खुला था. कारोबार के दौरान बाजार एक बार 66 हजार अंक के पार निकला और 66,037.69 अंक तक गया. दूसरी ओर बाजार ने 65,639.74 अंक के निचले स्तर को भी छुआ. कारोबार समाप्त होने के बाद सेंसेक्स 187.75 अंक यानी 0.28 फीसदी के नुकसान के साथ 65,794.73 अंक पर बंद हुआ. निफ्टी ने भी गिरावट के साथ कारोबार की शुरुआत की और पूरे दिन लगभग नुकसान में ही रहा. कारोबार समाप्त होने के बाद निफ्टी 33.40 अंक यानी 0.17 फीसदी के नुकसान के साथ 19,731.80 अंक पर बंद हुआ.

इससे पहले गुरुवार को सेंसेक्स 306.55 अंक यानी 0.47 फीसदी की तेजी में रहा था और 65,982.48 अंक पर बंद हुआ था. निफ्टी 87.10 अंक यानी 0.44 फीसदी की बढ़त के साथ 19,762.55 अंक पर रहा था. बुधवार को घरेलू बाजार में शानदार तेजी आई थी. बुधवार को बीएसई सेंसेक्स 742.06 अंक यानी 1.14 फीसदी उछलकर 65,675.93 अंक पर बंद हुआ था. निफ्टी भी 231.90 अंक यानी 1.19 फीसदी बढ़कर 19,675.45 अंक पर बंद हुआ था.

**बैंकिग-फाइनेंस शेयरों का हाल :** शुक्रवार के कारोबार में बैंकिंग व वित्तीय शेयरों का बुरा हाल रहा. रिजर्व बैंक ने एक दिन पहले अनसिक्योर्ड लोन को लेकर प्रावधानों को कड़ा करने का ऐलान किया था. प्रावधानों के कड़े होने से बैंकों के लिए पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड जैसे बिजनेस पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है. यही कारण है कि आज के कारोबार में बैंकिंग और वित्तीय शेयर शुरुआत से नुकसान में रहे.

सेंसेक्स के शेयरों को देखें तो सबसे ज्यादा नुकसान में एसबीआई रहा, जिसके भाव में साढ़े तीन फीसदी से भी ज्यादा की गिरावट आई. एक्सिस बैंक में भी 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई. आईसीआईसीआई बैंक में करीब डेढ़ फीसदी की गिरावट देखी गई. सेंसेक्स पर सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाले 6 शेयर बैंकिंग व फाइनेंस सेक्टर के रहे. रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, टेक महिंद्रा और विप्रो जैसे शेयर भी नुकसान में रहे.

# अडानी कोल-इंपोर्ट मामले की दोबारा जांच करेगा डीआरआई

- सुप्रीम कोर्ट से परमिशन मांगी, कम कीमत में कोयला खरीदकर महंगा दिखाने का आरोप

एजेंसी। नई दिल्ली

अडाणी ग्रुप से जुड़े कोल इंपोर्ट मामले में डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने दोबारा जांच शुरू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से परमिशन मांगी है. डीआरआई ने कहा है कि उसे सिंगापुर से इस मामले से जुड़े सबूत इकट्ठा करने की अनुमति दी जाए. जांच एजेंसी 2016 से ही सिंगापुर के अधिकारियों से अडाणी ग्रुप के लेन देन से संबंधित डॉक्यूमेंट लेने की कोशिश कर रही है. डीआरआई का मानना है कि इंडोनेशियाई सप्लायर से इंपोर्ट किए गए कोयले के कई शिपमेंट के ग्रुप ने सिंगापुर में ज्यादा कीमत वाले बिल बनवाए. अडाणी ग्लोबल पीटीआई के जरिए ऐसा किया गया था. कोर्ट के डॉक्यूमेंट्स से पता चलता है कि गौतम अडाणी की कंपनियां कानूनी प्रोसेस के जरिए सिंगापुर और भारत में इस मामले से जुड़े डॉक्यूमेंट को रिलीज होने से रोकने में कामयाब रहे हैं. रिपोर्ट के अनुसार, डीआरआई ने 2014 में इस मामले की जांच शुरू की थी, जिसमें 40 कंपनियां शामिल थी. जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि इंडोनेशियाई कोयले को इंपोर्ट करने वाली कंपनियां सिंगापुर सहित अन्य जगहों पर बढ़े हुए बिल बनवाती थी. फिर इसे दिखाकर डिलीवरी पर ओवर चार्ज कर रही थीं. जांच अधिकारियों ने अडाणी ग्रुप की कंपनियों से जुड़े 1300 शिपमेंट की समीक्षा की थी. अडाणी ग्रुप की चुनौती पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2019 में उसके खिलाफ सबूत इकट्ठा करने के अनुरोध को खारिज कर दिया था.

# टीएसी के अहम फैसले

आदिवासी परामर्शदातृ समिति की बहुप्रतीक्षित बैठक में दो अहम फैसले लिए गए हैं. इसमें एक तो आदिवासियों की जमीन की खरीद-ब्रिक्री को सरल बनाने के लिए थाना क्षेत्र की बंदिशों को संशोधित करने और दूसरा पंचायती राज विस्तार अधिनियम के तहत प्रस्तावित नियमावली में आदिवासी गांवों को ज्यादा अधिकार के मुद्दे करना शामिल है. पहले फैसले में आदिवासी मध्यवर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है. इसके लिए छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम में संशोधन किया जाएगा. दरअसल आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री को लेकर आदिवासी मध्यवर्ग लंबे समय से मांग करता रहा है कि बदली हुई परिस्थितियों के अनुसार आदिवासी हित में सीएनटी में अनुकूलता पैदा की जाए. सीएनटी एक्ट की धारा 46 आदिवासियों के भू-हस्तांतरण से संबंधित है और इसमें स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं. अब समिति ने सुझाव दिया है कि 26 जनवरी 1950 के समय राज्य के भीतर जो जिले और थाने थे, उन्हीं को जिला और थाना मानते हुए धारा 46 में संशोधन किया जाए. अब सरकार विधि विशेषज्ञों के विमर्श से एक प्रस्ताव तैयार करेगी. कैबिनेट इस प्रस्ताव पर विचार करेगा. फिर विधानसभा से इसे कानूनी दर्जा दिया जाएगा. भाजपा के सदस्यों ने टीएसी की बैठक का बहिष्कार किया. दूसरा महत्वपूर्ण मामला पेसा नियामावली को ले कर है. राज्य सरकार ने नियमावली का एक ड्राफ्ट तैयार करवाया था, लेकिन टीएसी ने इसे मानने से इंकार कर दिया. आदिवासियों के बीच परंपरागत आदिवासी स्वशासन और पंचायती राज के सवाल को ले कर विवाद रहा है. टीएसी के सदस्यों का कहना है कि प्रस्तावित पेसा नियमावली ड्राफ्ट को पंचायत एक्ट के तहत बनाया गया है. इसमें परंपरागत प्रणालियों के लिए जगह नहीं है. आदिवासी समाज इस सवाल पर संवेदनशील रहा है. राज्य में पेसा नियामवली के कारण ही स्थानीय निकायों के चुनाव लंबित हैं और अब इन्हें और इंतजार करना होगा. इसका असर केंद्र से मिलने वाले अनुदानों पर भी पड़ेगा. आदिवासियों का तर्क रहा है कि पेसा नियमावली में पारंपरिक ग्राम सभा और निर्वाचित ग्रामसभा के बीच तारतम्य बैठाने की जरूरत है. झारखंड में आदिवासी भूमि के संरक्षण के लिए और कठोर कानून की मांग की जाती रही है. झारखंड में आदिवासी जमीन के संरक्षण को ले कर अनेक जनांदोलन हुए हैं. यह तो वक्त ही बताएगा कि नए संशोधन से आम आदिवासी कितना लाभान्वित होंगे, लेकिन नए उभरे मध्यवर्ग को इससे जरूर संतोष होगा. दुनिया में आए बदलावों को देखते हुए आदिवासी मध्यवर्ग की महत्ता भी बढ़ी और राजनैतिक दखल भी. पेसा नियमावली का मामला 1996 के बाद से ही लंबित है. 2000 में राज्य बनने के बाद भी गांवों को अधिकार संपन्न और लघु वनोपज और लघु खनिजों पर अधिकार बाबत पेसा प्रावधानों को लागू करने से तमाम सरकारें हिचकती रही हैं.

> राज्य सरकार ने नियमावली का एक ड्राफ्ट तैयार करवाया था, लेकिन टीएसी ने इसे मानने से इंकार कर दिया. आदिवासियों के बीच परंपरागत आदिवासी स्वशासन और पंचायती राज के सवाल को ले कर विवाद रहा है.

## सुभाषित

**न व्याधिर्न विषं नापत तथा नाधिश्च भूतले।**
**खेदय स्वशरीरस्थं मौख्यमेकम् यथा नृणाम्।।**

इस जगत में स्वयं की मूर्खता ही सब दुःखों की जड़ होती है, क्योंकि मनुष्यों के समक्ष जीवन में कई समस्याएं अपनी मूर्खता के कारण ही घेर लेती है, लेकिन सच तो यह है कि कोई व्याधि, विष, कोई आपत्ति तथा मानसिक व्याधि से उतना दुःख नहीं होता.

# राजनेता हैं तो राजनीति ही करेंगे न!

**प्रधानमंत्री ने बिरसा जन्म दिवस के मौके पर झारखंड में कुछ समय बिताकर निश्चय ही सुचिंतित कदम उठाया. इसके राजनीतिक मायने भी हैं. चार साल पहले हुए विधानसभा चुनाव में झारखंड की 28 आरक्षित जनजातीय विधानसभा सीटों में भाजपा को दो ही मिल पाई थीं और उसके चंद महीनों पहले लोकसभा चुनाव में आरक्षित जनजातीय खूंटी और लोहरदगा सीटें भाजपा बहुत मुश्किल से निकाल पाई थी. छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी पर्याप्त जनजातीय आबादी है.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का झारखंड दिवस की पूर्व संध्या पर राजधानी रांची पधार कर अगले दिन बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जाना बहुत मायने रखता है. वह भी तब, जबकि वे पड़ोसी छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना आदि के चुनावी समर में फंसे हुए थे. मिजोरम छोड़कर चार राज्यों में 17 नवंबर को मतदान हुआ. इन राज्यों में वे भाजपा का एकमात्र चेहरा हैं. यहां तक कि मध्यप्रदेश पर 18 सालों से राज कर रहे शिवराज सिंह चौहान भी अपने राज्य का चेहरा नहीं बनाये गये हैं. दो साल पहले मोदी ने ही बिरसा के जन्म दिन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया था और इसे यादगार बनाने के लिए वे उलिहातू जा कर बिरसा के वंशजों से मिले भी. इस मौके पर खूंटी में जनसभा कर उन्होंने कई योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया. यह अच्छी बात है कि उन्होंने इस अवसर पर पीएम पीवीटीजी मिशन की न केवल लॉन्चिंग की, अपितु विकसित भारत संकल्प यात्रा को भी हरी झंडी दिखाई. करीब डेढ़ साल पहले उन्होंने 22 जुलाई 2022 को देवघर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था. अपने दूसरे कार्यकाल के गुजरे साढ़े चार साल में झारखंड जैसे छोटे राज्य में दो बार उनका आना यह बताता है कि उनके लिए सभी राज्य तुलसी दल है. मोदी काल की भाजपा अपना चुनावी खेत समय देखकर जोतती ही रहती है. चूंकि 15 नवंबर ही झारखंड का स्थापना दिवस है, इसलिए क्या ही अच्छा होता कि मोदी इस राज्य के स्थापना दिवस के राजकीय समारोह में भी शिरकत करते! मोदी का खूंटी कार्यक्रम पहले से तय था तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को निवेदन करना चाहिए था कि वे राजकीय समारोह की भी शोभा बढ़ाएं. चूक किधर से हुई, यह स्पष्ट होना चाहिए. यूं, इस दिन खूंटी में पीएम-सीएम दोनों ने संग-संग रहकर बिरसा जन्मदिवस मना लिया, यही संतोष की बात है. ऐसे भी 16 साल पहले तक खूंटी, रांची जिले का ही सबडिवीजन हुआ करता था.

प्रधानमंत्री ने बिरसा जन्म दिवस के मौके पर झारखंड में कुछ समय बिताकर निश्चय ही सुचिंतित कदम उठाया. इसके राजनीतिक मायने भी हैं. चार साल पहले हुए विधानसभा चुनाव में झारखंड की 28 आरक्षित जनजातीय विधानसभा सीटों में भाजपा को दो ही मिल पाई थीं और उसके चंद महीनों पहले लोकसभा चुनाव में आरक्षित जनजातीय खूंटी और लोहरदगा सीटें भाजपा बहुत मुश्किल से निकाल पाई थी. छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी पर्याप्त जनजातीय आबादी है. जब विदेशों में किये गये मोदी के कार्यक्रम से देश का चुनाव प्रभावित होता रहा है तो खूंटी से अन्य राज्यों तक संदेश जा ही सकता है. मोदी राजनीति की शतरंजी चाल चलने में माहिर हैं. 14 साल बाद बाबूलाल मरांडी की भाजपा में न केवल वापसी, बल्कि उनको नेता विधायक दल और फिर प्रदेश अध्यक्ष के आसन पर विराजमान कराना और फिर तमाम कील-कांटे दूर कर देना भी उसी चाल का नायाब नमूना है. अलग बात है कि टीम बाबूलाल का गठन साढ़े चार महीने बाद भी नहीं हो सका है. मोदी राजनेता हैं तो राजनीति ही करेंगे न! 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की खूंटी में लॉन्चिंग पर केंद्र सरकार द्वारा जारी एक विज्ञापन में 'मोदी सरकार की गारंटी' शीर्षक आकर्षित करता है. राजनीतिक हलकों में आजकल गारंटियों की धूम है. उक्त पांच राज्यों के चुनाव में राजनीतिक गारंटियों से जनता बाग-बाग है. वह चाहे जिसकी गारंटी पर फिदा हो जाए. एक नजर हेमंत सोरेन पर भी. झारखंड दिवस के अवसर पर राजधानी रांची में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में उन्होंने 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' अभियान का तीसरा संस्करण लॉन्च किया. यह अभियान 29 दिसंबर तक चलेगा. झारखंड सरकार के सूत्र बताते हैं कि पिछले दो वर्षों में यह अभियान राज्य की सभी 4,351 पंचायतों और 50 नगर निकायों में चला था. इस दौरान 36,512 शिविर लगाये गये, जिनमें नागरिकों से 91.39 लाख आवेदन मिले, जिनमें से प्रायः सभी का निबटान कर दिया गया है. 2021 में लगाये गये 6,867 शिविरों में 35.95 लाख आवेदन और 2022 में लगाये गये 5,696 शिविरों में 55.44 लाख आवेदन मिले थे. ये आंकड़े बताते हैं कि आरंभिक 6,867 शिविरों में 35.95 लाख शिकायतें मिली थीं, जबकि अगले साल पूर्वापेक्षा 1,171 कम शिविर लगाये गये, लेकिन 19.49 लाख अधिक आवेदन मिले. यानी जन शिकायतों वाले इन सरकारी शिविरों पर अवाम का भरोसा बढ़ गया था. इसका एक दूसरा निहितार्थ भी है. 3.30 करोड़ आबादी वाले राज्य में 91 लाख आवेदन का मतलब औसतन एक तिहाई आबादी को शासन-प्रशासन से शिकायत थी. बहुमत वाली सरकार के लिए यह अच्छी बात नहीं कही जा सकती. ब्लॉक और जिला स्तर पर मॉनिटरिंग बढ़ानी पड़ेगी न! सामान्य जन की शिकायत या अपेक्षाएं अमूमन सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से ही जुड़ी होती हैं. यूं, हर दिन चुनावी मोड में रहनेवाले नरेंद्र मोदी से हेमंत ने एक बात तो सीख ही ली है, राजनीति करनी है तो सक्रिय बने रहना होगा.

चाहे खूंटी में हुआ प्रधानमंत्री का कार्यक्रम हो, या रांची में राज्य सरकार का, दोनों में कई-कई हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया. ऐसा पहली बार नहीं हुआ है. झारखंड में पिछले 23 साल से ऐसा ही होता रहा है. उसके पहले भी होता रहा था. राशि कुछ कम-बेसी हो सकती है. इसके बावजूद देश की 130-40 करोड़ आबादी में से 80 करोड़ यानी अमूमन 60 फीसद आबादी सरकार द्वारा दिये जा रहे पांच किलो अनाज पर आश्रित है. झारखंड का तो खैर गरीबी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मामलों में रिकार्ड कभी अच्छा न रहा.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## रामचरित मानस में कृष्ण

रामायण में जब हम नाम-रामायण की पंक्तियों को पढ़ते हैं तो हमें प्रारंभ में एक अधूरेपन का बोध होता है. क्योंकि नामरामायण काश्रीगणेश गोस्वामीजी ने अहिल्या उद्धार से किया है और अहिल्या उद्धार से पहले की जो लीलाएं हैं, नाम-रामायण के संदर्भ में गोस्वामीजी उनका उल्लेख इन पंक्तियों में कहीं नहीं करते. अपितु गोस्वामीजी ने इस प्रसंग में एक अद्भुत कार्य यह किया कि उन्होंने भगवान राम की बाल लीला के स्थान पर भगवान कृष्ण की लीलाओं का चुनाव किया. कृष्णायन और रामायण को नाम नारायण तथा नाम कृष्णायन के रूप में यहाँ जोड़ा गया है. तुलसीदासजी नाम-रामायण का श्रीगणेश करते हैं अहिल्या के उद्धार से. पर भगवान श्रीराम के प्राकट्य की लीला का वर्णन करने के स्थान पर वे कहते हैं कि मेरी जिह्वा यशोदा है. यद्यपि रामायण के क्रम में उन्हें कहना यह चाहिए था कि मेरी जिह्वा कौसल्या है, जिससे राम-नाम का प्राकट्य होता है. जिह्वा से राम-नाम लेने का तात्पर्य हुआ कि कौसल्या के माध्यम से राम-नाम का उत्पन्न होना. इसके स्थान पर वे कहते हैं- जन मन मंजु कंज मधुकर से, जीह जसोमति हरि हलधर से..इस पंक्ति का सरल अर्थ यह है कि भक्तों का मन कमल है और भगवान का नाम भ्रमर है. फिर वे कहते हैं कि मेरी जिह्वा यशोदा है और राम-नाम में 'रा' और 'म' जो अक्षर हैं, वे ही कृष्ण और बलराम हैं. पढ़ कर इस बात की ओर ध्यान जाना स्वाभाविक है कि जब वे रामरामायण की रचना कर रहे हैं तो फिर जिह्वा को कौसल्या का रूप भी दे सकते थे, परंतु जिह्वा को यशोदा बनाने के पीछे गोस्वामीजी का भाव क्या है? इसका संकेत हमें इस पंक्ति के बाद जो वाक्य आया है, गोस्वामीजी प्रभु से निवेदन करते हैं कि महाराज! जब मैं अपने अंतःकरण की ओर देखता हूं तो मुझे अपना अंतःकरण अयोध्या जैसा नहीं दिखाई देता, अपितु मथुरा जैसा ही दिखाई देता है. भगवान श्रीकृष्ण अवतरित होते हैं मथुरा में और वे ही श्रीराम के रूप में अयोध्या में अवतरित होते हैं. गोस्वामीजी कह देते हैं कि अगर हमें अपना अंतर-हृदय अयोध्या जैसा प्रतीत हो रहा हो, तो निश्चित रूप से हम अपनी जीह्वा को कौसल्या बनाएं और 'रा' तथा 'म' को राम और लक्ष्मण बना लें.

# मुफ्त रेवड़ियों के कठघरे में चुनावी सियासत

• सियासत

विश्वनाथ सचदेव

हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने निश्चय कर लिया है कि अगले पांच साल तक देश के गरीबों को मुफ्त राशन मुहैया करायेंगे. इस निश्चय की घोषणा उन्होंने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की चुनावी सभा में की है! यह 'निश्चय' शब्द उन्हीं का है. उन्होंने स्पष्ट कहा है, 'मैंने निश्चय कर लिया है.' उन्होंने यह नहीं कहा कि यदि वे चुनाव जीत गये. स्पष्ट है वे यह मानकर चल रहे हैं कि पांच राज्यों में ही नहीं, लोकसभा के 2024 के चुनाव में भी वही विजय हासिल करेंगे. ऐसी कोई सूचना कितनी विश्वसनीय है यह तो चुनाव-परिणाम ही बतायेंगे, पर मुफ्त अनाज बांटने की घोषणा करके उन्होंने यह तो बता ही दिया है कि गरीबों को मुफ्त अनाज चुनावी लड़ाई में उनका एक बड़ा हथियार है, जिसे वे कारगर मानते हैं. इसमें कोई संदेह नहीं कि चुनाव अक्सर 'रोटी, कपड़ा और मकान' के नाम पर ही जीते जाते रहे हैं. पिछले एक अर्से से इसमें धर्म और जुड़ गया है, पर भूख निश्चित रूप से सबसे महत्वपूर्ण और गंभीर मुद्दा है. बेरोज़गारी, महंगाई जैसे मुद्दे भी अंततः भूख से ही जुड़े हुए हैं. ऐसे में यह मानना ग़लत नहीं होगा कि मुफ्त अनाज वाली यह तरकीब काफी कारगर सिद्ध हो सकती है.वस्तुतः मुफ्त अनाज की शुरुआत देश में कोरोना-काल में हुई थी. सरकारी दावों के अनुसार इस दौरान देश के अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटा गया था. दुनियाभर में भारत सरकार की इस पहल की सराहना हुई थी. देश में भी प्रधानमंत्री मोदी के इस कदम को सराहा गया था. फिर, पिछले दो साल में भी इस अनाज योजना को लागू रखा गया और भाजपा को इसका लाभ भी मिला. प्रधानमंत्री को लग रहा है यह लाभ आगे भी मिलता रहना ज़रूरी है– इसीलिए अब आगामी पांच साल तक मुफ्त अनाज बांटने की इस योजना को चालू रखने के निश्चय की घोषणा कर दी गयी है.चुनावी मौसम में आश्वासनों और वादों की उपयोगिता असंदिग्ध है. दावे भी समझ में आते हैं. एक सीमा तक 'रेवड़ियां' बांटना भी समझा जा सकता है. पर अस्सी करोड़ लोगों को भूखा न सोना पड़े और इसके लिए सरकारी कृपा पर आश्रित होना पड़े, यह बात आसानी से समझ नहीं आती. इस स्थिति का सीधा-सा मतलब यह है कि सरकार देश की जनता को उचित जीवन-स्थितियां देने के अपने बुनियादी काम में विफल रही है. इस विफलता के लिए 'पिछली सरकारों' को दोषी ठहराना एक सीमा तक तो समझ में आता है, पर इस विफलता का सारा ठीकरा पहले की सरकारों पर फोड़ना किसी भी दृष्टि से समझ नहीं आता. कोई भी सरकार ऐसी स्थिति के दायित्व से बच नहीं सकती. यह मान भी लिया जाये कि पिछली सरकारों ने अपना कर्तव्य ठीक ढंग से नहीं निभाया था, तब भी मौजूदा सरकार का यह कर्तव्य बनता है कि वह स्थिति को सुधारे. यदि आज सरकार को पांच साल तक मुफ्त अनाज बांटने की घोषणा करनी पड़ रही है तो यह इस बात का ही प्रमाण है कि सरकार की नीतियों में कहीं खोट है या फिर उनका क्रियान्वयन ग़लत है. साठ साल की तुलना में दस साल कम होते हैं, इसमें संदेह नहीं, पर दस साल इतने कम भी नहीं होते कि कोई सरकार समय की कमी को कारण बताकर अपने कर्तव्य से पल्ला झाड़ ले. जनता को पांच साल तक मुफ्त अनाज देने की व्यवस्था को स्वीकार करना एक तरह से अपनी विफलता को ही स्वीकार करना है. यह सही है कि मतदाता का वोट बेचना भी उतना ही ग़लत है, पर मुफ्त राशन और नकद सहायता जैसे काम हमारी चुनावी-राजनीति को कठघरे में ही खड़ा करते हैं. कुल मिलाकर वोटों की ही यह खरीद-फरोख्त किसी अपराध से कम नहीं. हैरानी तो यह भी है कि चुनावी मौसम में इस सब को जायज मान लिया गया है! देश की राजनीति के ठेकेदारों को इस सवाल का जवाब तो देना ही होगा कि वोट ख़रीदने में उन्हें शर्म क्यों नहीं आती? मतदाता को भी अपने आप से यह पूछना पड़ेगा कि उसकी विवशता को राजनेता अपना हथियार कैसे बना लेते हैं? सस्ती दरों पर जनता को ज़रूरी सामान मुहैया कराना एक ज़रूरत हो सकती है, पर इस जरूरत को पूरा करने के नाम पर मतदाता को रिश्वत देने की कोशिश करना एक अपराध है. पीड़ा इस बात की ज़्यादा है कि यह सब कुछ खुलेआम हो रहा है—और नेतृत्व के हर स्तर पर हो रहा है!

> एक सीमा तक 'रेवड़ियां' बांटना भी समझा जा सकता है. पर अस्सी करोड़ लोगों को भूखा न सोना पड़े और इसके लिए सरकारी कृपा पर आश्रित होना पड़े, यह बात आसानी से समझ नहीं आती. इस स्थिति का सीधा-सा मतलब यह है कि सरकार देश की जनता को उचित जीवन-स्थितियां देने के अपने बुनियादी काम में विफल रही है.

# भारत-अमेरिका रिश्तों की अगली पायदान

• सामयिकी

प्रमोद जोशी

भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुई 'टू प्लस टू' वार्ता आपसी मुद्दों से ज्यादा वैश्विक-घटनाक्रम के लिहाज से ज्यादा महत्वपूर्ण साबित हुई, फिर भी रक्षा-सहयोग और आतंकवाद से जुड़े कुछ मुद्दों ने खासतौर से ध्यान खींचा है. कनाडा में खालिस्तानी आतंकियों को मिल रहे समर्थन के संदर्भ में भारत ने अपना पक्ष दृढ़ता से रखा, वहीं रक्षा-तकनीक में सहयोग को लेकर कुछ संदेह व्यक्त किए जा रहे हैं. इन बातों को जून के महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका-यात्रा के दौरान किए गए फैसलों की रोशनी में भी देखना होगा, क्योंकि ज्यादातर बातें उस दौरान तय किए गए कार्यक्रमों से जुड़ी हैं. गाज़ा में चल रहा युद्ध और भारत-कनाडा टकराव अपेक्षाकृत बाद का घटनाक्रम है, पर उनसे दोनों देशों के रिश्तों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा है. दोनों परिघटनाएं प्रत्यक्ष नहीं, तो परोक्ष रूप में पहले से चल रही थीं. दोनों देशों के बीच 2018 से शुरू हुई 'टू प्लस टू' स्तर की इस पाँचवीं वार्ता में भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन व रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भाग लिया. ये वार्ताएं दोनों देशों के लिए राजनीतिक, राजनयिक, आर्थिक और सामरिक-सहयोग की सैद्धांतिक-पृष्ठभूमि तैयार करने का काम करती हैं. अमेरिका से आए दोनों मंत्रियों ने बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात भी की. दोनों देशों के बीच 'टू प्लस टू' स्तर की पहली वार्ता सितंबर 2018 में हुई थी. तब भारत की ओर से तत्कालीन विदेशमंत्री सुषमा स्वराज और रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण और अमेरिका की ओर से विदेशमंत्री माइकेल पॉम्पियो और रक्षामंत्री जेम्स मैटिस की नई दिल्ली में मुलाकात हुई थी. शुरू में 'टू प्लस टू वार्ता' को तीन हिस्सों में बांटा गया था. पहले हिस्से में अगले दस साल का खाका खींचा गया. इसमें एच1बी वीजा और पूंजी निवेश जैसे मुद्दे भी उठे. दूसरे भाग में दोनों देशों के बीच रक्षा समझौते हुए. तीसरे में अन्य देशों से रिश्तों को लेकर बात हुई. यहां रूस और ईरान के मुद्दे भी उठे थे. अमेरिकी पाबंदियों के कारण भारत और ईरान के रिश्ते अब उस धरातल पर नहीं हैं, जिस धरातल पर पांच साल पहले थे. देश की बदलती सामरिक-नीति का पता इस बात से भी लगता है कि अब हमारी ऑस्ट्रेलिया, जापान, ब्रिटेन के साथ 'टू प्लस टू' वार्ताएं होने लगी हैं. ये तीनों देश अमेरिका के सहयोगी हैं. इसबार की वार्ता में अमेरिकी विदेशमंत्री ब्लिंकेन ने भारत के इन देशों के साथ रिश्तों के रेखांकित किया, जो अमेरिका के सहयोगी है. भारत की एनएसजी सदस्यता चीन के विरोध के कारण खटाई में पड़ी रह गई. सितंबर 2018 में 'टू प्लस टू वार्ता' के बाद तत्कालीन विदेशमंत्री सुषमा स्वराज ने बताया था कि अमेरिका के साथ इस बात के लिए भी सहमति बनी है कि वह मिलकर भारत को एनएसजी सदस्यता दिलवाने की दिशा में प्रयास करेगा. संरा सुरक्षा परिषद की स्थायी सीट के मामले में भी चीन का अड़ंगा है. चीन पर अमेरिका असर डाल पाएगा या नहीं, यह अलग सवाल था. अलबत्ता उसके बाद से भारत और चीन के रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती ही गई है. उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि चीन का अड़ियल रवैया खत्म होगा. चीन की प्रतिबद्धता मोटे तौर पर पाकिस्तान के साथ है, पर बुनियादी मतभेद भविष्य की प्रतिस्पर्धा के कारण है. भारत अब एशिया में चीन का मुख्य-प्रतिस्पर्धी है. इस साल जून के महीने में प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान एक रोडमैप समझौते पर दस्तखत हुए थे. उसकी रोशनी में व्यापक संवाद, जटिल सैन्य अभ्यास और रक्षा-तकनीकी सहयोग के लिए शुरू की गई संयुक्त परियोजनाओं में तेजी लाना इसमें शामिल है. कुछ रक्षा-विशेषज्ञों का कहना है कि इस फैसले से भारत के टाटा, एलएंडटी और महिंद्रा ग्रुप को धक्का लगेगा, क्योंकि वे भी ऐसे वाहनों का विकास कर रहे हैं. वे मानते हैं कि ऐसा अमेरिकी दबाव में किया गया है, पर यह जल्दबाजी में निकाला गया निष्कर्ष है. हमें इसके असर को देखने के लिए पूरी तस्वीर पर नज़र डालनी होगी. हाल में एक खबर यह भी थी कि तेजस मार्क-1ए के लिए जिस जीई एफ-404 जेट इंजन का आदेश अमेरिका को दिया गया था, उसकी सप्लाई में विलंब हो रहा है. इससे वायुसेना को नए लड़ाकू विमानों की सप्लाई में देरी होगी. कहा यह भी जा रहा है कि यह विलंब केवल भारतीय सप्लाई में देखा गया है, दक्षिण कोरिया को यह सप्लाई बदस्तूर ज़ारी है.

> अलबत्ता उसके बाद से भारत और चीन के रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती ही गई है. उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि चीन का अड़ियल रवैया खत्म होगा. चीन की प्रतिबद्धता मोटे तौर पर पाकिस्तान के साथ है, पर बुनियादी मतभेद भविष्य की प्रतिस्पर्धा के कारण है. भारत अब एशिया में चीन का मुख्य-प्रतिस्पर्धी है.

## मीडिया में अन्यत्र

# अनियंत्रित निर्माण के खतरे

**हिमालय** के ऊपरी हिस्से में एक सुरंग के निर्माण के दौरान उसके ढह जाने से 40 श्रमिक फंस गए और उन्हें बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं. सरकार की चार धाम राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का यह हिस्सा उत्तरकाशी क्षेत्र में ब्रह्मखाल और यमुनोत्री के बीच स्थित है. यह एक और चेतावनी है कि देश के बड़े पहाड़ी इलाकों में अधोसंरचना परियोजनाओं को राजनीतिक कारणों से बढ़ावा दिया जा रहा है तथा इस दौरान तकनीकी और पर्यावरण संबंधी आकलन को बिल्कुल ध्यान में नहीं रखा जा रहा है. ऐसा आकलन अहम काम को टालने का जरिया नहीं है. बल्कि इनकी मदद से यह सुनिश्चित किया जाता है कि इन कठिन क्षेत्रों में होने वाला निर्माण वहां काम कर रहे लोगों या बाद में उसका इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए किसी तरह जोखिम भरा साबित न हो. ये इलाके भूस्खलन, अचानक आने वाली बाढ़ और यहां तक कि भूकंप के जोखिम वाले होते हैं. यहां होने वाले अधोसंरचना निर्माण का पर्याप्त मजबूत होना आवश्यक है. जलवायु परिवर्तन के इस दौर में ये निर्माण कई तरह के खतरों की जद में रहते हैं. जलवायु परिवर्तन के कारण न केवल मौसम में अतिरंजित बदलाव हुए हैं, बल्कि बादल फटने की घटनाएं भी घटी हैं. इस संदर्भ में चार धाम राजमार्ग जैसी विशालकाय निर्माण परियोजनाओं को तब तक खतरनाक माना जाना चाहिए जब तक कि उन्हें जलवायु वैज्ञानिकों और पारिस्थितिकी विशेषज्ञों की निगरानी में ध्यानपूर्वक तैयार नहीं किया गया हो. प्रत्येक कुछ सप्ताह में ऐसी खबर आती है कि इस क्षेत्र में किसी न किसी बड़ी परियोजना के साथ कुछ न कुछ घटित होता है.अभी कुछ सप्ताह पहले ही असम और अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर सुबनसिरि लोअर जलविद्युत परियोजना को एक भीषण भूस्खलन का सामना करना पड़ा जिसके चलते इस क्षेत्र में निर्माण कार्य खतरे में पड़ गया.भूस्खलन के कारण वह इकलौती सुरंग बंद हो गई जिसका इस्तेमाल यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा था कि नदी का पानी आसपास के उस इलाके में पहुंचे जहां बांध का निर्माण हो रहा है. ऐसा प्रतीत होता है कि भूस्खलन के कारण आठ अलग-अलग नहरें भी प्रभावित हुईं जिन्हें रास्ता बदलने के लिए इस्तेमाल किया जाना था. **(बिजनेस सटैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### जफा/जफर

**हमने** जफ़ा न सीखी, उनको वफ़ा न आई. पत्थर से दिल लगाया और दिल पे चोट खाई. 1964 में आयी हिंदी फिल्म जिंदगी के लिए गीतकार शैलेंद्र इस खूबसूरत गीत की रचना की थी और मुहम्मद रफी ने इसके भावों को साकार कर दिया था. बचपन से ही मुकेश की आवाज में कुछ ऐसा ही एक और भावपूर्ण गीत सुनता रहा हूं. इस गीत को 1961 में आयी फीचर फिल्म 'प्रेम का सागर' ने प्रेम धवन ने लिखा था-सदा खुश रहे तू, जफ़ा करने वाले, दुआ कर रहे हैं, दुआ करने वाले. सुनाते ग़म-ए-दिल, जो तुम पास होते, मेरी बेकसी पे भी, क्या तुम ना रोते. मगर क्या दिखायें, तुम्हें दिल के छाले, दुआ कर रहे हैं, दुआ करने वाले. सदा खुश रहे तू, जफ़ा करने वाले. मैं पुराने फिल्मी गानों का शौकीन हूं, इसलिए कि गीतों में कोई न कोई अच्छा-सा संदेश हुआ करता है. अब इन दोनों गीतों को ही लीजिए तो इनमें जफा शब्द के माध्यम से संदेश देने का प्रयास योग्य और सफल गीतकारों ने दी है. पहले गीत में शैलेंद्र ने जफा और वफा परस्पर विरोधी शब्दों का प्रयोग किया है. वफा शब्द काफी प्रचलन में है, इसलिए इसका मतलब आम लोग भी आसानी से समझ लेते हैं, लेकिन जफा का मतलब समझने की कोशिश करनी होती है. हिंदी-उर्दू शब्दकोशों के अनुसार जफा फारसी भाषा मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका मतलब है अन्यायपूर्ण कार्य या व्यवहार, अत्याचार, जुल्म, सितम, अनीति. अरबी और फारसी दोनों भाषाओं में प्रचलित शब्द है जफर. मुस्लिम समाज में जफर नाम के कई युवक सहज ही मिल जाते हैं. जफा और जफर दोनों में नुक्ता भी लगा होता है, लेकिन हिंदी में नुक्ता लगाने की परंपरा नहीं है. अरबी मूल का जफर संज्ञा स्त्रीलिंग है, जिसका मतलब है विजय, जीत, सफलता, कामयाबी. वहीं फारसी मूल का जफर पुल्लिंग शब्द है और उसका मतलब है ताबीज, यंत्र आदि बनाने की कला या काम.

# मुफ्त में फिजियोथेरेपी का आनंद

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

कल मैंने दफ्तर के अपने पुराने सहकर्मी श्रीमान भाई को देखा तो सच कहता हूं कलेजा मुंह को आ गया. उनके घर पर एक बड़ी-सी मशीन थी, जिस पर पट्टा पूरी रफ्तार के साथ दौड़ रहा था और उसी रफ्तार से श्रीमान भाई दौड़ते जा रहे थे. मैंने कभी श्रीमान भाई को मेहनत करते हुए नहीं देखा. दौड़ना तो दूर रहा, पैदल चलते हुए भी उन्हें बाजार में किसी ने आज तक नहीं देखा. वही व्यक्ति जिसने कभी रसोई से भोजन की थाली लाकर खाना नहीं खाया . सदैव डाइनिंग टेबल पर बैठकर उनकी श्रीमती जी खाना परोस कर लाती थी और एक-एक पूरी करके खिलाती थीं, आज उन्हीं श्रीमान भाई के घर का एक कमरा फिजियोथेरेपी सेंटर में मानो बदला हुआ था.

मैंने रोनी सूरत बनाकर भाई से कहा- यह क्या हालत बना रखी है? वह बोले-क्या बताएं! पिछले तीस-पैंतीस साल से हम अपनी श्रीमती जी से झाड़-पोंछा और बर्तन मांजने से लेकर सारे काम करा रहे थे और खुद आराम से जिंदगी गुजार रहे थे. परिणाम यह है कि हम तो उनके चाचा लग रहे हैं और वह हमारी भतीजी लग रही हैं.



भाइयो और बहनो ! अब आप कुछ भी कहें लेकिन यह तो मानना पड़ेगा कि जिसने जवानी में मेहनत नहीं की, वह अधेड़ अवस्था में पैसा खर्च करके मेहनत करने के लिए मजबूर हो जाता है . उसका नाम फिजियोथेरेपी है यानी डॉक्टर के पास आप जाएंगे. वह आपसे हाथ पैर हिलाने की फीस लेगा और खुशी खुशी फीस देकर आप वापस आएंगे. जिन लोगों ने युवावस्था में श्रम का महत्व नहीं समझा, वे आराम से बिस्तर पर लेटे रहे. बिस्तर पर लेट कर सो गए और बिस्तर पर ही उठ कर बैठ गए तथा खाना भी वहीं बैठकर खा लिया. कभी कार से पैर नीचे न उतारा. सीधे दफ्तर जाकर कुर्सी पर बैठ गए और कुर्सी से उठकर सीधे कार में आ गए. फिर कार से घर पहुंचे फिर कुर्सी पर बैठ गए. मेहनत न करने का दुष्परिणाम तो भोगना ही पड़ता है.जिन लोगों ने अपने कपड़े अपने आप धोए, उन्होंने कपड़े धोने का खर्चा भी बचाया और बुढ़ापे में फिजियोथेरेपी सेंटर में जाकर फीस देने का खर्च भी बचा लिया. जो लोग साइकिल पर चढ़कर बाजार में घूमने गए, उनका काम सस्ते में हो गया. बाद में फिर फिजियोथेरेपी सेंटर में जाकर वहां रखी हुई साइकिल को फीस देकर चलाना पड़ता है. कई लोगों ने अपने पैरों का इस्तेमाल नहीं किया. एक जगह बैठे रहे. जबकि दूसरी ओर कुछ लोगों ने बाजार जाने के लिए अपने पैरों का प्रयोग किया और पैदल चलते हुए काफी दूर तक रोजाना घूमते रहे. उनका यह काम फ्री में हो गया.

हस्ताक्षर



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

# भूपेन हजारिका ने संवारे थे छठ मैया के गीत

लोक संस्कृति आमतौर पर श्रुति के ही कारण संरक्षित रही. इसके डाक्यूमेंटेशन की कभी गंभीर कोशिश नहीं की गई, जाहिर है छठ गीत कब से छठ पर्व का अनिवार्य हिस्सा बन गया, गीत कैसे तैयार हुए, कौन-कौन से छठ के पारंपरिक गीत हैं और कौन कौन से गीत अलग अलग समय में लिखे गए इस संबंध में स्पष्ट जानकारी एक व्यापक शोध की मांग करती है. अभी यदि छठ गीतों पर हम बात करना चाहें तो सहुलियत के लिए उसे शारदा सिन्हा के पहले और शारदा सिन्हा के बाद के कालखंड में बांट सकते हैं. शारदा सिन्हा इसलिए कि 1985 में जब छठ गीतों पर शारदा सिन्हा का पहला कैसेट आया उसके बाद से अब तक छठ के पर्याय के रुप में कोई एक आवाज जाना जाता रहा है तो वो है शारदा सिन्हा का. हालांकि शारदा सिन्हा का छठ गीतों पर पहला अलबम एच एम वी से 1977 में ही आ चुका था जिसमें ..सूप लेले घाट पर.मोरा भईया जाला..जैसे गीत थे. लेकिन उस दौर में कैसेट और टेप रिकार्डर आम लोगों के बीच सहजता से उपलब्ध नहीं रहने के कारण इसे वह लोकप्रियता नहीं मिल पायी थी.

छठ गीतो के अलबम की शुरुआत विंध्यवासिनी देवी के साथ मानी जाती है. लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि छठ के पारंपरिक लोकगीतों के संरक्षण और संवर्धन का श्रेय भी उन्हें ही दिया जाता है. विंध्यवासिनी देवी आकाशवाणी से जुडी थीं, और रेडियो के माध्यम से बिहार के लिए सुपरिचित नाम थीं. उन्होंने संगीत प्रोड्यूसर के रुप में आकाशवाणी से लोकगीतों के प्रसारण की नियमित शुरुआत करवाई. यह आसान काम इसलिए नहीं था कि लोकगीतों की अपनी स्थानीय धुन और पहचान थी, रेडियो पर उसकी व्यापक स्वीकार्यता के लिए लोकगीतों के लिए एक स्थायी धुन की जरुरत उन्होंने महसूस की, और अपने प्रयासों से उसे तैयार किया. छठ के गीतों में धुन को लेकर जो एकरुपता पूरे देश में दशकों दिखती आ रही है, उसका श्रेय विंध्यवासिनी जी के ही अथक परिश्रम को जाता है. उस समय जब कैसेट इंडस्ट्री का विस्तार नहीं हुआ था, तब उन्होंने छठ के समय आकाशवाणी से दिन में कई बार छठ गीतों का प्रसारण करवा कर उन्हें लोगों के व्रत का हिस्सा बनाने की सफल कोशिश की. छठ गीतों की लोकप्रियता में उनके योगदान को देखते हुए एच एम वी ने 60 के दशक में उन्हें अलबम के लिए आग्रह किया, और सोने के खरउवां हो दीनानाथ...,रिमीझिमी बुंदवा बरसे ले..,केरवा जे फरय घवद से, उपर सुगा मडराय.... जैसे गीतों से छठ पूजा को एक नई पहचान मिली.

## सामूहिकता की अभिव्यक्ति

इसी दौर में एक और गायिका ने छठ गीतों को अपनी आवाज दी, वह थी कुमुद अखौरी. इस दौर के गीतों में अधिकांश समूह गायन का प्रयोग दिखता था, यह समूह गायन एक ओर संगीत की कमी को पूरी करता था, दूसरी ओर छठ की सामूहिकता को भी अभिव्यक्ति मिलती थी. इन गीतों में शब्द पक्ष प्रबल सुनाई देता था.









## लता और आशाजी के भी स्वर अर्घ्य

विंध्यवासिनी देवी के छठ गीतों को एक नई लोकप्रियता मिली 1979 में आयी फिल्म 'छठ मैया की महिमा' से, इस फिल्म में संगीत दिया था भूपेन हजारिका ने, जबकि गीत लिखे थे पं प्रदीप और विंध्यवासिनी जी ने, फिल्म के 10 में से 4 गीत विंध्यवासिनी जी ने गाए थे, जबकि एक एक गीत को लता जी और आशा जी ने आवाज दी थी. तपेश्वर प्रसाद निर्देशित इस फिल्म में अभि भट्टाचार्य, पद्मा खन्ना और जीवन ने मुख्य भूमिका निभाई थी.



## यहां परंपरा का रहा साथ

शारदा सिन्हा ने शब्द और संगीत के बीच एक रोचक संतुलन बनाया और उनके माध्यम से छठ गीत पर्व की जरुरत बन गए. उल्लेखनीय है कि शारदा सिन्हा ने छठ गीतों की धुन से कभी प्रयोग करने की कोशिश नहीं की. आश्चर्य नहीं कि दशकों से सुने आ रहे उनके गीत आज भी उतनी ही उत्साह से बजाए जाते हैं. शारदा सिन्हा ने छठ के पारंपरिक गीतों के साथ छठ के मूड को पकड कर कई नए गीतों को भी स्वर दिए जिन्हें आज पारंपरिक गीतों से अलग कर देखना भी मुश्किल है.

भरत शर्मा व्यास, अनुराधा पौडलाल ने भी शारदा सिन्हा की परंपरा को सशक्त करने की कोशिश की. इस वर्ष रंजना झा ने एक गीत में छठ के अलग स्वरूप को स्वर दिया है, जहां बेटा मां के लिए छठ करने को तैयार होता है.

# यादों की बारात और जीनत

अपने जमाने की दिग्गज अदाकारा जीनत अमान कल 73 वर्ष की हो जाएंगी. यादों की बारात, रोटी कपड़ा और मकान, सत्यम शिवम सुंदरम, डॉन और दोस्ताना जैसी कई शानदार फिल्मों में अपने टैलेंट व बोल्डनेस से फैंस का दिल चुराने वाली जीनत की जितनी चर्चा फिल्मों के कारण होती है, उससे कहीं अधिक उनकी निजी जिंदगी के अफसाने लोगों की जुबां पर रहे. आइए, आज करें चर्चा...

## रहस्य के घेरे में यह संबंध

संजय खान से जीनत अमान की शादी रहस्य के घेरे में ही हमेशा रही. जैसी अफवाह उन दिनों प्रचलित थी, उसके अनुसार संजय खान से शादी के बाद उनका संबंध साल भर भी नहीं चल सका और दोनों अलग हो गए. कहते तो यह भी हैं कि संजय खान ने उन्हें एक बार होटल के कमरे में काफी मारा था, जिसकी वजह से जीनत अमान की बाईं आंख को नुकसान पहुंचा था.

## भाग कर की मजहर से शादी

जीनत अमान हाल ही इंस्ट्राग्राम पर आई हैं और खूब सक्रिय रहती हैं. अपनी जिंदगी के दिलचस्प किस्से और अनुभवसिक्त बातें शेयर करती रहती हैं. पिछले दिनों उन्होंने इंस्ट्राग्राम पर मजहर खान से शादी के किस्से शेयर किए. लिखा- मेरे बच्चों के पिता से मेरी शादी चोरी-चुपके हुई थी. हम घर से भाग गए थे और सिंगापुर में दो विटनेस के सामने शादी की थी.

## इसलिए की फ्लॉप हीरो से शादी!

जीनत ने 1985 में जब मजहर खान से शादी की, इंडस्ट्री हैरान रह गई. दरअसल तब जीनत बॉलीवुड पर राज कर रही थीं, लेकिन मजहर ने ज्यादातर फ्लॉप फिल्मों में काम किया था. मजहर खान के देहांत के सालों बाद, जीनत अमान ने सिमी ग्रेवाल के एक चैट शो में इस बात का खुलासा किया कि आखिर क्यों उन्होंने मजहर से शादी की थी. एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने मां बनने के लिए, मजहर खान से शादी की थी. वे बोली थीं, 'मैं तब एक बच्चा चाहती थी. मेरे शादी करने का यही मुख्य कारण था, क्योंकि मैं मानती थी कि शादी सिर्फ फैमिली बनाने के लिए होती है. उस समय, मैं इसके लिए तैयार थी, इसलिए मैंने मजहर खान से शादी की.'

## हड़बड़ाहट का निर्णय

मजहर के साथ शादी के बाद जीनत को अहसास हुआ कि यह निर्णय हड़बड़ाहट में लिया गया एक गलत निर्णय है. मजहर से उनके संबंध कभी बेहतर नहीं रहे. उनकी शादी में कभी खुशनुमा पल नहीं आया. बकौल जीनत, मजहर उन्हें एक आर्टिस्ट के तौर पर बढ़ने नहीं दे रहे थे और उन्हें कंट्रोल करना चाहते थे. बावजूद इसके यह संबंध टूटा नहीं और जीनत 1988 में मजहर के देहांत तक उनके साथ रहीं. 71 साल की जीनत अमान दो बच्चों की मां हैं, जिनका नाम है- अजान खान और जहान खान.

## पति को नहीं दी अंतिम विदाई

जीनत अमान अपने पति के मौत के समय उनके पास मौजूद नहीं थीं. वे उनका चेहरा भी अंतिम समय में नहीं देख सकीं और न उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकीं. सिमी ग्रेवाल को दिए गए इंटरव्यू में उन्होंने इस बात का खुलासा खुद इस बात का खुलासा किया है कि- पति यानी मजहर के घरवाले जीनत को अंतिम समय पर मजहर को देखने भी नहीं दे रहे थे. जिसके कारण जीनत खुद के पति के अंतिम श्रद्धांजलि देने नहीं जा सकी थीं.

## उधार के कपड़े, लोन की ज्वैलरी

इंस्टाग्राम पर जीनत ने खुलासा किया है कि वह शादी-पार्टी में उधार मांगकर कपड़े पहनती हैं. जीनत अमान ने अपने बेटे और उनकी पार्टनर के साथ तस्वीर शेयर की है. एक्ट्रेस ब्लू कलर के सूट में नजर आ रही हैं. जीनत ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- मैं आपको एक सीक्रेट बताना चाहती हूं. जो मैं फैंसी डिजाइनर आउटफिट पहनती हूं इस तरह के फंक्शन पर वो उधार लिए होते हैं. जो मैंने ज्वैलरी पहनी है वो मैंने विमल से लोन पर लिए हैं. पाउडर ब्लू कलर का शरारा मेरी प्यारी दोस्त मोहिनी छाबरिया ने भेजा है. जिसे मैं ड्राई क्लीन कराकर वापस कर दूंगी.

## जब मांगनी पड़ी माफी

एक फैमिली वेकेशन को याद करते हुए जीनत ने अपने छोटे बेटे जहान का मॉरिशस से जुड़ा एक किस्सा सुनाया. और बताया कि कैसे वह फैमिली के साथ छुट्टियों के दौरान मॉरीशस के एक क्लिनिक में उनके बेटे की वजह से उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी. दरअसल 1995 में मॉरीशस गई थीं, तभी उनके बड़े बेटे अजान के कान में इन्फेक्शन हो गया था. वह उसे लेकर डॉक्टर के पास गईं और छोटे बेटे को एक कलरिंग बुक के साथ वेटिंग रूम में छोड़ दिया. डॉक्टर से बातचीत हुई और 20 मिनट बाद जब वे दोनों बाहर लौटे तो देखा कि छोटे बेटे ने पूरे वेटिंग रूम की दीवारें पेंट कर डाली था. दरअसल छोटे बेटे को रिसेप्शन पर रखी एक स्टैंप और इंक पैड मिल गया. इससे उसने पूरे वेटिंग रूम की दीवारों पर स्टैंप लगा दी. पूरे वेटिंग रूम की हालत ऐसी हो चुकी थी कि देखने वाला हैरान रह जाए. इसके बाद उन्होंने डॉक्टर से माफी मांगी और उनके वेटिंग रूम को सुधारने के लिए पैसे भरने की पेशकश भी की

## राज की बात

जीनत अमान ने हालिया एक पोस्ट में एक्टर और डायरेक्टर देवानंद के बारे में बातचीत की. साथ ही राजकपूर से अपने अफेयर पर भी पहली बार चुप्पी तोड़ी. बकौल जीनत, देवआनंद वह बहुत ही "रचनात्मक ऊर्जा के स्रोत" थे और एक्टर ने उन्हें इस तरह गाइड किया कि उनकी जिंदगी बदल गई. राज कपूर के साथ "बड़ी गलतफहमी" के बारे में भी बात की कि कैसे उन्होंने अपनी आत्मकथा में यह बताया कि वह राज कपूर के साथ रोमांटिक रूप से जुड़ी हुई थीं. बता दें कि देवानंद ने साल 2007 में प्रकाशित अपनी आत्मकथा 'रोमांसिंग विद लाइफ' में लिखा था कि कैसे उन्हें जीनत से प्यार हो गया था, लेकिन इसी दौरान उन्हें 'सत्यम शिवम सुंदरम' में मौका देने वाले राज कपूर करीब आ गए.





संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# बुर्ज खलीफा पर 'एनिमल' !

रणबीर कपूर फिल्म एनिमल एक दिसंबर को रिलीज होगी और इन दिनों वे फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं. इस बीच एक खबर यह आई कि रणबीर कपूर की 'एनिमल' की एक झलक दुबई की सबसे ऊंची इमारत यानी बुर्ज खलीफा पर दिखाई देगी. एनिमल फिल्म से 60 सेकंड का एक वीडियो बुर्ज खलीफा पर दिखाया जाएगा. खबर के मुताबिक इस 60 सेकेंड के वीडियो में किस सीन को दिखाया जाएगा. हालांकि इस बाबत कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है. बता दें कि इसी साल शाह रुख की फिल्म पठान का ट्रेलर भी बुर्ज खलीफा पर जारी हुआ था.

## एयरपोर्ट पर हुए स्पॉट






शुक्रवार की सुबह रणबीर को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया था. ऐसे में बॉलीवुड के गलियारों में यह चर्चा चली कि एक्टर दुबई के लिए ही रवाना हुए हैं. बता दें कि एनिमल में रणबीर कपूर पहली बार रश्मिका मंदाना और बॉबी देओल के साथ नजर आने वाले हैं. फिल्म में अनिल कपूर और तृप्ति डिमरी भी लीड रोल में नजर आएंगी.

# अब ओटीटी पर "सुखी"

शिल्पा शेट्टी ने लंबे समय के बाद फिल्म सुखी से बड़े पर्दे पर वापसी की है. यह फिल्म 22 सितंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म को रिलीज हुए जल्द ही दो महीने पूरे होने वाले हैं. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी. लगभग 15 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 2 करोड़ के आस पास का ही कारोबार किया था. अब इस फिल्म ने ओटीटी पर भी दस्तक दे दी है. शिल्पा शेट्टी स्टारर यह मूवी शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है.

## क्या है 'सुखी' की कहानी




'सुखी' एक फैमिली ड्रामा फिल्म है. इस मूवी में शिल्पा शेट्टी पंजाबी हाउसवाइफ सुखप्रीत कालरा उर्फ 'सुखी' का किरदार निभा रही हैं जो हाउसवाइफ बन कर जिम्मेदारियों के तले अपने अस्तित्व को कहीं भूल सी गई है. उसकी जिंदगी में यू टर्न तब आता है जब शादी के लगभग बीस साल बाद वह अपने स्कूल के रीयूनियन में भाग लेने के लिए दिल्ली आती हैं. शिल्पा शेट्टी के साथ ही इस फिल्म में कुशा कपिला, अमित साध, दिलनाज ईरानी आदि ने भूमिकाएं निभाई हैं.

टैलेंटनामा

# झारखंड के टैलेंट की "अमर" कहानी

कहते हैं कला समय की मोहताज होती है. इंसान को पता नहीं होता कि एक कलाकार उनके अंदर पल रहा है. अमरनाथ कुमार की कहानी ऐसी ही है.



निलय सिंह

अमरनाथ ने 2013 में बिरसा प्रौद्योगिकी संस्थान से बीटेक और 2017 में रांची विश्वविद्यालय से पत्रकारिता में स्नातकोत्तर किया है. दोनों क्षेत्रों में काम भी किया, पर दिल को कुछ और ही मंजूर था. नौकरी छोड़कर एक कलाकार के रूप में खुद को स्थापित करने की ठान ली. 2015 में असगर वजाहत द्वारा लिखित और संजय लाल द्वारा निर्देशित नाटक 'जिस लाहौर नई देख्या ओ जम्याई नई' में उन्हें पहला रोल मिला. उसके बाद उन्होंने अभिज्ञान शाकुन्तलम, काल कोठरी, कैनवस की मौत, गजब का जलपान और कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी जैसे नाटकों के माध्यम से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नाट्य महोत्सवों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया और निर्देशकों एवं दर्शकों के बीच एक अच्छे अभिनेता की छवि बनाई.



अभियंता से अभिनेता बने अमरनाथ कुमार के फिल्मी सफर की शुरुआत दूरदर्शन के चर्चित धारावाहिक "सलाम इंडिया" से हुई जिसमें उन्होंने गौरंग नामक समाजसेवी की भूमिका निभाई. इसका लेखन और निर्देशन लाल विजय शाहदेव ने किया था. इसके बाद उन्होंने सोनी टीवी के चर्चित धारावाहिक 'क्राइम पेट्रोल' और बिग गंगा पर प्रसारित धारावाहिक 'दिव्य शक्ति' में भी मुख्य भूमिकाएं निभाई. अमरनाथ अल्ट बालाजी की वेब सीरीज 'बारिश 2', के आलावे हॉट स्टार की सीरीज 'बेचारे' में भी नजर आ चुके हैं.

# मिस यूनिवर्स के कॉम्पटीशन में बिकिनी की जगह बुर्किनी!



मिस यूनिवर्स पाकिस्तान 2023 एरिका रॉबिन प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की प्रारंभिक प्रतियोगिता के स्विमसूट राउंड के दौरान बाहर रहीं, क्योंकि उन्होंने बिकनी नहीं पहनने का विकल्प चुना. इसके बजाय, ब्यूटी क्वीन ने आत्मविश्वास से बुर्किनी पहनकर रैंप वॉक किया. बुर्किनी एक फुल-बॉडी स्विमसूट है जो "बुर्का" और "बिकिनी" शब्दों का मिलाकर बना है.

गौरतलब है कि 72वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता कल यानि 18 नवंबर को अल साल्वाडोर में होगी. इसमें एरिका शरीक हो रही हैं. पिछले दिनों एरिका ने खुले तौर पर कहा था, "पहली बार, पाकिस्तान से मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में कोई प्रतिभागी शामिल होगी. मैं बहुत दबाव में हूं और मेरे ऊपर बहुत जिम्मेदारी है. हालांकि, मैं ऐसा कुछ नहीं करूंगी जिससे मुझे नुकसान हो या फिर देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचे."

आपको बता दें, पाकिस्तान की ओर से अब तक कभी भी मिस यूनिवर्स मंच पर प्रतिनिधित्व नहीं किया गया है. वॉयस ऑफ अमेरिका के साथ एक इंटरव्यू में, एरिका ने पहले प्रतियोगिता के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा था कि अगर वह जीतती है तो उसे बहुत खुशी होगी, वह गर्व से घोषणा करेगी कि "वह पाकिस्तान से है."

▼ ब्रीफ खबरें

### भारत के लिए जीत का उचित समय : वाल्टर



**कोलकाता।** दक्षिण अफ्रीका के पांचवी बार विश्व कप के सेमीफाइनल में हारने से निराश उसके मुख्य कोच रॉब वाल्टर फाइनल नहीं देखेंगे.लेकिन उनका मानना है कि टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम भारत के लिए ट्रॉफी जीतने का यह उचित समय है. भारत ने मौजूदा विश्व कप में अपने सभी 10 मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई है वाल्टर ने दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार के बाद कहा कि ईमानदारी से कहूं तो इसकी एक प्रतिशत संभावना है कि मैं (फाइनल) देखूंगा. और इससे भी अधिक ईमानदारी से कहूं तो, मुझे वास्तव में कोई परवाह नहीं है.

### अदिति पहले दौर के बाद संयुक्त 32वें स्थान पर

**नेपल्स (फ्लोरिडा)।** भारत की स्टार महिला गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए की सत्र की अंतिम प्रतियोगिता सीएमई ग्रुप टूर चैंपियनशिप के पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेला. सत्र के पहले चरण में अच्छा प्रदर्शन करने वाली अदिति वर्तमान प्रतियोगिता के पहले दौर के बाद संयुक्त 32वें स्थान पर हैं. अदिति ने दूसरे और चौथे होल में बोगी की लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने खेल में सुधार किया तथा पांच बर्डी बनाई. इससे वह 17वें होल तक तीन अंडर पर थी लेकिन 18वें होल में वह बोगी कर बैठी. दो टूर्नामेंट में चैंपियन रही रुओनिंग यिन से सात शॉट पीछे है.

### ओडिशा टाइगर की टीम बनी चैंपियन

**गुड़ाबांदा।** ओडिशा टाइगर की टीम यहां आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता की चैंपियन बन गई. उसने फाइनल में भोलेबाबा फुटबॉल टीम पांड्रापाथर को हराकर यह गौरव हासिल किया. यह प्रतियोगिता वीर बिरसा क्लब द्वारा बिरसा जयंती के अवसर आयोजित की गई.. विजेता टीम ओड़िशा टाइगर की टीम को 20 हजार और उपविजेता टीम को 15 हजार नकद विधायक समीर कुमार मोहंती के हाथों देकर पुरस्कृत किया गया. इससे पूर्व विधायक मोहंती ने फाइनल मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फाइनल का शुभारंभ फुटबॉल पर किक मारकर किया.

### अवनी और दीक्षा की अच्छी शुरुआत

**पाल्मा (स्पेन)।** भारत की एमेच्योर गोल्फर अवनी प्रशांत और दीक्षा डागर ने लेडीज यूरोपियन टूर की 2023 की अंतिम प्रतियोगिता मलोर्का लेडीज गोल्फ ओपन में अच्छी शुरुआत की और पहले दौर के बाद वे क्रमशः संयुक्त पांचवें और 12वें स्थान पर हैं. अवनी की शुरुआत अच्छी नहीं रही. उन्होंने पहले चार होल में से तीन होल में बोगी की जबकि इस बीच एक बर्डी भी बनाई. इस भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद अच्छी वापसी की और तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया.

# भारत विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार : रवि शास्त्री

**एजेंसी। चेन्नई**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व कप फाइनल में मेजबान टीम प्रबल दावेदार होगी और उसे अपनी रणनीति पर बरकरार रहना चाहिए. शास्त्री ने शहर में एक कार्यक्रम के इतर फाइनल में भारत की योजना पर बात करते हुए कहा कि उन्हें कुछ भी अलग करने की जरूरत नहीं है. शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि वे 'रिलैक्स' होंगे. वे घरेलू मैदान पर खेल रहे हैं और यह काफी अनुभवी टीम है. और उन्हें कुछ भी अलग करने की जरूरत नहीं है. पूर्व मुख्य कोच ने कहा कि वे जिस तरह से खेले हैं, यह उसी तरह होगा जिस तरीके से वे पिछले मैच में खेले. इससे वे जल्द ही विश्व कप हाथ में उठाये होंगे. उन्होंने कहा कि भारत विश्व कप जीतेगा. वे फाइनल में प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत करेंगे. वे बहुत बढ़िया खेले हैं.

लीग चरण में आस्ट्रेलिया को हराने के बावजूद भारत पांच बार की विश्व चैम्पियन के आईसीसी फाइनल्स में शानदार रिकॉर्ड को देखते हुए उसके खिलाफ दबाव में होगा. लेकिन शास्त्री का मानना है कि अगर भारतीय टीम धैर्य बनाये रखे और दबाव से निपटने में सफल रहे तो वे विजेता साबित हो सकते हैं. उन्होंने कहा कि उन्हें शांत और संयमित बने रहने के साथ दबाव से निपटने की जरूरत है. यह फाइनल मुकाबला है, इसलिये सिर्फ आपको (भारत) इतना अति उत्साही नहीं होना चाहिए. शास्त्री ने कहा कि आप (भारत) अपनी भूमिकाएं जानते हैं और इस टीम की सबसे अच्छी बात यही है कि यह एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है. मैच दर मैच आठ या नौ खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिये यह अच्छा संकेत है. पूर्व भारतीय आल राउंडर ने फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की भी तारीफ की जो टूर्नामेंट में गेंदबाजी तालिका में 23 विकेट झटककर शीर्ष पर चल रहे हैं. इसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में हुए सेमीफाइनल में सात विकेट झटकना भी शामिल है.

## फाइनल में कुछ भी अलग करने की जरूरत नहीं

### शमी फाइनल में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा

रवि शास्त्री का मानना है कि शमी रविवार को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा. उन्होंने कहा कि पहली गेंद पर अगर शमी गेंदबाजी कर रहा है तो मैं बल्लेबाजों को 'गुड लक' कहूंगा. उसकी सीम गेंदबाजी और जिस तरह से गेंद गिरती है, शानदार है. उसने इस विश्व कप में लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी की है. शास्त्री ने कहा कि मुंबई में वह अपने कौशल से बल्लेबाजों को परेशान कर रहा था. मैं कहूंगा कि यह भारत का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण है. जब आप 'वैराइटी' और कौशल को देखो तो यह शानदार है.

- दबाव से निपटने में सफल रहे तो वे विजेता जरूर बनेंगे
- खिलाड़ियों का मौजूदा प्रदर्शन अच्छा संकेत है
- मैं सभी बल्लेबाजों को 'गुड लक' कहना चाहूंगा
- विश्व कप में लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी हो रही



# विकेट के आगे और पीछे का कमाल

## राहुल ने बल्लेबाज की भी भूमिका निभाई, 77 के औसत से 386 रन बनाये

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) विश्व कप में भारतीय टीम की सफलता में विकेट से पीछे लोकेश राहुल का शानदार योगदान रहा है. राहुल ने बल्ले से कई बार टीम के लिए बेहतरीन पारी खेलने के साथ विकेट के पीछे कुछ कमाल के कैच लपके हैं और डीआरएस (डिसीजन रिव्यू सिस्टम यानी मैदानी अंपायर के फैसले की समीक्षा) से जुड़े फैसलों में वह कप्तान रोहित शर्मा के सच्चे सिपहसालार साबित हुए है. पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के समय डीआरएस पर उनके सही फैसलों के कारण भारतीय क्रिकेट में इसे 'धोनी' रिव्यू सिस्टम' कहा जाता था तो वहीं अब राहुल की काबिलियत से इसे ' डिसीजन 'राहुल' सिस्टम' कहा जाने लगा है.

**99 की स्ट्राइक रेट और 77 के औसत से 386 रन बनाये :** रोहित की विस्फोटक बल्लेबाजी, विराट कोहली का संयमित खेल और मोहम्मद शमी की कातिलाना गेंदबाजी के सामने भले ही राहुल की बल्लेबाजी की चर्चा अधिक न हो, लेकिन मौजूदा विश्व कप में जब भी टीम को उनके बल्ले से योगदान की जरूरत थी. उन्होंने अपनी इस भूमिका को पूरी तरह से निभाया.

राहुल ने इस दौरान 99 की स्ट्राइक रेट और 77 के औसत से 386 रन बनाये. भारतीय टीम के लिए पदार्पण के बाद से ही कौशल के मामले में राहुल को कोहली और रोहित जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी माना जाता है, लेकिन लचर शॉट खेलकर आउट हो जाने के कारण वह अतीत में उस रुतबे को हासिल नहीं कर पाये. यही कारण है कि सिडनी, लॉर्ड्स और सेंचुरियन जैसे मैदान पर शतक लगाने वाले इस खिलाड़ी को भारतीय क्रिकेट में 'अंडर-अचीवर (उम्मीद से कम सफलता पाने वाला)' माना जाता है. राहुल के करियर में शानदार बल्लेबाजी के बीच कुछ ऐसे भी क्षण आये जब उन्हें खुद भी अपनी बल्लेबाजी की काबिलियत पर शक होने लगा.ऐसी स्थिति में विकेटकीपर की भूमिका निभाने से उनके मन का संदेह दूर हुआ और बल्ले से भी उनके प्रदर्शन में काफी सुधार आया.

**परफेक्ट फुटवर्क :** सेमीफाइनल में राहुल ने जिस तरह से डेवोन कॉनवे का कैच पकड़ा उसे देख कर महेंद्र सिंह धोनी भी निश्चित रूप से खुश हुए होंगे. मौजूदा टूर्नामेंट में 10 मैचों में उन्होंने 16 (15 कैच और एक स्टंपिंग) शिकार किये है.

वह विकेट के पीछे सबसे ज्यादा शिकार के मामले में सिर्फ दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्विंटन डिकॉक से ही पीछे हैं. ऐसे खिलाड़ी जो कुछ समय पहले तक कीपिंग नहीं करता था उसके लिए यह बड़ी उपलब्धि है. डीआरएस से जुड़े फैसले के बारे में राहुल के निर्णय शानदार रहे हैं. भारत के पूर्व कीपर दीप दासगुप्ता का कहना है कि इसका कारण स्टंप के पीछे उनका 'परफेक्ट फुटवर्क' है, क्योंकि उन्हें इस बात का सटीक अंदाजा है कि गेंद कहां खत्म होगी.




## क्वालीफायर मैच में भारत ने कुवैत को 1-0 से हराया

**कुवैत सिटी**

मनवीर सिंह के अंतिम क्षणों में किये गये गोल की मदद से भारत ने गुरुवार को यहां 2026 फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफायर मैच में कुवैत को 1-0 से पराजित किया. मनवीर ने खेल के 75वें मिनट में लालियानजुआला चांग्ते के क्रॉस पर यह महत्वपूर्ण गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ. कुवैत को मैच के आखिरी क्षणों में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में फैसल अलहरबी को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण बाहर जाना पड़ा था. भारत अपना अगला मैच 21 नवंबर को भुवनेश्वर में एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ खेलेगा. भारत को कतर, कुवैत और अफगानिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है. ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाएंगी. इस बीच एशियाई क्षेत्र के विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में दक्षिण कोरिया ने सिंगापुर को 5-0 से करारी शिकस्त दी जबकि फिलीस्तीन ने लेबनान से गोल रहित ड्रा खेला. अन्य मैचों में जापान ने म्यांमार को 5-0 से, चीन ने थाईलैंड को 2-1 से, ईरान ने हांगकांग को 4-0 से, कतर ने अफगानिस्तान को 8-1 से, सऊदी अरब ने पाकिस्तान को 4-0 से और संयुक्त अरब अमीरात ने नेपाल को 4-0 से हराया.



## 'स्टंप टू स्टंप' गेंदबाजी की कोशिश : शमी



**अहमदाबाद।** भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि उनकी गेंदबाजी में कुछ भी असाधारण नहीं है और वह सिर्फ 'स्टंप टू स्टंप' लेंथ में गेंदबाजी करने पर ध्यान लगाते हैं ताकि विकेट मिल सकें. शमी इस विश्व कप में अभी तक भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं और छह मैचों में 5.01 की इकोनॉमी से 23 विकेट झटक चुके हैं. जिसमें एक बार चार विकेट लेना और तीन बार पांच या इससे अधिक विकेट लेना शामिल है. मुंबई में मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने सात विकेट लिये. शमी ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा कि मैं हमेशा हालात देखता हूं कि पिच और गेंद किस तरह बर्ताव कर रही है कि गेंद स्विंग ले रही है या नहीं. उन्होंने कहा कि अगर गेंद स्विंग नहीं ले रही होती तो मैं 'स्टंप टू स्टंप' गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं और गेंद को ऐसी जगह डालने का प्रयास करता हूं कि यह बल्लेबाज के ड्राइव करने के समय बल्ले का किनारा छू सके. शमी विश्व कप के पहले चार मैच में अंतिम एकादश में शामिल नहीं थे और आल राउंडर हार्दिक पंड्या के बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद ही अंतिम एकादश में जगह बना सके.

### सर्वश्रेष्ठ से मुकाबले को उत्साहित : मिशेल

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले विश्व कप फाइनल के बारे में कहा कि उनकी टीम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम का सामना करने को लेकर उत्साहित है. भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी 10 मैच जीत पर फाइनल में जगह बनाई. ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया. स्टार्क ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कि हम सर्वश्रेष्ठ टीम का सामना करना चाहते हैं. अभी तक वह टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं और हम दोनों टीम का फाइनल में आमना सामना होगा. यही विश्व कप है और इसके लिए ही हम यह खेल खेलते हैं.

### कोई वास्तविक कमजोरी नहीं: जोश

**कोलकाता।** विश्व कप के महा मुकाबले के लिए तैयार ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि उन्हें भारतीय टीम में कोई वास्तविक कमजोरी नजर नहीं आती, लेकिन टूर्नामेंट के शुरुआती मैच से सीख लेकर वह उसके शीर्ष क्रम को झकझोरने का प्रयास करेंगे. इन दोनों टीम के बीच लीग चरण के चेन्नई में खेले गए मैच में भारत ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी. भारत की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही थी और दूसरे ओवर तक उसका स्कोर दो विकेट पर तीन रन था. ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई है.

## अमेरिकी हॉल आफ फेम में शामिल होंगी सेरेना



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स और मशहूर मानव अधिकार कार्यकर्ता रूबी ब्रिजेस को अगले साल अमेरिका के राष्ट्रीय महिला हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा. हॉल ऑफ़ फेम इन घोषणा की कि सेरेना और ब्रिजेस को अगले साल मार्च में अमेरिकी हॉल ऑफ़ फेम में शामिल किया जाएगा. बयालीस वर्ष की सेरेना विलियम्स ने 23 बार ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं और सबसे लंबे समय तक विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड उनके नाम पर है. सेरेना ने पिछले साल टेनिस से संन्यास ले लिया था. इस महीने के शुरू में उन्हें फैशन आइकन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. वह यह सम्मान हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी हैं.

**रांची** 18 से 23 नवंबर तक आयोजित होगी प्रतियोगिता, 5 लीग मुकाबले खेले जाएंगे

# 120 लीजेंड्स रांची के जेएससीए स्टेडियम में मजाएंगे धूम

**खेल संवाददाता। रांची**



रांची के जेएससीए स्टेडियम में लीजेंड लीग क्रिकेट के दूसरे सीजन की शुरुआत 18 नवंबर से होने जा रही है. 23 नवंबर तक 5 लीग मुकाबले इस मैदान में खेले जायेंगे. इसमें 6 टीमों के 120 लीजेंड्स खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएंगे. टिकटों की बिक्री शुरू हो चुकी है और सबसे कम की टिकट 199 रुपए की है.

17 नवंबर को इस प्रतियोगिता को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की गई. जिसे सीईओ रमन रहेजा पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हाशिम अमला, मुनाफ पटेल और प्रवीण तांबे ने संयुक्त रूप से संबोधित किया और पूरी टूर्नामेंट की जानकारी दी. भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के इस लीग से जुड़ने पर भी संभावना व्यक्त की गई. मुनाफ पटेल ने कहा कि लीजेंड लीग का यह दूसरा टूर्नामेंट सत्र है. इस बार पहले से ज्यादा अकर्षण रहेगा. रांची शहर में इस मैच की शुरुआत हो रही है. जो काफी शानदार अनुभव है. अपने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के शहर में इस लीग को खेलना रोमांचक होगा. वहीं पूर्व क्रिकेटर प्रवीण तांबे ने कहा कि यहां का पिच काफी शानदार है. बोलिंग, बैटिंग नहीं बल्कि पूरे क्रिकेट के लिए इस पिच में खेलने का अलग अनुभव होगा. उन्होंने कहा कि लीजेंड लीग क्रिकेट का आईडिया एक बेहतरीन आईडिया है. एक्टिव क्रिकेट का जो फॉर्मेट है, उसी फॉर्मेट में यह लीग खेली जाती है. रिटायर्ड क्रिकेटरों के लिए यह एक शानदार प्लेटफार्म है. वहीं सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि एक्टिव क्रिकेटर या तो देश के लिए खेलते हैं या फिर फ्रेंचाइजी के लिए इस फॉर्मेट के लागू होने से अब यह लीग भी धीरे-धीरे इस फॉर्मेट पर आगे बढ़ रही है.

### भीलवाड़ा किंग्स की जबरदस्त तैयारी

**रांची।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) सीजन 2 के लिए भीलवाड़ा किंग्स ने जबरदस्त तैयारी की है. पिछले सीजन की रनर अप इस फ्रेंचाइजी का स्वामी विभिन्न व्यवसायों में सलग्न एलएनजे भीलवाडा ग्रुप है. इस बार के फ्रेंचाइजी सीजन में 19 मैच होने की उम्मीद है और यह 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक चलेगा मैच रांची, जम्मू, देहरादून, विशाखापत्तनम और सूरत जैसे विभिन्न भारतीय शहरों में होंगे.

भीलवाड़ा किंग्स का मुकाबला गुजरात जाइट्स इंडिया कॅपिटल्स, मणिपाल टाइगर्स के साथ-साथ सदर्न सुपर स्टार्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद से होगा. इस टीम में इरफान पठान, यूसुफ पठान और तिलकरत्ने दिलशान जैसे दिग्गज बने हुए हैं. इसलिए यह टीम जीत की प्रबल दावेदार है. हाल में हुई नीलामी में 200 से अधिक खिलाडियों से 12 चुनिंदा खिलाड़ियों को लेकर भीलवाडा किंग्स और भी दमदार टीम बन गई है.

## बालक में रांची और बालिका वर्ग में जामताड़ा बना विजेता

**संवाददाता। रांची**

खेलो झारखंड के तहत राज्य स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता खेलगांव के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में संपन्न हो गई. प्रतियोगिता में बैंड की शानदार धुनों का प्रदर्शन करते हुए पाइप बैंड की बालिका वर्ग में जामताड़ा की टीम और बालक वर्ग में रांची की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य विजेता बनी. वहीं ब्रास बैंड में वेस्ट सिंहभूम की टीम पहले स्थान पर रही. बेस्ट कंडक्टर के अवॉर्ड से जामताड़ा की मंजारी किस्को को सम्मानित किया गया. वहीं बेस्ट कंडक्टर कंसोलेशन का पुरस्कार खूंटी की भूमिका कुमारी और सिमडेगा की नोबिना कुमारी को दिया गया. विजेता टीमों को प्रतियोगिता के जूरी मेंबर भारतीय सेना के यूनिट नाइन महार के सूबेदार सोहन सिंह और नायक शेखर कार्तिक, राज्य परियोजना के सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सीमा प्रसाद और राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने प्रमाण पत्र के साथ ट्रॉफी प्रदान किया.

### विशेष प्रशिक्षण शिविर होगा आयोजित

मालूम हो कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी 24 जिलों की 28 टीमों के बालक व बालिका प्रतिभागियों ने उपस्थित दर्शक और जूरी मेंबर्स का अपने बैंड प्रदर्शन से मन मोह लिया. राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि विजेता टीम के लिए 25 दिनों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा.



शुक्रवार को पुष्कर में हर वर्ष मेला पशुओं का मेला लगता है, जहां मुख्य रूप से ऊंटों का व्यापार किया जाता है. यहां क्षेत्र के हजारों पशु व्यापारी इस पारंपरिक ऊंट मेले में आते हैं. फोटो: पीटीआई

## ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपने के लिए मांगा अतिरिक्त समय

**वाराणसी।** भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण (एएसआई) ने ज्ञानवापी परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट सौंपने के लिए अदालत से शुक्रवार को 15 दिन का और समय देने की मांग की. केंद्र सरकार के अधिवक्ता वकील अमित श्रीवास्तव ने बताया कि अदालत इस मामले की सुनवाई शुक्रवार दोपहर को करने वाली थी, लेकिन अब इसे शनिवार को सुनेगी. इससे पहले दो नवंबर को वाराणसी की अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वे की रिपोर्ट सौंपने के लिए 17 नवंबर तक का समय दिया था. परंतु सर्वेक्षण में इस्तेमाल तकनीकी रिपोर्ट अभी नहीं आ पाने की वजह से एएसआई ने आज शुक्रवार को जिला जज ए के विश्वेश की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट अदालत के समक्ष जमा करने के लिए 15 दिन के और समय की मांग की है.

### आओ जानें

## ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्थाएं (जीडीपी)

| | | | |
|---|---|---|---|
| यूएसए | $26.95 टन | ऑस्ट्रेलिया | $1.69t |
| चीन | $17.7t | स्पेन | $1.58t |
| जर्मनी | $4.43t | इंडोनेशिया | $1.42t |
| जापान | $4.23 टन | तुर्की | $1.15t |
| भारत | $3.73t | नीदरलैंड | $1.09t |
| यूके | $3.33t | सऊदी अरब | $1.07t |
| फ्रांस | $3.05t | | |
| इटली | $2.19t | | |
| ब्राज़ील | $2.13t | | |
| कनाडा | $2.12t | | |
| रूस | $1.86t | | |
| मेक्सिको | $1.81t | | |
| दक्षिण कोरिया | $1.71t | | |




## स्वशासित पृथक प्रशासन की मांग को मणिपुर सरकार ने अवैध बताया

**भाषा। इंफाल**

### खास बातें
- अलग प्रशासन की मांग के बारे कुछ नहीं हुआ
- हम अपने स्वशासन की स्थापना करेंगे

मणिपुर सरकार ने कुकी-जो समुदाय के प्रभाव वाले जिलों में 'स्वशासित पृथक प्रशासन' के इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) संगठन के आह्वान की कड़ी निंदा की है और इसे अवैध बताया है. राज्य सरकार के प्रवक्ता और शिक्षा मंत्री बसंत कुमार सिंह ने गुरुवार की रात संवाददाताओं से कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि गैर-जिम्मेदाराना बयान राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को खराब करने और बिगाड़ने के उद्देश्य से प्रेरित हैं. मंत्री ने कहा कि आईटीएलएफ एवं संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है. मणिपुर में कुकी-ज़ो जनजातियों के अग्रणी संगठन आईटीएलएफ ने बुधवार को उन क्षेत्रों में 'स्वशासित पृथक प्रशासन' स्थापित करने की धमकी दी थी जहां ये जनजातियां बहुमत में हैं. आईटीएलएफ के महासचिव मुआन टोम्बिंग ने कहा कि मणिपुर में जातीय संघर्ष शुरू हुए छह महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अलग प्रशासन की हमारी मांग के संबंध में कुछ नहीं किया गया है. अगर कुछ हफ्तों के भीतर हमारी मांग नहीं सुनी गई, तो हम अपने स्वशासन की स्थापना करेंगे, चाहे कुछ भी करना पड़े और केंद्र इसे मान्यता दे या नहीं.

## ब्रीफ खबरें

### जगन्नाथ मंदिर के 'नटमंडप' मरम्मत की मिली मंजूरी

**पुरी (ओडिशा)।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को 12 वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के 'नटमंडप' का मरम्मत कार्य शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है. एसजेटीए को मिली इस मंजूरी से एक दिन पहले उड़ीसा उच्च न्यायायल ने एएसआई को इस मंदिर के नटमंडप का मरम्मत कार्य गुरुवार से शुरू करने के लिए कहा था. इस प्राचीन मंदिर के कुछ खंभों में दरारें नजर आयी हैं जिसके बाद एएसआई को तत्काल मरम्मत कार्य करने को कहा गया.

### असम में करोड़ों रुपये की हेरोइन जब्त, 4 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम की राजधानी दिसपुर में दो अलग-अलग अभियानों में चार व्यक्तियों के पास से 11 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. असम पुलिस के प्रवक्ता प्रणवज्योति गोस्वामी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर एक संयुक्त अभियान में एसटीएफ और कामरूप जिला पुलिस ने गुरुवार को मणिपुर के चूराचंद्रपुर से आ रहे एक वाहन को पकड़ा और तलाशी के बाद उससे 1.35 किलोग्राम हेरोइन जब्त की.

### पाक की अर्थव्यवस्था अब भी नाजुक बनी हुई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की कार्यवाहक वित्त मंत्री शमशाद अख्तर ने कहा कि सुधार के बावजूद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था नाजुक बनी हुई है और नकदी संकट से जूझ रहे देश को कुछ समय के लिए आईएमएफ से अधिक ऋण लेना होगा. शुक्रवार को खबर में यह बात कही गई. समाचार पत्र 'डॉन' में की खबर के अनुसार, अख्तर ने इस बात पर भी जोर दिया कि पाकिस्तान को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बेड़े वित्त सुधार करने की जरूरत है.

### विझिंजम पर तीसरा जहाज 27 को पहुंचेगा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजधानी के पास स्थित विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर तीसरा जहाज 27 को पहुंचेगा. बंदरगाह सूत्रों ने बताया कि 'झेन हुआ 24' नाम का जहाज बंदरगाह पर छह यार्ड क्रेन लाएगा. एक महीने पहले ही एक भव्य समारोह के साथ इस अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर जहाजों की आवाजाही शुरू हुई थी. इस महीने की शुरुआत में क्रेन के साथ विझिंजम बंदरगाह पर पहुंचा दूसरा जहाज 'झेन हुआ 29' शुक्रवार को अपराह्न दो बजे तक गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह के लिए प्रस्थान करेगा.

### दंपति की हत्या मामले में 17 को मिली उम्रकैद

**जाजपुर।** ओडिशा के जाजपुर जिले की एक अदालत ने तीन साल पहले जादू-टोना करने के संदेह में एक दंपति को जलाकर मार डालने के जुर्म में 17 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनायी है. इस मामले में उन्हें दोषी करार देते हुए जाजपुर रोड अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकेश आचार्य ने गुरुवार को उनपर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. अभियोजन पक्ष के अनुसार सात जुलाई, 2020 को कई ग्रामीण जादू-टोना का संदेह जताते हुए उनपर हमला कर मार डाला था.

### पश्चिम एशिया घटनाक्रम से नई चुनौतियां पैदा हो रही हैं, पीएम ने जतायी चिंता, कहा-

# सबका साथ, सबका विकास जरूरी

- हमास-इजराइल संघर्ष में आम नागरिकों के मारे जाने की भारत ने की कड़े शब्दों में निंदा करता है : पीएम मोदी

**भाषा। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमास और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में आम नागरिकों के मारे जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से नई चुनौतियां उभर रही हैं और अब वक्त आ गया है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को पूरी दुनिया के व्यापक हित में मिल कर आवाज उठानी चाहिए. प्रधानमंत्री ने भारत द्वारा आयोजित दूसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' को वर्चुअल तौर पर संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने पश्चिम एशिया में हालात से निपटने के लिए बातचीत, कूटनीति तथा संयम बरतने पर जोर दिया है.

**संयम के साथ ही हमने बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया :** पीएम मोदी ने सम्मेलन में शामिल हुए नेताओं को भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी, जिसमें अहम जोर 'ग्लोबल साउथ' अथवा विकासशील देशों के समक्ष पेश आने वाली चुनौतियों से निपटने में रहा. उन्होंने कहा कि वैश्विक समृद्धि के लिए सबका साथ, सबका विकास जरूरी है. लेकिन हम सब देख रहे हैं कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से नयी चुनौतियां पैदा हो रही हैं. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए भयावह आतंकवादी हमले में निंदा की है. संयम के साथ ही हमने बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया है. हम हमास और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में आम नागरिकों के मारे जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं. उन्होंने पिछले महीने फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ फोन पर हुई बातचीत का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बातचीत के बाद हमने फिलिस्तीन के लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजी. अब वक्त आ गया है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को पूरी दुनिया के व्यापक हित में मिल कर आवाज उठानी चाहिए.


दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते पीएम.

### भविष्य के लिए हम पांच 'सी' के साथ आगे बढ़ें

प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन में पांच 'सी'- परामर्श, संचार, सहयोग, रचनात्मकता और क्षमता निर्माण के ढांचे के तहत सहयोग की अपील की. उन्होंने कहा कि 'एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य के लिए चलिए हम पांच 'सी' के साथ आगे बढ़ें.' 'एक पृथ्वी,एक कुटुंब,एक भविष्य' इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 का थीम था. उन्होंने 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' को 21वीं सदी की बदलती दुनिया को प्रतिबिम्बित करने वाला सर्वश्रेष्ठ मंच करार दिया. उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता वैश्विक स्तर पर जी20 को समावेशी और मानव-केन्द्रित बनाना थी. हमारा प्रयास था कि जी20 का लक्ष्य लोगों का, लोगों के द्वारा और लोगों के लिए विकास हो. इसी उद्देश्य के साथ हमने इस वर्ष जनवरी में पहली बार 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' का आयोजन किया. भारत के विभिन्न राज्यों में जी20 संबंधित 200 से अधिक बैठकें हुईं, जिसमें हमने ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को तरजीह दी.

### 'ग्लोबल साउथ' और 'नॉर्थ' के बीच दूरियां नहीं बढ़नी चाहिए

'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है, ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं. प्रधानमंत्री ने जी20 में अफ्रीकी संघ के शामिल होने का जिक्र भी किया. उन्होंने कहा कि मैं उस ऐतिहासिक क्षण को नहीं भूल सकता जब भारत के प्रयासों से अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया था. उन्होंने जी20 में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की चर्चा करते हुए कहा कि इस बार जी20 देशों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए धन देने पर महत्वपूर्ण गंभीरता दिखाई है साथ ही जी20 में 'ग्लोबल साउथ' के देशों को जलवायु परिवर्तन पर आसान शर्तों पर वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की सहमति बनी. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का मानना है कि नयी तकनीक से 'ग्लोबल साउथ' और 'नॉर्थ' के बीच दूरियां नहीं बढ़नी चाहिए. आज कृत्रिम मेधा के युग में तकनीक का जिम्मेदाराना तरीके से इस्तेमाल करने की बेहद जरूरत है.

#### 'क्या है 'ग्लोबल नॉर्थ' और 'ग्लोबल साउथ'

'ग्लोबल नॉर्थ' और 'ग्लोबल साउथ' की अवधारणा का उपयोग सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विशेषताओं के आधार पर देशों के समूह का वर्णन करने के लिए किया जाता है. संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुसार, ग्लोबल साउथ एक शब्द है, जिसमें मोटे तौर पर अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन, एशिया (इज़राइल, जापान और दक्षिण कोरिया के बिना), और ओशिनिया (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बिना) के देश शामिल हैं. व्यापार और विकास पर ग्लोबल साउथ के अधिकांश देशों की विशेषता कम आय, घनी आबादी, खराब बुनियादी ढांचा और अक्सर राजनीतिक या सांस्कृतिक हाशिए पर होना है. दूसरी ओर ग्लोबल नॉर्थ है. अंकटाड के अनुसार, इसमें मोटे तौर पर उत्तरी अमेरिका और यूरोप, इज़राइल, जापान और दक्षिण कोरिया, साथ ही ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं. इस प्रकार, ग्लोबल नॉर्थ और ग्लोबल साउथ शब्द उत्तर और दक्षिण की कार्डिनल दिशाओं को संदर्भित नहीं करते हैं क्योंकि ग्लोबल साउथ के कई देश भौगोलिक रूप से उत्तरी गोलार्ध में स्थित हैं.

### ग्लोबल साउथ की आवाज उठाने पर भारत को गर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दूसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' शिखर सम्मेलन का संदेश यह है कि 'ग्लोबल साउथ' अपनी स्वायत्तता चाहता है और वैश्विक मामलों में बड़ी जिम्मेदारियां लेने के लिए तैयार है. उन्होंने भारत की मेजबानी में आयोजित विकासशील देशों के दूसरे डिजिटल शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में यह टिप्पणी की. शिखर सम्मेलन में करीब 130 देशों के नेताओं की भागीदारी के बारे में मोदी ने कहा कि इससे यह संदेश निकला है कि 'ग्लोबल साउथ' वैश्विक मामलों में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है और वह स्वायत्तता चाहता है. 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित देश के रूप में जाना जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं.

## हमारा मकसद चीन से संबंधों को संभालना है : अमेरिका



**भाषा। सैन फ्रांसिस्को**

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बैठक के एक दिन बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनका इरादा चीन के साथ संबंधों को जिम्मेदारी से संभालना है. बाइडन ने एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) के मुख्यकार्यकारी अधिकारियों के शिखर सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि मेरा इरादा अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी से संभालना हैं, इसके बारे में कल मेरे और शी के बीच संक्षिप्त चर्चा हुई थी. पूरी दुनिया हमसे यही उम्मीद रख रही है और मेरा आपसे वादा है कि यह करेंगे. इससे एक दिन पहले अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों के बीच चार घंटे से भी अधिक समय तक द्विपक्षीय बातचीत हुई थी. उन्होंने कहा कि मैंने कल शी से मुलाकात की और इसका मकसद यह सुनिश्चित करना था कि हमारे बीच किसी प्रकार की गलतफहमी नहीं हो. मैंने उनसे दुनिया के किसी भी नेता से अधिक मुलाकात की है क्योंकि जब मैं उपराष्ट्रपति था तब मुझ पर उनके बारे में और जानने समझने की जिम्मेदारी थी. अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि शी के साथ उनकी चर्चा हमेशा स्पष्ट और रचनात्मक रही है.

### उत्तराखंड हादसा : अमेरिकी ऑगर मशीन हुई खराब, झारखंड के 15 मजदूर भी फंसे हुए हैं

# मजदूरों को निकालने का ऑपरेशन फिर रुका

**भाषा। उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी की सुरंग में फंसे मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के बचाव अभियान को शुक्रवार दोपहर कुछ देर के लिए रोक दिया गया. सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए इस्तेमाल की जा रही ड्रिलिंग मशीन पर मलबा गिरने के बाद यह कदम उठाया गया है. सुरंग में पांचवीं ट्यूब डालते ही मलबा मशीन पर गिरने लगा. इसके तुरंत बाद बचावकर्मी सुरंग से बाहर निकले और ऑपरेशन को लगभग एक घंटे के लिए रोक दिया गया. सूत्रों के मुताबिक, बचाव अभियान में इस्तेमाल लाई जा रही अमेरिकी ऑगर मशीन में तकनीकी खराबी आ गई है. मशीन आगे नहीं बढ़ पा रही है. मशीन का बेयरिंग खराब हो रहा है. कहा जा रहा है कि अब तक मशीन सिर्फ 24 मीटर तक ही ड्रिल करके पाइप डाल पाई है. शुक्रवार को अब तक सिर्फ छह मीटर तक ही पाइप सुरंग के भीतर जा चुका है. इस बीच इंदौर से एडवांस ऑगर मशीन मंगाई जा रही है. रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वे टीम 103 मीटर के वर्टिकल अप्रोच को भी तलाश रही है.

**200 मीटर अंदर फंसे हैं मजदूर :** मजदूर सुरंग के एंट्री प्वॉइंट से करीब 200 मीटर अंदर फंसे हैं. जहां मजदूर फंसे हैं, वहां ठीक उनके आगे 50 मीटर से ज्यादा मलबा है. रेस्क्यू टीम के लिए मुश्किल इस बात की है कि टनल का ये हिस्सा बेहद कमजोर है. जैसे ही मजदूरों को निकालने के लिए मलबा निकालने की कोशिश होती है, मलबा फिर से टनल में गिर जाता है.



### बांग्लादेशी तट से टकराएगा 'मिधिली'

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र शुक्रवार को एक चक्रवाती तूफान में बदल गया और 80 किमी प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार के साथ इसके बांग्लादेश के तट पर पहुंचने से पहले सुंदरवन से गुजरने के आसार हैं. एक बुलेटिन में कहा गया है कि चक्रवाती तूफान 'मिधिली' 17 नवंबर की रात या 18 नवंबर की सुबह बांग्लादेश तट को पार कर सकता है. राष्ट्रीय मौसम एजेंसी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना क्षेत्र शुक्रवार सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर पारादीप से लगभग 190 किमी पूर्व, दीघा से 200 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व और खेपुपाड़ा से 220 किमी दक्षिण पश्चिम में केंद्रित था.

### कार्रवाई : जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में 18 घंटे तक चली मुठभेड़ हुई खत्म

# मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकवादी ढेर

**भाषा। श्रीनगर**

सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में रात भर चली मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पांच आतंकवादियों को मार गिराया. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. कुलगाम जिले में 18 घंटे तक चली मुठभेड़ खत्म होने के बाद कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरदी ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं और इलाके की छानबीन की जा रही है. बिरदी ने कहा कि ड्रोन फुटेज के जरिए आतंकवादियों के शव पता लगाए गए. अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने कुलगाम के नेहामा गांव में घेराबंदी की और तलाश अभियान शुरू किया. उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई. अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी वाले क्षेत्र के चारों ओर कड़ी घेराबंदी कर रखी थी, लेकिन रात के समय इस अभियान को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा. अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के नेहामा इलाके के समनो में रात भर शांति रहने के बाद शुक्रवार तड़के गोलीबारी हुई. उन्होंने कहा कि जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, आज सुबह हुई गोलीबारी में उसमें आग लग गई, जिससे आतंकवादियों को बाहर निकलना पड़ा.




### मिली सफलता
- गांव में घेराबंदी कर किया गया था अभियान शुरू
- आतंकवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं

**मारे गए आतंकवादियों की पहचान :** मारे गए आतंकवादियों की पहचान समीर अहमद शेख (पीएएफएफ), यासिर बिलाल भट, दानिश अहमद ठोकर, हंजुल्ला याकूब शाह और उबैद अहमद पैडर (टीआरएफ) के रूप में हुई है. शेख ने 2021 में आतंकवाद की दुनिया में कदम रखा था जबकि अन्य पिछले साल या इस वर्ष इसमें शामिल हुए थे.

### राजौरी मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शुक्रवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया. अधिकारियों ने बताया कि बुद्धल तहसील के गुलेर-बेहरोटे इलाके में सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक संयुक्त टीम ने घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) चलाया था और इसी दौरान सुबह मुठभेड़ हुई.



सैन साल्वाडोर में मिस यूनिवर्स सौंदर्य प्रतियोगिता में राष्ट्रीय पोशाक प्रतियोगिता में मिस इंडिया श्वेता शारदा ने भाग लिया. - फोटो : पीटीआई



# सत्ता का सेमीफाइनल







तेलंगाना में कांग्रेस का शपथ पत्र जारी. इस दौरान कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष खड़गे के साथ अन्य नेता मौजूद थे.



भोपाल में एक मतदान केंद्र पर अपना वोट करने आई एक बुजुर्ग महिला.




मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में मतदान के बाद अपनी खुशी का इजहार करती महिलाएं.

# तेलंगाना में कांग्रेस के लिए समर्थन का 'तूफान' आने वाला है: राहुल गांधी

**भाषा। हैदराबाद**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के लिए समर्थन का 'तूफान' आने वाला है और राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) बुरी तरह हारेगी. राहुल गांधी ने खम्मम जिले के पिनापाका में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि बीआरएस का भ्रष्टाचार पूरे राज्य में देखा जा सकता है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला लक्ष्य तेलंगाना में जनता की सरकार बनाना और उसके बाद केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता से हटाना है.



कांग्रेस नेता ने कहा, केसीआर (के. चंद्रखेशर राव) को पता चल गया है कि तेलंगाना में कांग्रेस का 'तूफान' आने वाला है. ऐसा तूफान आने वाला है कि केसीआर और उनकी पार्टी तेलंगाना में नजर नहीं आएगी. उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री पूछते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने किया क्या है? मुख्यमंत्री साहब, जिस स्कूल और कॉलेज में आपने पढ़ाई की, उसे कांग्रेस ने बनाया. जिन सड़कों पर आप यात्रा करते हैं, वे सड़कें कांग्रेस ने बनाई हैं. राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना के युवाओं के समर्थन से विकास किया. उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस ही थी जिसने तेलंगाना राज्य बनाने का वादा पूरा किया और हैदराबाद को दुनिया की आईटी राजधानी बनाया. उन्होंने कहा कि मुकाबला दोराला (सामंती) तेलंगाना और प्रजाला (जनता) तेलंगाना के बीच है. उन्होंने आरोप लगाया कि शराब और रेत समेत सभी विभाग जहां से पैसा बनता मुख्यमंत्री के परिवार के हाथों में हैं.

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि लोग जब एक अलग राज्य चाह रहे थे, तब उन्होंने जनता के तेलंगाना का सपना देखा था, लेकिन केसीआर केवल एक परिवार के सपने को पूरा कर रहे हैं. उन्होंने केसीआर पर कालेश्वरम परियोजना के निर्माण के नाम पर लोगों से एक लाख करोड़ रुपये लूटने का आरोप लगाते हुए कहा, उनके (केसीआर के) भ्रष्टाचार के उदाहरण तेलंगाना के कोने-कोने में देखे जा सकते हैं. राहुल गांधी ने हाल में यह खबर आने के बाद कालेश्वरम परियोजना के मेदिगड्डा बैराज का दौरा किया था कि बैराज के खंभे डूब गए हैं.

## मैं मध्य प्रदेश सीएम पद की दौड़ में नहीं हूं: सिंधिया

**ग्वालियर।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री व भाजपा के नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि वह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं. सिंधिया ने शुक्रवार को ग्वालियर के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला. उन्होंने कहा, मैंने आपको (मीडिया को) पहले भी बताया है कि मैं मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हूं. मैं न तो पहले इस दौड़ में था और न ही आज. आपने 2013 में, 2018 में और इस चुनाव में भी मुझसे बार-बार पूछा और मैंने भी आपसे यही कहा. सिंधिया ने यह भी कहा कि राज्य के लोग अपने भविष्य को सुरक्षित करने, विकास और प्रगति के लिए भाजपा को पूर्ण बहुमत से इस चुनाव में जीत दिलाएंगे.

# राजस्थान में भाजपा बिखरी हुई पार्टी: प्रियंका

**भाषा। जयपुर**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने राजस्थान में भाजपा को बिखरी हुई पार्टी बताते हुए कटाक्ष किया कि यहां के बड़े-बड़े नेताओं को किनारे कर दिया गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं. वे सागवाड़ा (डूंगरपुर) में चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं. उन्होंने कहा, आज अगर आप भाजपा को देखें तो वह राजस्थान में बिखरी हुई पार्टी है. उनसे पूछिए कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका चेहरा कौन है? वे इसका भी जवाब नहीं दे सकते. प्रधानमंत्री मोदी जी प्रदेश के कोने-कोने में घूम रहे हैं. कभी-कभी लगता है कि वे अपने मुख्यमंत्री का



चेहरा ढूंढ़ने निकले हैं. कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि उन्हें अपने नेताओं पर विश्वास नहीं है, वे अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं. प्रियंका ने कहा, तो आपका प्रदेश चलाएगा कौन? मोदी जी तो दिल्ली से नहीं आएंगे इसे चलाने के लिए. इसे चलाने के लिए राजस्थान का कोई चाहिए. उनके बड़े बड़े नेताओं को परे कर दिया गया है. वे अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं. प्रियंका ने कहा,आपने गहलोत की सरकार देखी है. पांच साल से जैसा कि गहलोत कहते रहे हैं- आप मांगते-मांगते थक जाओगे, लेकिन मैं देने में नहीं थकूंगा. उनकी यह नीयत है. कांग्रेस पार्टी का यही सिद्धांत है. लोगों से सोच समझ कर वोट करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राजनीति में जज्बातों और धर्म का इस्तेमाल हो रहा है, तो आपको सावधान होना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि देश में किसान परेशान हैं और लोग महंगाई से त्रस्त हैं.

# प्रियंका मनोरंजन के लिए मध्य प्रदेश आती हैं: चौहान

**भाषा। भोपाल**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान फिल्मी चरित्रों से उनकी तुलना करने की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह मध्य प्रदेश में मनोरंजन और लोकतंत्र एवं लोगों का अपमान करने आती हैं. मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए जाने से पहले चौहान ने सीहोर जिले के जैत में अपने पैतृक आवास पर कहा कि कांग्रेस तो गंभीर है ही नहीं. मैं प्रियंका गांधी से सवाल करना चाहता हूं कि क्या फिल्मों में



एक्टिंग करना यहां मुद्दा है?, क्या जय और वीरू चुनाव का मुद्दा है?, क्या मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) के नाम पर फिल्म बन जाए ये मुद्दा है? अरे मजाक बना दिया चुनाव का. ये लोकतंत्र का अपमान है, जनता का अपमान है. राज्य की सभी 230 विधानसभा सीटों के लिए आज सुबह सात बजे मतदान चल रहा है.

चौहान ने चुनाव प्रचार के दौरान प्रिंयका की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा, वो (प्रियंका गांधी) गंभीर है ही नहीं. वो चुनाव को, लोकतंत्र को, जनता को मनोरंजन समझती हैं.

## मप्र में भाजपा को 150 से ज्यादा सीट पर मिलेगी जीत : कैलाश

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** भाजपा महासचिव और इंदौर-1 क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार कैलाश विजयवर्गीय ने शुक्रवार को वोट डाला और दावा किया कि राज्य में उनका दल कुल 230 में से 150 से ज्यादा विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करके सत्ता में बरकरार रहेगा. विजयवर्गीय ने अपने नंदानगर स्थित घर में पूजा-पाठ के बाद एक सरकारी महाविद्यालय में बने स्मार्ट मतदान केंद्र में वोट डाला. मतदान के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हम राज्य में 150 से ज्यादा सीट जीतकर एक बार फिर सरकार बनाने जा रहे हैं.

# सांप्रदायिक कट्टरता ही जानती है भाजपा, इसे वोट न दें : सीएम



**भाषा। करीमनगर (तेलंगाना)**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सांप्रदायिक कट्टरता के अलावा कुछ भी नहीं जानती है और उन्होंने लोगों से उसे (भाजपा को) वोट न देकर सबक सिखाने का अनुरोध किया. राव ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बिना किसी का नाम लिए कहा, हिंदू धर्म के नाम पर लोगों के बीच मतभेद उत्पन्न किये जा रहे हैं और सवाल किया कि क्या देश में ऐसी स्थिति की जरूरत है. कांग्रेस को 'धोखेबाज पार्टी' बताते हुए उन्होंने कहा कि इसने 58 वर्षों तक तेलंगाना के लोगों को परेशान किया और आरोप लगाया कि 1969 में अलग राज्य के लिए आंदोलन में 400 लोगों की गोली मारकर जान ले ली गई थी. उन्होंने यह भी कहा कि देश में मस्जिदें खोदी जा रही हैं और सवाल किया कि क्या अच्छी संस्कृति वाला कोई व्यक्ति ऐसा करेगा. उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट नहीं देने की अपील करते हुए कहा, लोगों को भारतीय जनता पार्टी के बारे में सोचना चाहिए.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# इंटीग्रेटेड एमबीए कर विद्यार्थी चुन सकते हैं अपना कॅरियर

इंटीग्रेटेड एमबीए एक बिजनेस डिग्री है, जो कि आईपीएम (इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट) के नाम से जानी जाती है. यह एक पांच वर्षों की अवधि वाला इंटीग्रेटेड प्रोग्राम है, जोकि अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री (बीबीए एमबीए) से मिलकर बना कोर्स है. विद्यार्थी अपनी 12वीं (10 2) कक्षा के बाद इस कोर्स में एडमिशन प्राप्त कर सकते हैं. इस कोर्स का मुख्य फोकस विद्यार्थियों को बिजनेस मैनेजमेंट में एक सर्वश्रेष्ठ डिग्री उपलब्ध करवाना है. इंटीग्रेटेड एमबीए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कोर्सेज की सूची में शामिल है और विश्व भर से बहुत सारे विद्यार्थी इस कोर्स के लिए आवेदन करते हैं. पढ़ाई पूरी होने के बाद एक अच्छा सैलरी पैकेज प्राप्त करना हो, किसी कंपनी में मैनेजमेंट में अच्छा पद हासिल करना, एक अच्छे नेटवर्क का विस्तार करना हो या फिर स्वयं का अपना बिज़नेस ये कुछ कारण है जिसकी वजह से विद्यार्थी इंटीग्रेटेड एमबीए को चुनते हैं.

## एडवांस व फ्लेक्सिबल मैनेजमेंट स्किल्स

- इस डिग्री को प्राप्त करते समय आप ऐसी स्किल्स सीखते हैं, जिनकी सहायता से आप अच्छी मैनेजमेंट स्किल्स को विकसित कर पाते हैं.
- एमबीए डिग्री की पढ़ाई आपको आपके कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलने को मजबूर कर देगी. आप सबसे नए बिज़नेस ट्रेंड्स को सीखेंगे, मैनेजमेंट टूल्स और तकनीक का प्रयोग करेंगे, अपने बिजनेस को बेहतर बनाने के लिए आप चुनौतियों का सामना करना सीखेंगे.

## एक व्यापक बिज़नेस नेटवर्क तक पहुंच

- एमबीए डिग्री के छात्र के रूप में आपके पास नेटवर्क के बेहतरीन अवसर उपलब्ध होते हैं.
- विद्यार्थी के रूप में आप अपने साथियों, अपने प्रोफेसर, अपने टीचिंग स्टाफ के साथ रहकर सीखते हैं.
- अच्छे मैनेजमेंट और अनुभव वाले व्यक्तियों के साथ मिलते जुलते हैं.
- इन सब गतिविधियों के बीच आपकी बिज़नेस मैनेजमेंट की क्षमताओं का विकास होता है.



## स्वयं की कंपनी खड़ी करना

- अधिकतर विद्यार्थी इसलिए इंटीग्रेटेड एमबीए कोर्स को चुनते हैं क्योंकि वे एक बिजनेसमैन बनना चाहते हैं और सीखना चाहते हैं कि किस प्रकार एक बिजनेस को बढ़ाया जाए.
- आपके प्रोफेसर्स आपको उन गलतियों को दोहराने से रोकेंगे जो उन्होंने अपने रीयल-लाइफ अनुभवों से सीखी होती है और जिनसे कंपनी को कोई नुकसान हो.
- वे आपको ये जानने में मदद करेंगे कि आपको क्या करना चाहिए और आपकी कंपनी समय के साथ बढ़ती रहे और स्टेबल रहे.

## जॉब मार्केट में अधिकतम सैलरी पैकेज

- इंटीग्रेटेड एमबीए डिग्री के विद्यार्थियों की सैलरी कुछ सबसे ज़्यादा सैलरी पैकेज पाने वाले लोगों में से एक है. जॉब सिक्योरिटी और ऊंची सैलरी ये दोनों इंटीग्रेटेड एमबीए डिग्री के अधिकतम फायदा देने वाले कारण है.
- एमबीए डिग्री के छात्रों की अन्य मास्टर डिग्रियों की तुलना में सबसे ज्यादा सैलरी होती है.

## इंटीग्रेटेड एमबीए में स्पेशलाइजेशन

**एमबीए डिग्री प्राप्त करने के लिए आपके पास उपलब्ध विकल्पों की भरमार है. अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान की वजह से कई सारी यूनिवर्सिटीज़ और बिजनेस स्कूल्स ने इंटीग्रेटेड एमबीए डिग्री के लिए प्रोग्राम्स की एक डाइवर्स रेंज विकसित की है. वर्ल्ड बिजनेस ट्रेंड्स को देखकर कई सारे स्पेशलाइज़ प्रोग्राम उनके अनुसार सिखाएं जाते हैं जैसे:**

- जनरल मैनेजमेंट: यह इंटीग्रेटेड एमबीए की सबसे लोकप्रिय स्पेशलाइजेशन है. एक बहुमुखी (वर्सेटाइल) बिजनेस वातावरण के लिए सबसे अधिक प्रभावशाली और बेहतर है.
- इंटरनेशनल बिजनेस: यदि आप अब्रॉड (विदेश) में कार्य करना चाहते हैं या फिर एक विश्व स्तर की कंपनी में अलग अलग जगहों पर कार्य करना चाहते हैं यह कोर्स आपके लिए सही है. जिस प्रकार से ग्लोबल बिजनेस का विस्तार हो रहा है, यह आपके लिए अच्छा विकल्प साबित हो सकता है.
- स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट: इस स्पेशलाइजेशन में आप लॉन्ग टर्म बिजनेस प्लानिंग के बारे में और बैकअप प्लानिंग के बारे में अधिक सीखते हैं.
- फाइनेंस: बैंकर्स, फाइनेंस कंट्रोलर्स, फाइनेंशियल ऑफिसर्स और इससे जुड़े मैनेजर्स के लिए सबसे बेहतर विकल्प. इस कोर्स में आप अकाउंटिंग, डाटा एनालिसिस, स्टेटिक्स और अन्य चीजों के बारे में सीखते हैं.
- मार्केटिंग: यह स्पेशलाइज़ेशन उस कार्य पर अधिक ज़ोर देती है, जिसमें कोई प्रोडक्ट या सर्विस को बढ़ावा दिया जाता है.
- एंटरप्रेन्योरशिप: यदि आप अपना बिजनेस, स्टार्टअप या फिर नया प्रोडक्ट लॉन्च करना चाहते हैं तो आप इस स्पेशलाइज़ेशन को चुन सकते हैं.
- ऑपरेशंस मैनेजमेंट: उन मैनेजर्स के लिए उपयोगी जो प्रोडक्शन से जुड़े होते हैं.
- आईटी मैनेजमेंट: यदि आप टेक्नोलॉजी सेक्टर के बिजनेस से जुड़े हुए हैं, तो ये स्पेशलाइज़ेशन आपके लिए सर्वाधिक उपयोगी है. यह स्पेशलाइज़ेशन डाटा के एनालिसिस और प्रोडक्ट डेवलपमेंट पर आधारित है.
- ह्यूमन रिसोर्सेज: ये लोगों के बड़े समूह के बीच कार्य करने में सहायता प्रदान करती है जैसे एचआर टीम्स का इंचार्ज होना या फिर एंप्लॉयज के ग्रुप के साथ कार्य करना. इसका टीम डेवलपमेंट, मोटिवेशन, जॉब की जिम्मेदारियों से अवगत करवाना जैसे कार्यों पर अधिक फोकस है.
- कंसल्टिंग: कंपनी को जिन चुनौतियों का सामना करना होता है उसके लिए बाहरी राय देने की भूमिका आप इस कोर्स की सहायता से एक कंसलटेंट के तौर पर काम करके निभा सकते हैं.

## इंटीग्रेटेड एमबीए के लिए टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रोहतक
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जम्मू
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बोध गया
- जेवियर यूनिवर्सिटी
- नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट और मैनेजमेंट स्टडीज
- मुंबई यूनिवर्सिटी
- लखनऊ यूनिवर्सिटी
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी
- जिंदल ग्लोबल बिजनेस स्कूल
- एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई
- एलपीयू जालंधर
- जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी, गुड़गांव

## भारतीय एंट्रेंस एग्जाम

- एमसीईआर सेट
- आउट ईटी
- आईसीएआर एआईईईए
- सीयूसीईटी
- आईपीयू सेट
- केआईआईटीईई सीबीए
- एलयूसीएसएटी बीसीए
- बीयू एमएटी
- आरयूईटी
- एनएमयू यूजी सेट
- जीएसएटी
- एलयूसीएसएटी
- एआईएमए यूजीएटी

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)